लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष -34, अंक -140, पृष्ठ -14+4, मूल्यः -5 रुपये

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, योग : नियोग का सुयोग व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



www.amritvichar.com

आज का मौसम | अधिकतम तापमान 45.0° | न्यूनतम तापमान 32.0° | तेज धूप के साथ लू चलने की संभावना। | सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 07 : 03

लखनऊ, रविवार, 16 जून 2024

सिंघम अगेन और भूलभुलैया-3 की होगी टक्कर...14

पिता की इच्छा पर आईसीयू में कराया गया बेटियों का निकाह

एरा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने गंभीर बीमारी से जूझ रहे पिता के सपने को किया साकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में एक अनोखी शादी का मामला प्रकाश में आया है। ऐसी शादी फिल्मों को छोड़कर शायद ही कहीं देखी या सुनी गई होगी। हरदोई रोड स्थित एरा मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में मुस्लिम रीति रिवाज के साथ दो बेटियों का निकाह गुरुवार व शुक्रवार को हुआ है। डॉक्टर और नर्स उनकी शादी के गवाह बने। निकाह की रस्म मौलाना ने पूरी कराई। दो बेटियों के निकाह की रस्म पूरी होते देख गंभीर बीमारी से जूझ रहे पिता इकबाल की आंखों से जैसे गंगा-जमुना बह निकलीं।

एरा मेडिकल के आईसीयू में निकाह कराते मौलाना।

सैयद मोहम्मद जुनेद इकबाल गंभीर बीमारी के कारण लंबे समय से बीमार थे। उन्हें एरा मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में दाखिल कराया गया था। इकबाल की तबीयत पिछले 2 दिन से ज्यादा बिगड़ने लगी थी। इधर दोनों बेटियों के निकाह की तारीख पहले से तय थी। डॉक्टर

- **डॉक्टर और नर्स बने गवाह मौलाना ने पूरी कराई रस्म**

से इकबाल को डिस्चार्ज करने की गुहार लगाई, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद इकबाल ने डॉक्टर से दोनों बेटियों के निकाह करवाने की ख्वाहिश जाहिर की। मेडिकल कालेज प्रबंधन ने मरीज़ की इच्छा का सम्मान करते हुए शादी करने की इजाजत दे दी। शादी के दौरान आईसीयू में मरीज की दोनों बेटियां और उनके होने वाले दामाद और मौलाना कारी जरीफ को ही अंदर आने की अनुमति मिली। चंद लम्हों के बाद इकबाल के सामने ही उनकी दोनों बेटियों का निकाह संपन्न करा दिया गया।

अफसरों के बगैर कैसे होंगे निकाय उप चुनाव

रमेश चन्द्र, लखनऊ

उप चुनाव घोषित पर सरकार ने नहीं की मांगे गए सभी अफसरों की तैनाती

अमृत विचार : प्रदेश में शहरी निकायों की खाली सीटों पर उप चुनाव की घोषणा तो हो गई है, पर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग में जरूरत भर अफसर ही नहीं हैं। आयोग की ओर से मांगें गए अफसरों में अब तक केवल एक की तैनाती की गई है। ऐसे में चुनाव को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के दौरान ही आयोग की ओर से राज्य सरकार से अफसरों की तैनाती की मांग की गई थी। राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह ने इस सिलसिले में राज्य सरकार को पत्र लिखा था। सूत्रों के अनुसार राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आयोग में स्वीकृत पदों के अनुरूप अफसरों की तैनाती किए जाने की मांग की थी, पर एक ही अफसर की तैनाती हो सकी है।

आयोग में राज्य निर्वाचन आयुक्त के अधीन कार्य करने वाले अफसरों में एक अपर निर्वाचन आयुक्त, तीन संयुक्त निर्वाचन आयुक्त, दो उप निर्वाचन आयुक्त, दो सहायक निर्वाचन आयुक्त व तीन उप सचिव के पद हैं। वर्तमान में आयोग में एक सचिव, एक लेखाधिकारी व हाल ही तैनात एक अफसर भी शामिल हैं। इस सिलसिले में पूछे जाने पर आयोग के सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अधिकारियों की तैनाती के लिए सरकार को 'रिमांडर' भेजा है।

29 नगर निकायों में सदस्यों के पद पर हो रहे चुनाव : घोषित चुनाव कार्यक्रम के तहत प्रदेश की 29 नगर निकायों में खाली पड़े सदस्यों के लिए चुनाव होना है। नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन की अंतिम तारीख 22 जून है। आठ जुलाई को मतदान होगा, जबकि मतगणना 10 जुलाई को होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर तैनाती नहीं

राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह ने 21 मार्च 2024 को निदेशक स्थानीय निकाय के मुख्य निर्वाचन अधिकारी होने की पुरानी व्यवस्था समाप्त कर दी थी। नए आदेश के तहत आयोग के संयुक्त निर्वाचन आयुक्त को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नगर स्थानीय निकाय बनाया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अधीन नगर निगमों, नगर पालिका व नगर पंचायतों के निर्वाचन से संबंधित कार्यों के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में इस पद भी कोई अधिकारी तैनात नहीं है।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के. बनावटी हींग

हर समझदार गृहणी की पसन्द

51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर

फोनः 9519456555, 9695416555

रुद्रप्रयाग में टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिरा, 14 पर्यटकों की मौत

ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर रैंतोली के समीप हुआ हादसा, 12 गंभीर रूप से घायल

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक टेंपो ट्रैवलर 250 मीटर नीचे अलकनंदा नदी किनारे गिर गया। इसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा व दिल्ली के पर्यटक थे। हादसे में 10 पर्यटकों की मौके पर जबकि 4 की अस्पताल में मौत हो गई। 12 गंभीर घायल हैं, इनमें पांच को एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया। हादसे की वजह चालक को झपकी आना बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों, दिल्ली और हरियाणा के 23 पर्यटक एवं वाहन स्टाफ (दो चालक व एक क्लीनर) का दल चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला के लिए जा रहा था। उनका टेंपो ट्रैवलर शनिवार की सुबह लगभग 11:30 बजे ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर रैंतोली के समीप

घायल युवक का हालचाल जानते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- **चोपता-तुंगनाथ ट्रैकिंग के लिए जा रहा था दल, उप्र, दिल्ली, हरियाणा के रहने वाले थे पर्यटक**

अनियंत्रित होकर अलकनंदा नदी के किनारे गिर गया। घटनास्थल के समीप रेलवे प्रोजेक्ट में काम कर रहे कर्मचारियों ने सूचना पुलिस को दी। एसडीआरएफ व पुलिस टीमें पहुंचीं। तब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी थी। 16 घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में सात को एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स भेजा गया। उपचार के दौरान दो की एम्स और दो की रुद्रप्रयाग जिला अस्पताल में मौत हो गई। टेंपो ट्रैवलर में 26 पर्यटक सवार थे। एसपी विशाखा अशोक ने बताया कि पर्यटकों को बचाने गए रेलवे प्रोजेक्ट में कार्यरत एक मजदूर भी नदी में बह गया जबकि दो ने नदी पार कर ली।

मुख्यमंत्री धामी ने जाना घायलों का हाल, जांच के दिए आदेश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने एम्स प्रबंधन से कहा कि जरूरी होने पर घायलों को एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर भेजें। उन्होंने कहा कि रैंतोली हादसे में 14 पर्यटकों की मौत अत्यंत पीड़ादायक है। मृत आत्माओं को ईश्वर शांति प्रदान करें और बाबा केदार घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दें। उन्होंने कहा कि रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी को घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

जान गंवाने वालों में चार उत्तर प्रदेश के रहने वाले

लखनऊ। रुद्रप्रयाग के हादसे में जान गंवाने वाले 14 पर्यटकों में 4 उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। हादसे में प्रदेश के सात अन्य लोग घायल हुए हैं। प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन के मुताबिक मृतकों की पहचान स्मृति त्रिपाठी, मोहिनी पांडेय (प्रतापगढ़), स्मृति शर्मा (सोनभद्र) और आकांक्षा (झांसी) के रूप में हुई है। घायलों में आदित्य और छवि (झांसी), वंदना शर्मा और शुभम सिंह (गौतमबुद्धनगर), नमिता शर्मा (झांसी), लक्ष्य अग्रवाल (मथुरा) और महिमा त्रिपाठी शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है।

एक नजर

स्वर्ण मंदिर में रील्स और वीडियो बनाने पर प्रतिबंध

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में रील्स वीडियो बनाने और तस्वीरें लेने पर प्रतिबंध लगाया है। प्रतिबंध शुक्रवार से लागू हो गया है। प्रबंधन समिति के सदस्य और कानूनी सलाहकार एडवोकेट भगवंत सिंह सियालका ने कहा कि प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है क्योंकि पवित्र स्थान का उपयोग विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों द्वारा पिकनिक स्पॉट या सेल्फी पॉइंट के रूप में किया जाता है। उन्होंने कहा कि कई बार सोशल मीडिया पर कुछ ऐसी रील्स देखने को मिलती हैं, जो उचित नहीं होती हैं।

युवा एवं बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा

नई दिल्ली। साहित्य अकादमी ने शनिवार को अंग्रेजी लेखिका के. वैशाली और हिंदी लेखक गौरव पांडेय समेत 23 लेखकों के नामों की घोषणा की, जिन्हें विभिन्न भाषाओं में प्रतिष्ठित युवा पुरस्कार मिलेगा। साहित्य अकादमी ने 2024 के लिए बाल साहित्य पुरस्कार के 24 विजेताओं के नामों की भी घोषणा की। संस्कृत में युवा पुरस्कार के विजेता की घोषणा बाद में की जाएगी। साहित्य अकादमी के कार्यकारी बोर्ड ने शनिवार को अपने अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में हुई बैठक में 23 लेखकों के चयन को मंजूरी दी। के. वैशाली को उनके संस्मरण होमलेसः ग्रोइंग अप लेस्बियन एंड डिस्लेक्सिक इन इंडिया के लिए जबकि गौरव पांडेय को उनके कविता संग्रह स्मृतियों के बीच घिरी है पृथ्वी के लिए सम्मानित किया जाएगा। युवा पुरस्कार विजेताओं को एक समारोह में एक पट्टिका और 50,000 रुपये का चेक दिया जाएगा। बाल साहित्य पुरस्कार के लिए अंग्रेजी लेखिका नंदिनी सेनगुप्ता को उनके ऐतिहासिक उपन्यास द ब्लू हॉर्स एंड अदर अमेजिंग एनिमल स्टोरीज फ्रॉम इंडियन हिस्ट्री और देवेन्द्र कुमार के बच्चों की कहानियों के संग्रह 51 बाल कहानियां के लिए चुना है।

हरियाणा से पानी छोड़ने की अपील

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं मंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने हरियाणा से मानवीय आधार पर यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़ने का आग्रह किया है। दिल्ली की जल मंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुनक नहर और वजीराबाद जल शोधन संयंत्र में पानी की कमी के कारण राष्ट्रीय राजधानी में शोधित जल का उत्पादन करने में सात करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) की कमी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सामान्य रूप से (शोधित) जल का उत्पादन लगभग 1,002 एमजीडी होता है, जो शुक्रवार को घटकर 932 एमजीडी रह गया। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने मानवीय आधार पर हरियाणा से राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को ऊपरी यमुना नदी बोर्ड की बैठक में दिल्ली में जल संकट का कोई समाधान नहीं निकल सका। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश अपने द्वारा उपयोग नहीं किया गया पानी दिल्ली को देने के लिए तैयार है।

छत्तीसगढ़ में आठ नक्सली मारे गए, एक जवान शहीद

नारायणपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं और एसटीएफ का एक जवान शहीद तथा दो अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि माओवादियों के ''माड़ डिविजन तथा पीएलजीए कंपनी'' नंबर 1 के सदस्यों की सूचना पर नारायणपुर के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के तहत अबुझमाड़ के कुतुल, फरसबेड़ा और कोड़तामेटा गांव के जंगल में दो दिनों पहले सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

उन्होंने बताया कि अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव-कांकेर-दन्तेवाड़ा जिले का डीआरजी, विशेष कार्य बल, आईटीबीपी की 53वीं वाहिनी और बीएसएफ की 135वीं वाहिनी के जवान शामिल थे। शनिवार सुबह 7 बजे कई बार कुतुल, फरसबेड़ा और कोड़तामेटा के जंगल में सुरक्षा बलों और माओवादियों में मुठभेड़ हुई और एसटीएफ के आरक्षक नितेश एक्का (27), कैलाश नेताम (33) और लेखराम नेताम (28) घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया लेकिन आरक्षक नितेश एक्का की मौत हो गई। अन्य दो घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है तथा वे खतरे से बाहर हैं। पुलिस के अनुसार सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से 8 नक्सलियों के शव, इंसास रायफल, .303 रायफल, एक बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) सहित भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामान बरामद किया है।

नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के दौरान घायल सुरक्षाकर्मी।

- **नक्सल प्रभावित जिले नारायणपुर में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़**
- **घायलों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया रायपुर, स्थिति खतरे से बाहर**

केजरीवाल की सुनवाई से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया से हटाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- **केजरीवाल की पत्नी सुनीता समेत छह लोगों और एक्स, मेटा यूट्यूब को दिल्ली हाईकोर्ट ने दी नोटिस**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति मामले से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से संबंधित अदालती कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग विभिन्न सोशल मीडिया मंचों से हटाने का शनिवार को निर्देश जारी किया। वीडियो में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल एक अधीनस्थ अदालत में अपनी बात रखते नजर आ रहे हैं। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की खंडपीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनीता केजरीवाल समेत छह लोगों और सोशल मीडिया मंच एक्स, मेटा और यूट्यूब को नोटिस जारी किए हैं।

पीठ ने अपने छह पन्नों के आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया यह पाया गया है कि अदालती कार्यवाही की रिकॉर्डिंग दिल्ली उच्च न्यायालय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियम, 2021 के नियम 3(6) का उल्लंघन है और इसे सार्वजनिक रूप से सुलभ रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

नीट-यूजी रद करने और सीबीआई जांच की अपील

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2024 को रद करने और पांच मई को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं की शीर्ष अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने अपील की गई है। इस परीक्षा में शामिल हुए 20 छात्रों द्वारा दायर याचिका में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य को परीक्षा नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने की भी अपील की गई है।

सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

प्रदेश में ड्रोन व एयरोस्पेस उद्योग को मिल सकती नई दिशा

कार्यालय संवाददाता

अमृत विचार: उप्र में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एसोचैम की पहल पर आयोजित दो दिवसीय उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव के पहले दिन द्विपक्षीय व्यापार पर चर्चा हुई। शनिवार को स्थानीय होटल क्लार्क्स अवध में आयोजित इस कानक्लेव में विदेशी डेलीगेट्स ने यहां ड्रोन और एयरोस्पेस के क्षेत्र अपार संभावना जताई। कानक्लेव में मौजूद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अब उप्र. में निवेश का बेहतर माहौल है। निवेशकों को आमंत्रित करते हुए उनके समक्ष उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास कार्यों की नई तस्वीर रखी।

लखनऊ स्थित एक होटल में आयोजित इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्क्लेव में मौजूद विभिन्न देशों के प्रतिनिधि। अमृत विचार

सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि हम वैश्विक व्यापार के नए युग की ओर बढ़ रहे हैं। एसोसिएट चैंबर के अध्यक्ष ई. डीपी सिंह ने विदेशी मेहमानों को संसाधनों की उपलब्धता और आयात-निर्यात की सुगमता की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने प्रदेश के ऐसे उद्योगों को दूसरे देशों में स्थापित करने का प्रस्ताव रखा

- **उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव शुरू**

जिससे लिए यूपी में कच्चा माल और संसाधन भरपूर है।एसोसिएट चैंबर की मैनेजिंग कमेटी के सदस्य सीए अर्पित गुप्ता ने बताया कि कानक्लेव में एयरोस्पेस, ड्रोन, कृषि सहित कई क्षेत्र की कंपनियों ने मेहमानों के सामने अपना प्रस्तुतिकरण दिया।कृषि और रक्षा क्षेत्र में ड्रोन की बढ़ती उपयोगिता को देखते कई देश के प्रतिनिधियों ने इस क्षेत्र में निवेश में रुचि दिखाई। इस मौके पर लखनऊ उत्तर क्षेत्र के विधायक डॉ. नीरज बोरा भी मौजूद रहे। कान्क्लेव में करीब 29 देशों के प्रतिनिधियों ने माना कि उप्र. व्यापार की नई राह खोलेगा।

प्रदेश में बढ़ा बिजली का संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : तमाम उपायों के बाद भी प्रदेश में बिजली का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। भीषण गर्मी में भारी मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली ली जा रही है, पर स्थानीय खराबियों के कारण भरपूर बिजली नहीं मिल पा रही है।

प्रदेश में पिछले साल की तुलना में इस साल करीब दो हजार मेगावाट ज्यादा बिजली की मांग हो रही है। पिछले साल 28 हजार मेगावाट अधिकतम मांग दर्ज हुई थी, इस बार 30 हजार मेगावाट का आंकड़ा पार हो गया है। भीषण गर्मी में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों

- **बिजली की मांग 30,336 मेगावाट पर पहुंची, चालू नहीं हुईं ओबरा-अनपरा की ठप इकाइयां**

के लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को बिजली की अधिकतम मांग 30,336 मेगावाट दर्ज हुई। बीते दिन की तुलना में मांग में हालांकि 282 मेगावाट गिरावट रही, पर मांग का आंकड़ा 30 हजार से नीचे न आने के कारण कॉरपोरेशन के अफसर जद्दोजहद में लगे रहे। सूत्रों ने बताया कि अनपरा की 210 मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां पिछले दिनों से ठप हैं। इससे उत्पादन बिजलीघरों में संकट की स्थिति बनी हुई है। इन इकाइयों को चालू करने के लिए प्रयास जारी हैं। बिजली अभियंताओं ने 16 जून तक इकाइयों को चालू कर लिए जाने की उम्मीद जताई है।

समुचित उपाय किए जाएं

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को बिजली संकट पर काबू पाने के लिए समुचित उपाय किए जाने के निर्देश दिए हैं। अध्यक्ष ने शनिवार को वितरण निगमों के अफसरों के साथ बैठक की।

यहां भी सुकून नहीं | अनियोजित विकास, बेतहाशा भीड़ और वाहनों ने बदला सरोवर नगरी का मिजाज

मैदानी शहरों सा तप रहा नैनीताल, झील ने खोई सुंदरता

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : मैदानी शहरों में पारा उछाल मारता है तो ठंड की तलाश और सुकून के लिए लोग पहाड़ों का रुख करते हैं। पहाड़ों और झीलों का सौंदर्य आंखों व मन को सुकून देता तो मौसम गर्मी से तपते शरीर को राहत लेकिन अब पहाड़ भी मैदानी शहरों की तरह तपने लगे हैं।

झीलें अपना सौंदर्य खो रही हैं और वादियों में सुकून की तलाश में आने वाले पर्यटकों को मौसम तपाने लगा है। उन्हें नैनीताल में भी मैदानी शहरों की गर्मी का एहसास हो रहा है। इस साल नैनीताल के मौसम ने

- **नैनीताल में जून के पहले सप्ताह में ही रिकॉर्ड 31 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान**

ऐतिहासिक रिकार्ड बनाया है। जून का पहला सप्ताह 31 डिग्री तापमान के साथ नैनीताल के इतिहास में सबसे गर्म सप्ताह के तौर पर दर्ज किया गया। एक दशक पर नजर डालें तो नैनीताल में पर्यटन तेजी से बढ़ा है जिसकी वजह से पानी की खपत बढ़ी है। यह खपत नैनी झील से पूरी होती है, नतीजा झील सूख रही है। पर्यटकों की संख्या और बेशुमार वाहनों के पहुंचने से यहां के मौसम पर भी असर पड़ रहा है।

नैनीताल में ध्वनि और वायु प्रदूषण भी बढ़ा

वीकेंड के दौरान नैनीताल में पर्यटकों और वाहनों की बढ़ी संख्या के चलते ध्वनि और वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार सरोवर नगरी में ध्वनि प्रदूषण उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र के बड़े शहरों की अपेक्षा अधिक है। नैनीताल में ध्वनि प्रदूषण औसत 61.40 और अधिकतम 71.50 डेसिबल दर्ज किया गया। जबकि हल्द्वानी में औसत 51.66 और अधिकतम 60.06 रहा। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी डीके जोशी ने बताया कि नैनीताल में बीते दो माह के भीतर पर्यटक और स्थानीय लोगों के वाहनों संख्या तेजी से बढ़ी है साथ ही अन्य कार्यों के चलते भी नैनीताल में ध्वनि प्रदूषण में बढ़ोतरी देखने को मिली है। भूगोलविद् डॉ. पीसी तिवारी का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम चक्र में बदलाव हुआ है। समय पर पर्याप्त बारिश नहीं होने से झीलों के जलस्तर में गिरावट आ रही है। निर्माण कार्यों से भी जलस्रोतों पर असर पड़ा है।

बुरे दौर में नैनी झील

बारिश की कमी और रिचार्ज जलस्रोत के सूखने से नैनीझील का जलस्तर शून्य से नीचे पहुंच गया है, जो छह साल बाद न्यूनतम स्तर पर है। नैनी झील लबालब होने पर इसका टॉप लेवल 12 फीट माना जाता है। वर्ष 2018 के बाद यह पहला मौका है जब झील सबसे खराब स्थिति में है। भीमताल झील का जलस्तर भी 36.5 फीट पर पहुंच गया है। भीमताल झील का करीब दो सौ मीटर हिस्सा मैदान बन चुका है।

एक नजर

होम्योपैथिक फार्मासिस्टों की होगी नियुक्ति

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के होम्योपैथिक डिस्पेंसरी में फार्मासिस्टों का अभाव नहीं रहेगा। होम्योपैथिक निदेशालय के अधियाचन के बाद शनिवार को उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा 397 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट नियुक्त करने के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है। इसके लिए अथ्यर्थियों को 20 से 19 जुलाई के मध्य आवेदन करना होगा।

लोस. चुनाव की रिपोर्ट पेश की

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश पदाधिकारियों और जिला व शहर अध्यक्षों की बैठक हुई, जिसमें बीते लोस चुनाव को लेकर सबने रिपोर्ट पेश की। बैठक की अध्यक्षता विभाग के अध्यक्ष पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने की।

कोच से लेकर रेल इंजन के फ्रंट पर भी लगेगा कैमरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रेलवे सुरक्षा समिति की बैठक में डीजीपी ने दिए अधिकारियों को निर्देश

अमृत विचार: डीजीपी प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को राज्य स्तरीय रेलवे सुरक्षा समिति की 10वीं बैठक हुई। इस दौरान अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और लखनऊ जैसे रेलवे स्टेशनों को पूर्ण रूप से कैमरे से लैस करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा कोच में कैमरा लगाने एवं रेल इंजन के फ्रंट पर कैमरा लगाने को भी कहा गया।

अवैध वेंडर्स पर रोक लगाने, रेलवे के ठेके पर रखे कार्मिकों का सत्यापन कराने, ट्रेनों पर पत्थरबाजी रोकने, रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध एवं क्षतिग्रस्त करने की घटनाओं पर अंकुश लगाने पर जोर दिया गया। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि महाकुंभ 2025 से संबंधित तैयारियों को समय से पूर्ण कर लिया जाए। छोटे अतिक्रमण की अनदेखी करने पर कुछ समय के पश्चात गंभीर समस्या का रूप ले लेता है, अतः शुरुआत में ही अतिक्रमण न होने दिया जाए। इस मौके पर एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश, एडीजी रेलवे जेएन सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

लापरवाह पुलिसकर्मियों पर सख्ती, एक पखवाड़े में 150 पर कार्रवाई

65 पुलिस कर्मियों को आगरा पुलिस कमिश्नर ने एक साथ कर दिया था निलंबित

02 एसएचओ और 11 दरोगा को गाजियाबाद कमिश्नर ने किया था लाइन हाजिर

25 से अधिक एसएचओ पर विभिन्न मामलों में निलंबन और लाइन हाजिर की हो चुकी है कार्रवाई

विनय सिंह, लखनऊ

- सरकार ने अपनाया सख्त रुख, भ्रष्टाचार और लापरवाही क्षम्य नहीं
- आगरा, सीतापुर और गाजियाबाद में हुई सर्वाधिक कार्रवाई

अमृत विचार: चुनाव बाद प्रदेश सरकार एक्शन मोड में है। अपराधियों के सफाए के साथ-साथ उन पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है, जिनको लेकर भ्रष्टाचार और लापरवाही की सूचनाएं मिल रही हैं। स्थिति यह है एक पखवाड़े में 150 पुलिस कर्मियों के खिलाफ निलंबन, लाइन हाजिर जैसी कार्रवाई की गई है। सर्वाधिक कार्रवाई आगरा और गाजियाबाद कमिश्नरेट में की गई है। उधर, मुख्यमंत्री की मंशा को देखते हुए अन्य जिलों में भी भ्रष्ट पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी जारी है।

सबसे बड़ी कार्रवाई आगरा कमिश्नरेट में हुई। यहां पर सत्यापन के नाम पर रिश्वत मांगने पर पुलिस कमिश्नर ने 65 पुलिस कर्मियों को एक साथ निलंबित कर दिया। सत्यापन में रिश्वत मांगने की जानकारी प्राप्त करने के लिए कमिश्नर ने बाकायदा टीम गठित की थी। आगरा में की गई कार्रवाई की गूंज राजधानी लखनऊ तक पहुंची गई थी।

इसी क्रम में गाजियाबाद कमिश्नर ने लापरवाही एवं भ्रष्टाचार करने के आरोप में दो एसएचओ और 11 दरोगाओं को लाइन हाजिर कर दिया। इन पुलिस कार्मिकों के खिलाफ लगातार सूचनाएं कमिश्नर कार्यालय को प्राप्त हो रही थी।

वहीं भ्रष्टाचार और लापरवाही की छिटपुट घटनाओं में पूरे प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में मिलाकर करीब 25 एसएचओ निलंबित और लाइन हाजिर किए जा चुके हैं। सभी कार्रवाइयां जिलों में तैनात विभागाध्यक्ष ही कर रहे हैं।

सीतापुर में 44 लाइन हाजिर

पुलिस कार्मिकों में लापरवाही और सरकारी आदेशों के पालन में शिथिलता को देखते हुए सीतापुर पुलिस अधीक्षक ने 44 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। यह कार्रवाई चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद की गई है।

लखनऊ में पांच पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

राजधानी लखनऊ में निजी बस चालक और कंडक्टर की पिटाई करने के आरोप में पुलिस कमिश्नर ने एक ही थाने के पांच पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। इस मामले का संज्ञान मानवाधिकार आयोग ने लिया था।

भ्रष्टाचार और लापरवाही बर्दाश्त नहीं

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। भ्रष्टाचार करने पर किसी भी पुलिस कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि थानों से जिला मुख्यालयों तक प्रत्येक फरियादी को सुना जाए और न्याय दिया जाए। शिकायत मिलने पर उच्चाधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

फ्रीज खातों को खुलवाने का प्रयास, दो पर प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीबीआई के आदेश पर फ्रीज किए गए थे बैंक खाते
- शाखा प्रबंधक ने गोमतीनगर थाने में दर्ज कराया मामला
- इसी तरह के प्रकरण की गाजीपुर थाने में दर्ज है प्राथमिकी

अमृत विचार: सीबीआई के आदेश पर फ्रीज किए गए बैंक खातों को खुलवाने का जालसाजों ने प्रयास किया। गोमतीनगर विवेकखंड स्थित पीएनबी के शाखा प्रबंधक को फ्रीज खाते को खुलवाने के लिए सीबीआई अधिकारी के नाम से फर्जी पत्र जारी कराया गया। इस मामले में शाखा प्रबंधक ने गोमतीनगर थाने में प्रार्थना पत्र देकर फर्जी पत्र भेजने वाले सीबीआई अधिकारी और खाताधारक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं, इस तरह के एक मामले में गाजीपुर थाने में पीएनबी एचएएल शाखा के प्रबंधक ने फर्जी पत्र भेजने की एफआईआर दर्ज की गई थी।

विवेकखंड शाखा के मुख्य प्रबंधक अजय पाण्डेय के मुताबिक सीबीआई सेंचुरी एल्कोवेव, एसोसिएटेड ट्रेडर्स, सेंचुरी वाइन लिकर्स, तिवारी ब्रदर्स, शान ए अवध बीयर बार के साथ रोशनी त्रिपाठी, सुधीर त्रिपाठी के खाते फ्रीज किए गए थे। इन खातों को अनफ्रीज करने के लिए 12 अप्रैल को सीबीआई का एक लेटर बैंक में रिसीव हुआ। इस पर सीबीआई इंस्पेक्टर अमित त्रिपाठी के हस्ताक्षर थे। लेटर में लिखा था कि सीबीआई की जांच में फ्रीज किए गए खातों में आपत्तिजनक ट्रांजेक्शन नहीं मिले हैं, इसलिए इन्हें अनफ्रीज कर दिया जाए।

इसके बाद रोशनी, सुधीर त्रिपाठी ने केवाईसी अपडेट देते हुए सौ रुपये का ट्रांजेक्शन कर खाता शुरू कराने का प्रयास किया, जो सफल नहीं हो सका। इस बीच सीबीआई की ओर से लेटर फर्जी होने की पुष्टि कर दी गई। इसके बाद अजय पाण्डेय ने गोमतीनगर कोतवाली में तहरीर दी। इंस्पेक्टर दीपक पाण्डेय ने बताया कि रोशनी त्रिपाठी, सुधीर त्रिपाठी, फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर अमित कुमार और अज्ञात साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है मामले में कई अन्य लोगों के शामिल होने की भी संभावना को देखते हुए पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

प्रदेश में कारोबार को विश्वस्तरीय सुविधाएं

इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्क्लेव प्रतिनिधियों ने माना यूपी व्यापार की नई राह खोलेगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कॉन्क्लेव में दीप जलाकर कर कार्यक्रम की शुरुआत करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

कॉन्क्लेव में लगाए गए स्टॉल।

अमृत विचार: अब उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्क्लेव के पहले दिन एसोसिएट चैंबर की मैनेजिंग कमेटी के सदस्य सीए अर्पित गुप्ता ने बताया कि कानक्लेव में कई देश के प्रतिनिधियों ने लखनऊ की चिकनकारी को निवेश के लिए बेहतर क्षेत्र बताया। चिकित्सा के क्षेत्र में नए और आधुनिक उपकरणों की आवश्यकता पर जोर देते हुए इस क्षेत्र में बड़े उद्योग स्थापित करने पर भी चर्चा हुई। कहा कि अब उप्र. में निवेश का बेहतर माहौल है। कारोबार और उद्योगों को बढ़ाने के लिए प्रदेश अब व्यापारियों के लिए सर्वोत्तम जगह बन चुका है।

प्रांत वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। अब यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं हैं। हवाई अड्डों की बढ़ती श्रृंखला है। जनसंख्या के लिहाज से देश के सबसे बड़े प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था को सुधारने पर भी चर्चा हुई। अर्पित गुप्ता ने कहा कि निवेश पर दोनों पक्षों ने शनिवार को औपचारिक वार्ता की। रविवार को डेलिगेट्स के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे। उधर, कानक्लेव में भाग लेने वाले विदेशी प्रतिनिधियों ने माना कि यूपी व्यापार की नई राह खोलेगा। मोरिंगा, 1369 इनोवेशन लिमिटेड, एसएसके भारत, ओजस एरोस्पेस, कैपेक्सिल सहित उर्जा और कृषि के क्षेत्र में निर्माण कर रही कई बड़ी कंपनियों ने प्रस्तुति दी।

द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण: एसोसिएट चैंबर के अध्यक्ष ई. डीपी सिंह ने कहा कि उद्योगों और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यह है एक महत्वपूर्ण पल है। सचिव रमेश मलहोत्रा ने कारोबार के लिए उत्तम मार्ग प्रशस्त किए जाने पर बल दिया। इस दौरान मनीष ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव-2024 के माध्यम से कारोबारी दिग्गज और हितधारकों को मंच उपलब्ध कराया गया। सभी उपस्थित देशों को उत्तर प्रदेश में आयात निर्यात से संबंधित सभी विषयों पर आश्वासन दिया गया।

बोले विदेशी प्रतिनिधि

कारोबार कराएगा श्रीलंका से रिश्ते प्रगाढ़

श्रीलंका के हाई कमिश्नर सेनुका धीरेनी सेनेवी रत्ने ने पुराने रिश्तों की दुहाई दी। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा श्रीलंका के साथ व्यापारिक रिश्तों के प्राथमिकता दी है। हम इसका स्वागत करते हैं। कारोबारी रिश्तों को और प्रगाढ़ करने पर बल दिया। इस कान्क्लेव में 25 देशों के राजदूतों और अन्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सभी देशों के प्रतिनिधियों ने प्रदेश में व्यापार करने की इच्छा जताई और निवेश के लिए आश्वस्त किया।

क्यूबा तक पहुंचे लखनऊ की चिकनकारी

क्यूबा के चार्ज डी अफेयर्स अबेल अबाले ने भारत और क्यूबा के बीच के रिश्तों का जिक्र किया। कहा कि यह अवसरों की भूमि है। क्यूबा और भारत के बीच अच्छे बेहतर व्यापारिक रिश्ते हैं। लखनऊ चिकनकारी और जैविक कपड़ों के मामले में अग्रणी है। इस पर भी कारोबारी विचार आगे बढ़ाए जा सकते हैं।

सृजित करेगा व्यापार के नए अवसर

कान्क्लेव में विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने देश के आयात-निर्यात के अवसरों के बारे में जानकारी साझा की। ईरान से आए राजदूत इराज इलाही ने इस आयोजन से उत्तर प्रदेश में व्यापार की राह आसान होगी और व्यापार के नए अवसर खुलेंगे।

वापस एमओसीएच बनना चाहते हैं 32 आयुर्वेद चिकित्साधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आयुर्वेद चिकित्साधिकारी पद से हुआ मोह भंग
- चिकित्सकों के आवेदन शासन को भेजे गए

अमृत विचार: आयुर्वेद विभाग में साल 2023 में चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य (एमओसीएच) पद छोड़कर आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के पद पर ज्वॉइन करने वाले करीब तीन दर्जन बीएएमएस चिकित्सकों (बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी) का नई तैनाती से मोहभंग हो गया है। इनमें से 32 चिकित्सकों ने वापस एमओसीएच के पद पर जाने के लिए आवेदन किया है। चिकित्सकों से मिलने वाले आवेदन विभाग द्वारा शासन को भेज दिए गए हैं।

आयुर्वेद विभाग मे वर्ष 2022 में चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य (आयुर्वेद एवं यूनानी) के 422 पदों पर बीएएमएस चिकित्सकों की नियुक्ति हुई थी। इन्हें विभिन्न जिलों में मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन संचालित होने वाली आयुर्वेद डिस्पेंसरी में भेजे दिया गया। इसी के बाद 2023 में क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारी के अधीन संचालित होने वाले आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के 601 पदों पर बीएएमएस चिकित्सकों की नियुक्ति हुई, इनमें एमओसीएच पद कार्य करने वाले तमाम डॉक्टर शामिल थे। दोनो ही पद के वेतनमान समान होने के बावजूद, नियुक्ति पाने वालों में 32 चिकित्सकों ने अपने एमओसीएच पद से त्याग पत्र देकर आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के रूप में ज्वॉइन कर लिया।

कुछ माह की सेवाएं देने के बाद ही इन चिकित्सकों ने वापस एमओसीएच पद पर सेवाएं देने के लिए आयुर्वेद निदेशालय में आवेदन कर दिये। चूंकि एमओसीएच के पद से इस्तीफा शासन द्वारा स्वीकार हो चुका है, इसलिए निदेशालय द्वारा इनके पत्र शासन को संदर्भित कर दिये गए हैं।

ये हो सकते हैं कारण

विभागीय जानकारों का कहना है कि एमओसीएच पद पर, एलोपैथिक विभाग के सीएमओ के अधीन कार्य करना होता है, जबकि आयुर्वेद चिकित्साधिकारी विभागीय अधिकारियों के अधीन सेवाएं देते हैं। दूसरे विभाग की बेरुखी से बचने के लिए डॉक्टरों ने मूल विभाग में सेवाएं देना ज्यादा बेहतर समझा होगा, वहीं सीएमओ के अधीन बायोमेट्रिक अटेंडेंस व अन्य बाध्यताए भी इसका एक महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है।

प्रदेश में सूदखोरों का आतंकः अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊः सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में सूदखोरों का आतंक है। खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण किसान कर्ज में डूबता जा रहा है। किसान, नौजवान और अन्य लोग सूदखोरों से परेशान है। सूदखोरो से त्रस्त होकर लोग आत्महत्या करने पर विवश है।

उन्होंने शनिवार को जारी बयान में कहा, बलिया, प्रयागराज, लखनऊ कानपुर, इटावा, शाहजहांपुर, हर जगह सूदखोरों से लोगों का जीना हराम है। इस तरह के कर्ज से सबसे ज्यादा गरीब किसान और कमजोर ही शिकार बनते है। एक बार लोग इनके चंगुल में फंस जाते है तो फिर निकलना मुश्किल हो जाता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि गरीबों, किसानों के लिए बैंकों से कम ब्याज और आसानी से कर्ज की योजनाएं जमीन पर उतरती नहीं दिखती है। लोग छोटी-छोटी जरूरतों के लिए सूदखोरों के जाल में फंस कर अपनी जान गंवाने पर मजबूर हो जाते है।

ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली महंगी करने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली महंगी करने की तैयारी शुरू कर दी है। बीते दिन पावर कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल की बैठक में इस पर चर्चा हुई। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन के मुख्य अभियंता रेगुलेटरी अफेसर्स यूनिट सीवी सिंह गौतम की ओर से एक सरकुल जारी किया गया है।

जारी सर्कुलर में निदेशक मंडल की बैठक का हवाला दिया गया है। इसमें कहा गया है कि बढ़ते शहरीकरण के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के फीडरों को चिन्हित किया जाय और शहरी क्षेत्र का फीडर घोषित करने की कार्रवाई की जाय। कहा गया है कि यह कार्रवाई कर विद्युत नियामक आयोग की ओर अधिसूचित शहरी दर वसूल करने की कार्रवाई शुरू की जाय।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस कार्रवाई का सख्त विरोध किया है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि ग्रामीण फीडरों को शहरी फीडरों में बदलने की कोशिश का कड़ा विरोध किया जाएगा। किसी भी हालत में ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब देश में विद्युत उपभोक्ता अधिकार कानून 2020 लागू हो गया है इस मामले में आयोग में याचिका दाखिल की जाएगी।

वर्तमान दर घरेलू ग्रामीण

यूनिट	रुपये प्रति यूनिट
0-100	3.35
101-150	3.85
151-300	5.00
300 के ऊपर	5.50 रुपये प्रति यूनिट
फिक्स्ड चार्ज 90 रु प्रति किलोवाट	

वर्तमान दर घरेलू शहरी

यूनिट	रुपये प्रति यूनिट
0-100	5.50
101-150	5.50
151-300	6.00
300 के ऊपर	6.50 रुपये प्रति यूनिट
फिक्स्ड चार्ज 110 रु प्रति किलोवाट	

वर्तमान प्रक्रिया से भर्तियां पूरी नहीं हो सकतीं : मिश्र

अमृत विचार, लखनऊः केन्द्र और प्रदेश सरकार ने रिक्त व नव सृजित पदों पर नियुक्तियां करने के निर्देश तो दिए हैं। मगर बिना लोकसेवा आयोग को अधियाचन भेजे प्रकिया पूरी नहीं हो सकती है। इसलिए विभागों में भर्ती करनी हैं तो नियुक्ति व पदोन्नति प्रक्रिया में व्यापक सुधार किए जाए। यह बात शनिवार को उप्र के इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी पी मिश्र ने कही।

उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के तहत, हर साल करीब 20 हजार कर्मी सेवानिवृत्त होते हैं, मगर इनसे खाली होने वाले पदों पर हर साल इतनी संख्या में भर्ती नहीं होती है। पूर्व में इन खाली पदों पर दैनिक दर पर कर्मचारियों को रखकर काम चलाया जाता था, परंतु वर्तमान में आउट सोर्स से छह-आठ हजार रूपए में कर्मचारी रखकर काम चलाया जा रहा है। जिसका कोई भविष्य नहीं है।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भारत सरकार एवं राज्य सरकारों को सुझाव दिया है कि समूह ग एवं समूह की नियुक्तियां विभागीय चयन समिति के माध्यम से किया जाए।

माफिया के खिलाफ जारी रखें कार्रवाई : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गोरखपुर

- विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस अधिकारी माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखें। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति बरकरार रहनी चाहिए। उन्होंने पुलिस पैट्रोलिंग व फुट पैट्रोलिंग बढ़ाने और पीआरवी का रिस्पांस टाइम और उत्कृष्ट करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शनिवार को गोरखपुर स्थित एनेक्सी भवन में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट ली जाय। हर प्रोजेक्ट के वरिष्ठ अधिकारी पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर माह में एक बार जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाय। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, नगर निगम, जल निगम, जीडीए, गीडा समेत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन विकास परियोजनाओं के लिए जमीनों का अधिग्रहण किया गया है, वहां जमीन की रजिस्ट्री में तेजी लाई जाय और मुआवजा वितरण भी जल्द से जल्द किया जाय। इसमें किसी तरह की शिथिलता अक्षम्य होगी।

बरसात में कहीं न होने पाए जलभराव

मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात का समय निकट है, ऐसे में यह सुनिश्चित करना होगा कि बरसात होने पर कहीं भी जलभराव न होने पाये। समय रहते सभी नालों की सफाई का काम पूरा किया जाय। बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ बचाव के कार्यों में और तेजी लाई जाय। अधिकारी जनप्रतिनिधियों को साथ ले जाकर बंधों की स्थिति का जायजा लें। बेहतर कार्य के लिए उनसे सुझाव लें।

गोरखपुर चिड़ियाघर में गैंडे को देखते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

बब्बर शेर की जोड़ी को कराया बाड़े में प्रवेश

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (गोरखपुर चिड़ियाघर) में बब्बर शेर 'भरत' व शेरनी 'गौरी' को बाड़े में प्रवेश कराया। इन दोनों दुर्लभ वन्य जीवों को मई के अंतिम सप्ताह में इटावा लायन सफारी से लाया गया था। अब चिड़ियाघर आने वाले दर्शक बब्बर शेर की इस जोड़ी का दीदार कर सकेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चिड़ियाघर में भ्रमण कर अन्य वन्य जीवों को भी देखा। मुख्यमंत्री के साथ वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना भी उपस्थित थे।

शक्ति होगा लखीमपुर से लाए गए बाघ का नाम

चिड़ियाघर भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने लखीमपुर के जंगल से लाए गए बाघ का नामकरण किया। बाघ का नाम उन्होंने 'शक्ति' रखा। मुख्यमंत्री ने यहां बस्ती जिले से आए बच्चों से मुलाकात की, बच्चों से संवाद कर उन्हें आशीर्वाद दिया।

देवरिया बाईपास फोरलेन का निरीक्षण किया

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन देवरिया बाईपास फोरलेन, नाला व तारामंडल क्षेत्र के सड़क व नाले का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

योग से बिना पैसे खर्च किए स्वास्थ्य लाभ होता है : दयालु

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सप्ताह शुरू

अमृत विचार: आयुष विभाग एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री, डॉ. दया शंकर मिश्र दयालु ने कहा कि आरोग्य रहने के लिए योग अपनाएं, योग से बिना पैसे खर्च किए स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता रहता है और व्यक्ति एवं समाज पर आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ता है।

आयुष मंत्री ने, शनिवार को टुड़ियागंज स्तिथ राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय में दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धन्वंतरि एवं महर्षि पतंजलि के चित्र पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्जवलित कर योग सप्ताह की शुरुआत की।

इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में होने वाले योग दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरुआत आज से हो रही है, अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों, अमृत सरोवर व हरिटेज जोन में पूरे सप्ताह योग प्रशिक्षण कार्यक्रम चलेंगे। समारोह में आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ. प्रकाश चंद्र सक्सेना, यूनानी निदेशक डॉ.अब्दुल वाहिद, निदेशक होम्योपैथी डॉ.अरविंद कुमार वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

वरिष्ठ अधिकारियों की टीम रुद्रप्रयाग रवाना

अमृत विचार, लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों की टीम को मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सहारनपुर के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम रुद्रप्रयाग के लिए रवाना हो गई है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कार्यालय व राहत आयुक्त कार्यालय के अफसरों को तत्काल स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर घायलों के समुचित उपचार व आवश्यक सुरक्षा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। साथ ही, हादसे में मारे गये लोगों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की है।

सतर्कता अपात्र होंगे बाहर, वंचित पात्र लाभार्थी जोड़े जाएंगे

वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना का होगा सोशल ऑडिट

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- पहली बार समाज कल्याण विभाग दोनों योजनाओं का करा रहा ऑडिट
- ऑडिट के जरिए विभाग दोनों योजनाओं की जानेगा जमीनी हकीकत

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना का सोशल ऑडिट होगा। समाज कल्याण विभाग पहली बार बड़े पैमाने पर अपनी इन दोनों योजनाओं का सोशल ऑडिट कराने जा रहा है। सोशल ऑडिट के जरिए विभाग अपनी दोनों योजनाओं की जमीनी हकीकत से रूबरू होगा। इसकी रिपोर्ट के आधार पर विभाग दोनों योजनाओं में जुड़े अपात्र लाभार्थियों को बाहर करेगा वहीं वंचित पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ेगा।

शुरू हो चुका है ऑडिट : सरकारी योजनाओं का ऑडिट, सोशल ऑडिट निदेशालय द्वारा अपनी टीमों से करवाया जाता है। पहली बार समाज कल्याण विभाग ने सोशल ऑडिट की सूची में अपनी दो योजनाओं (वृद्धावस्था पेंशन योजना और पारिवारिक लाभ योजना) को जुड़वाया है। समाज कल्याण निदेशालय के एक अधिकारी के मुताबिक ऑडिट का काम 13 जून से शुरू हो चुका है।

पहले चरण में समाज कल्याण अधिकारियों द्वारा सोशल ऑडिट करने वाली टीमों को योजनाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें योजना के लाभार्थियों की सूची भी मुहैया करवाई जा रही है।

इन 30 जिलों में होगा ऑडिट

वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना का सोशल आडिट यूपी के 30 जिलों में होगा। इनमें सभी 18 मंडल मुख्यालय के जिलों के साथ आठ आकांक्षी जिलों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही चार उन जिलों में भी सोशल आडिट कराया जा रहा है, जहां इन योजनाओं के सबसे अधिक लाभार्थी हैं। इन जिलों में अलीगढ़, आगरा, आजमगढ़, प्रयागराज, कानपुर, गोरखपुर, चित्रकूट, झांसी, गोंडा, अयोध्या, बरेली, बस्ती, मुरादाबाद, मेरठ, लखनऊ, वाराणसी, मीरजापुर, सहारनपुर के साथ फतेहपुर, प्रतापगढ़, कुशीनगर, बांदा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, अम्बेडकरनगर, सिद्धार्थनगर, जौनपुर, चंदौली और सोनभद्र हैं। निदेशालय के मुताबिक सोशल आडिट की टीमें जिलों में एक दिन में एक गांव की जमीनी हकीकत की पड़ताल करेंगे। एक-एक लाभार्थी से मुलाकात कर उनका पूरा ब्योरा जुटाएंगे।

एडीजी वीके सिंह ने पुलिस मुख्यालय में की ज्वाइनिंग

अमृत विचार,लखनऊः केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे अपर पुलिस महानिदेशक विनोद कुमार सिंह ने पुलिस मुख्यालय में अपनी ज्वाइनिंग दे दी है।

पीएसी मुख्यालय महानगर में बतौर एडीजी के पद पर तैनात रहे 1994 बैच के आईपीएस वीके सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से यूपी वापस आने के बाद दो माह के लिए अवकाश पर चले गये थे। जानकारी के अनुसार छुट्टी की अवधि समाप्त होने पर वीके सिंह ने पुलिस मुख्यालय पहुंचकर कार्यवाहक डीजीपी प्रशान्त कुमार से मुलाकात की और एडीजी कार्मिक राजा श्रीवास्तव से मिलकर उन्हें ज्वाइनिंग से संबंधित पेपर दिये।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

राहत : 72 घंटे में प्री-मानसून बारिश के आसार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मौसम विभाग ने 72 घंटे में प्री-मानसून आने का अनुमान जताया है। बारिश की पहली फुहारों के साथ गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। शनिवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 44.1 और न्यूनतम 31.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आंचलिक अनुसंधान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, प्री मानसून 72 घण्टे के बाद आने की संभावना है। दिन में 35 किमी प्रतिघण्टा की रफ्तार से गर्म हवा चली। उन्होंने बताया कि अगले कुछ दिनों तक रात में गर्म हवाओं की रफ्तार बढ़ेगी। जिससे रात में आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, बाराबंकी, उन्नाव, रायबरेली, कानपुर नगर, कानपुर देहात में रात के तापमान में वृद्धि हो सकती है।

नम हवाओं के प्रभाव से बारिश के आसार : पूर्वी तराई क्षेत्र में बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम पुरवा हवाओं के प्रभाव से बारिश के आसार हैं। शनिवार को कानपुर देहात का सबसे अधिक तापमान 46.3 डिग्री रहा। वाराणसी 46, प्रयागराज 46, हमीरपुर 46.2 और झांसी 46.1, आगरा 45.5 और खीरी में 43 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

चारबाग में रेलवे स्टेशन के बाहर छाता लगाकर जातीं युवतियां। अमृत विचार

यहां चलेगी लू

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, रात में चल रही गर्म हवाओं के साथ दिन में लू चलने की संभावना है। लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बहराइच, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, उन्नाव, बाराबंकी, अयोध्या, पीलीभीत, बरेली, रामपुर आदि हैं।

इन जनपदों में मौसम विभाग का रेड अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संतकबीरनगर, जौनपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, मथुरा और आगरा में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

आफत : नाले साफ नहीं, जलभराव से जूझेगा शहर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : मौसम विभाग ने 22 जून तक बारिश होने के आसार जताए हैं लेकिन शहर को जलभराव से बचाने के लिए नगर निगम अभी तक नालों की सफाई नहीं करा पाया है। हालांकि अफसर 80 फीसदी नालों की सफाई का दावा कर रहे हैं लेकिन हकीकत में 50 फीसदी नाले की साफ किए जा सके हैं।

नगर निगम के सभी आठ जोन में कुल 355 मध्यम नाले घरों से जलनिकासी का माध्यम हैं। 455 किलोमीटर में फैले इन नालों में से नगर निगम 265 किलोमीटर तक की सफाई का दावा कर रहा है। लेकिन, हकीकत में ठाकुरगंज, ऐशबाग, आलमबाग, जानकीपुरम, गोमती नगर, इन्दिरा नगर, रायबरेली रोड एल्डिको सहित कई इलाकों में मध्यम नालों की सफाई नहीं हो पाई है। नगर निगम ने 30 जून तक सभी नाले साफ करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यदि इससे पहले बारिश शुरू हो गई तो जनता को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ेगा।

ठाकुरगंज क्षेत्र में कूड़े से पटा नाला।

नालों पर बने रैंप, कैसे हो सफाई

ऐशबाग में रस्तोगी इंटर कालेज के पास नालों पर लोगों ने रैंप बना लिये हैं। इससे नालों की सफाई नहीं हो पाती है। नगर निगम के अधिकारी न तो नालों से अतिक्रमण हटा पाए और न रैंप तोड़ पाए हैं।

80 प्रतिशत मध्यम नाले साफ किए जा चुके हैं। प्रयास है कि 30 जून से पहले सभी नाले साफ हो जाएं। यदि कहीं नालों में गंदगी मिली तो ठेकेदार पर कार्रवाई करने के साथ भुगतान में कटौती की जाएगी।

–महेश वर्मा, मुख्य अभियंता, लखनऊ नगर निगम

455 किलोमीटर है शहर के नालों की कुल लंबाई

265 किलोमीटर नालों की निगम कर पाया है सफाई

मौसम

आसमान साफ रहेगा। तेज धूप के साथ लू चलेगी।

45.0⁰	32.0⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कान) में बच्चों का ग्रीष्मकालीन शिविर 9.00 बजे से
- प्रेस क्लब में चेतना साहित्य परिषद के तत्वावधान में डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव के कहानी संग्रह का लोकार्पण 12:00 बजे.
- चौक स्थित जवाहर लाल नेहरू यूथ सेंटर में 15वीं राजय स्तरीय पंजा कुश्ती चैंपियनशिप का समापन 12:00 बजे
- संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में रिदम डिवाइन इन्स्टीट्यूट की ओर से जश्न-ए-नाच 5.30 बजे

कल घर से निकलना हो जरूरी तो पहले देख लें रूट डायवर्जन

बकरीद पर बदली रहेगी 25 स्थानों पर यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ईद-उल-अजहा पर सोमवार को सुबह 6 बजे से नमाज अदा किए जाने तक शहर के 25 स्थानों पर वाहनों के आवागमन वैकल्पिक मार्ग से होंगे। सुरक्षा और शांति व्यवस्था को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। आपात स्थिति में ट्रैफिक कंट्रोल रूम नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।

तय डायवर्जन के अनुसार सीतापुर की तरफ से आने वाले वाहन डालीगंज, पक्का पुल, टीले वाली मस्जिद नहीं जा सकेंगे। हरदोई रोड, बालागंज चौराहा से आने वाले वाहन बड़ा इमामबाड़ा, टीले वाली मस्जिद नहीं जा सकेंगे। चौक चौराहे की तरफ से वाहन नीबू पार्क चौराहे की ओर नहीं जाएंगे। एवररेडी तिराहे से मिल एरिया की ओर बड़े वाहन नहीं जा सकेंगे। रकाबगंज पुल चौराहे से वाहन नक्खास और यहियागंज नहीं जा सकेगा। ऐशबाग पुल के नीचे नाका की तरफ से आने वाले वाहन ऐशबाग ईदगाह की ओर नहीं जा पाएंगे।

ऐशबाग ईदगाह में होने वाली बकरीद की नवाज से पूर्व सफाई करते मजदूर।

इन रास्तों का करें प्रयोग

- डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज से बांये मुड़कर निरालानगर से आईटी होकर आवागमन किया जा सकेगा।
- कोनेश्वर चौराहे से दाहिने चौक चौराहा, मेडिकल कालेज चौराहा होकर वाहन को डायवर्ट किया जाएगा।
- कोनेश्वर चौराहा या मेडिकल क्रास (चरक) चौराहा होकर वाहन जाएंगे।
- मवैया ओवरब्रिज, लगड़ा फाटक ओवरब्रिज, राजाजीपुरम होकर जाया जा सकेगा।
- वाहन नाका या मेडिकल कालेज होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।
- वाहन ऐशबाग पुल के नीचे से ही वापस मोतीनगर, राजेन्द्र नगर होकर जाएंगे।

यहां से सिर्फ नमाजियों के वाहन जाएंगे

डीसीपी यातायात के मुताबिक कई रास्ते ऐसे है, जहां सिर्फ नमाजियों के ही वाहन जा सकेंगे। इनमें मिल एरिया से बुलाकी अड्डा की तरफ तुलसीदास मार्ग पर नमाज में सम्मिलित होने वालों के नमाजियों के अतिक्ति किसी अन्य के वाहन नहीं जा सकेंगे। बल्कि यह वाहन राजाजीपुरम या एवररेडी तिराहा, मवैया होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगा। बुलाकी अड्डा तिराहे से वाहन लाल माधव की ओर नमाजियों के वाहन जा सकेंगे। वहीं नाका से ऐशबाग ईदगाह की ओर, यहियागंज से ईदगाह ऐशबाग की तरफ,यहियागंज वाटर वर्क्स रोड की ओर से ऐशबाग ईदगाह की ओर सिर्फ नमाजियों के वाहन जा सकेंगे।

कहां-कब होगी नमाज

- ऐशबाग ईदगाह में सुबह 10 बजे
- आसिफी मस्जिद में पूर्वाह्न 11 बजे
- नदवतुल उलेमा में सुबह 7.30 बजे
- दरगाह शाहमीना शाह में 8.30 बजे
- फरुकिया हुसैनाबाद में सुबह 7 बजे
- सिद्दीकिया बिलोचपुरा में सुबह 5.40 बजे

3.20 लाख का दुम्बा आकर्षण का केंद्र : बकरीद का बाजार सज गया है। बकरों के बाजार में तुर्क नस्ल का दुम्बा लोगों के ख़ास आकर्षण का केन्द्र बना है। 120 किलो का यह दुम्बा 3.20 लाख रुपये का है। जमुनापारी, बरबरी और तोतापरी नस्ल के बकरे खासतौर पर पसंद किये जा रहे हैं।

ईदगाह में नमाज की तैयारी पूरी

अमृत विचार, लखनऊ : इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन और ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने बताया कि ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज की तैयारी पूरी हो गई है। नमाज के मद्देनजर ईदगाह का मैदान और आसपास की जगह की सफाई का कार्य हो गया है। इसकी तैयारी को लेकर इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया और ईदगाह कमेटी के जिम्मेदारों ने शनिवार को मौलाना खालिद रशीद की अध्यक्षता में बैठक की।



अकबर नगर में ध्वस्तिकरण के दौरान ड्रोन से ली गई इलाके की तस्वीर। अमृत विचार

256 मकान और ध्वस्त, दो दिन में तोड़े जाएंगे बाकी 400 भवन

अकबर नगर में अब तक तोड़े जा चुके हैं 870 अवैध निर्माण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : अकबर नगर में छठे दिन भी लखनऊ विकास प्राधिकरण का बुलडोजर जमकर गरजा। शनिवार को पोकलेन की मदद से अकबरनगर प्रथम में 256 अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए। एलडीए के अधिकारी के अनुसार सोमवार तक बाकी सभी 400 मकान ध्वस्त कर दिए जाएंगे। शनिवार तक अकबरनगर प्रथम और द्वितीय में कुल मिलाकर 870 अवैध निर्माण तोड़े जा चुके हैं।

एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी और नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह सहित जिला प्रशासन और पुलिस बल की मौजूदगी में पोकलेन से अकबरनगर प्रथम में बंधे की ओर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हो गई। दोपहर तक लगभग 150 मकान ध्वस्त किये जा चुके थे। दोपहर बाद पोकलैंड गलियों तक पहुंच गयीं। रास्ता बन जाने के बाद मकान ध्वस्तीकरण में तेजी आ गयी।

1036 आवंटियों को मिला कब्जा : अकबर नगर के 1,800 विस्थापितों को एलडीए बसंतकुंज योजना में बने प्रधानमंत्री आवास का आवंटन पत्र दे चुका है। इनमें से अकबरनगर प्रथम एवं द्वितीय के 1036 आवंटियों को शनिवार तक एलडीए कब्जा भी दे चुका है। शनिवार को 65 विस्थापितों को 40 लोडर वाहनों की मदद से योजना में मकानों पर कब्जा दिया गया। इसके बाद भी कई महिलाएं मकान का पंजीकरण कराने के लिए अधिकारियों के कैम्प ऑफिस के बाहर एलडीए उपाध्यक्ष से मिलने के लिए बैठी रहीं। उनका कहना था कि हमें भी आवंटन पत्र जारी करके मकान दिया जाए।

अकबर नगर प्रथम में मकान ढहाती पोकलेन मशीन। अमृत विचार

अकबर नगर प्रथम में तीन दिनों में 450 मकान तोड़े

अकबरनगर द्वितीय के निर्माण तोड़ने के बाद पिछले तीन दिनों में एलडीए ने अकबरनगर प्रथम में 450 मकान ध्वस्त कर दिए हैं। शनिवार को ध्वस्तीकरण के लिए 12 पोकलेन मशीनें, 12 जेसीबी और 15 पानी के टैंकर लगाये गए। एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि ध्वस्तीकरण अभियान तेज कर दिया गया है। बाकी 400 अवैध मकान दो दिन में तोड़ दिए जाएंगे।

सुधरने लगी पीएम आवास की सूरत

बसंतकुंज योजना में बने अधूरे प्रधानमंत्री आवासों में विस्थापितों को शिफ्ट करने के बाद शासन ने एलडीए से जवाब तलब किया था। इसके बाद एलडीए ने अधूरे प्रधानमंत्री आवासों में दरवाजे, पानी, बिजली आदि मूलभूत सुविधाएं देने का काम शुरू कर दिया। कुछ ब्लाक में अधूरे काम पूरे हो चुके हैं।

अकबर नगर प्रथम में बने अधिकारियों के कैम्प के बाहर बैठीं महिलाएं। अमृत विचार

लेखक वीर विनोद छावड़ा अस्पताल में भर्ती

अमृत विचार, लखनऊ : प्रख्यात उर्दू कहानीकार रामलाल के बेटे और फिल्मी और गैर फिल्मी विषय पर शानदार तरीके से कलम चलाने वाले वीर विनोद छावड़ा को हृदय में समस्या की वजह से बीती रात गोमतीनगर स्थित डिवाइन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डिवाइन अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक़ अस्पताल आने के बाद से अब उनकी सेहत में कुछ सुधार हुआ है। सूचना पर वीर विनोद छावड़ा से मिलने अस्पताल पहुंचीं लेखिका डॉ. अवंतिका सिंह को वे क्रिटिकल केयर यूनिट में मुस्कुराते हुए मिले। बोले, जीना इसी का नाम है। उनसे मिलने आ रहे लेखकों ने उम्मीद जताई है कि वीर विनोद छावड़ा जल्द स्वस्थ होकर घर लौटेंगे और फिर से अपने कलम का जादू दिखाएंगे।

पुलिस ने चिह्नित किए 65 हॉटस्पॉट

95 ईदगाह और 1149 मस्जिदों में होगी बकरीद की नमाज

अमृत विचार, लखनऊ : बकरीद सोमवार को है। इस दिन राजधानी के 95 ईदगाह और 1149 मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने राजधानी में 65 हॉटस्पाट चिह्नित किए हैं। सुरक्षा की जिम्मेदारी 5 डीसीपी समेत करीब 367 पुलिस कर्मियों पर होगी। विशेष तौर पर पश्चिम जोन को 5 सेक्टर और 2 जोन में बांटा गया है। सभी प्रमुख मस्जिदों और ईदगाह के पास सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। जिनसे नजर रखी जाएगी।

जेसीपी कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि 17 जून को बकरीद की नमाज अदा होगी।

जिसके लिए नमाजी बड़ी संख्या में ऐशबाग ईदगाह, टीले वाली मस्जिद और आसिफी इमामबाड़ा पहुंचते हैं। इसे देखते हुए तीनों ही जगहों पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं। ईदगाह और मस्जिदों के रास्तों पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही ड्रोन का भी इस्तेमाल होगा। साथ ही चेकिंग और सोबोटॉज टीमें भी तैनात रहेंगी।

कुर्बानी की पोस्ट वायरल न करने की अपील

जेसीपी कानून-व्यवस्था ने लोगों से अपील की है कि कुर्बानी की पोस्ट सोशल मीडिया पर न डालें। कुर्बानी तय स्थानों पर की जाएगी। साथ ही साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखना होगा। नियत स्थान के इतर और खुले स्थान में कुर्बानी करने की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कुर्बानी से जुड़ी फोटो और वीडियो पोस्ट नहीं करने के लिए कहा गया है। इस संबंध में धर्मगुरुओं ने भी अपील की है।

पीएसी-आरएएफ भी तैनात

सुरक्षा के लिए पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त फोर्स उपलब्ध कराई गई है। 5 डीसीपी, 10 एडीसीपी, 12 इंस्पेक्टर, 100 दरोगा, 5 महिला एसआई, 190 सिपाही, 38 महिला सिपाही, पीएसी की 16 कम्पनी के साथ 2 प्लाटून, 2 कम्पनी आरएएफ और 6 माउंटेड पुलिस तैनात रहेगी। साथ ही 74 क्लस्टर मोबाइल, 13 क्यूआरटी और 112 की टीमें भी सक्रिय रहेंगी।

उपलब्धि बलरामपुर अस्पताल में पहली बार हुआ ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया का सफल ऑपरेशन

तीन घंटे का जटिल ऑपरेशन, छह वर्ष बाद मुस्कुराए अशोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सकों ने साढ़े तीन घंटे का जटिल आपरेशन कर दुर्लभ रोग ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया (चेहरे की नसों में भीषण दर्द) से पीड़ित अशोक कुमार (46) के चेहरे पर मुस्कुराहट लौटाई है। इस तरह का आपरेशन बलरामपुर अस्पताल में पहली बार किया गया है।

प्रतापगढ़ के रहने वाले अशोक छह साल से दाहिने चेहरे पर असहनीय दर्द से इतने परेशान थे कि मुस्कुरा भी नहीं पाते थे। हाथ फिराने या हवा के झोंके से भी उन्हें असहनीय दर्द होता था जो घंटों तक रहता था। वे दातून-कुल्ला भी नहीं कर पाते थे। खाना खाने और पानी पीते समय भी दर्द उन्हें बेचैन कर देता था।

न्यूरोसर्जन डॉ. विनोद तिवारी ने उनकी एमआरआई जांच कराई तो दुर्लभ रोग ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया की पुष्टि हुई। ब्रेन की पांचवीं नस को उसी की नाड़ी ने दबाया हुआ था। इससे फालिज का भी खतरा था। अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया डॉ. विनोद तिवारी, डॉ. एएस चंदेल, डॉ. बीबी भट्ट, डॉ. शुभम, डॉ. गार्गी शुक्ला और सिस्टर्स निर्मला मिश्रा, उर्मिला सिंह, सीमा शुक्ला व दया, ओटी स्टाफ गिरीश, कृष और ऋषि की टीम ने आपरेशन किया।

ज्यादातर मरीज शुरुआत में इस बीमारी के दर्द को दांतों से जुड़ा दर्द मान कर नजरअंदाज करते हैं। यह पूरे चेहरे का दर्द होता है जिसमें चेहरे के एक साइड पर कुछ सेकंड या कुछ मिनटों के लिए तेज दर्द होता है। बहुत ज्यादा गर्मी या बहुत ज्यादा ठंड हो तब भी ये दर्द बढ़ जाता है। शुरुआत में इंजेक्शन और दवाओं से बीमारी को ठीक किया जा सकता है।

ऑपरेशन करने वाली बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों की टीम। अमृत विचार

बीमारी के लक्षण

- ब्रश करने पर पूरे चेहरे में तेज दर्द महसूस होना।
- चेहरे को छूने पर दर्द होना।
- शेविंग करने या चेहरे पर मेकअप लगाने पर दर्द होना।
- खाने-पीने के दौरान दर्द महसूस होना।
- बोलने या हंसने पर भी चेहरे पर तेज दर्द महसूस होना।

सबसे तकलीफदेह बीमारियों में से एक

ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया दुनिया की सबसे तकलीफदेह बीमारियों में से एक है। इस में चेहरे के किसी खास हिस्से में चाकू मारने या बिजली का करंट लगने जैसा तेज दर्द महसूस होता है। यह दर्द ट्राइजेमिनल नाम की नस में होता है जो चेहरा, आंख, साइनस और मुंह में होने वाले अहसास को दिमाग तक पहुंचाती है। 50 साल की उम्र के बाद इसका खतरा अधिक रहता है।

पत्नी से विवाद के बाद जिम ट्रेनर गोमती में कूदा

अमृत विचार, लखनऊ : पत्नी से विवाद के बाद जिम ट्रेन गोमती नदी में कूद गया। शनिवार दोपहर को उसे कूदता देख पास में मौजूद गौतमपल्ली थाने के सिपाहियों ने गोताखोरों की मदद से बचा लिया। उसे थाने ले जाकर पूछताछ की। इसके बाद परिजन को सुपुर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक गौतमपल्ली ने बताया कि राजाजीपुरम निवासी सत्यम मिश्रा जिम ट्रेनर है। वह दोपहर करीब 3.30 बजे गांधी सेतु के पास पहुंचे। वहां अपनी बुलेट खड़ी की। इसके बाद सत्मय ने नदी में छलांग लगा दी। उसे कूदता देख आसपास के लोगों पुलिस चौकी पर सूचना दी। वहां मौजूद सिपाहियों ने गोताखोरों की मदद से तत्काल सत्यम को बाहर निकाला। उसे सिविल अस्पताल लेकर गये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद थाने लेकर गए। परिजन को सूचना दी। थाने पहुंचे परिजन ने बताया कि सुबह सत्यम की पत्नी से किसी बात पर कहासुनी हुई थी। इसी कारण उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने सत्यम को परिजन को सुपुर्द कर दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक नजर

नगर निगम ने पांच टन प्रतिबंधित पॉलीथीन की जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने जोन 8 के राजा बिजली पासी प्रथम वार्ड में ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग 6 के पीछे एफ 454 पर छापेमारी की। अविनाश तिवारी उर्फ लल्ला तिवारी के गोदाम में खड़े ट्रक से पांच टन प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त करने के साथ गोदाम सील कर दिया। गोदाम के मालिक और ट्रक चालक संजय के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की गई। छापेमारी में जोनल अधिकारी जोन 8 अजीत राय, कर अधीक्षक ओम प्रकाश सोनी, क्षेत्रीय खाद्य एवं सफाई निरीक्षक सुमित मिश्रा उपस्थित रहे।

19 से सभी उड़ानों का संचालन टर्मिनल-3 से

अमृत विचार, सरोजनीनगर : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले सभी अन्तर्राष्ट्रीय विमानों का संचालन अब 19 जून से टर्मिनल-3 से किया जाएगा। इससे पहले भी एयरपोर्ट प्रशासन दो बार इन तिथियों की घोषणा कर चुका है लेकिन टर्मिनल-3 से संचालन न शुरू होने के चलते कई दिनों तक यात्री भटकते रहे।। लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों को नए टर्मिनल के बारे में जानकारी देने के लिए जगह-जगह पर सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं। इसके साथ-साथ एयरपोर्ट पर साइनेज भी लगाए गए हैं। इससे यात्रियों को या फिर उन्हें लेने-छोड़ने आने वालों को कोई दिक्कत नहीं होगी।

पैसेंजर ट्रेनों के संचालन से किराया होगा कम

अमृत विचार, लखनऊ : एक जुलाई से 24 स्पेशल ट्रेनों के नंबर बदलकर पैसेंजर ट्रेन के रूप में चलाए जाने से यात्रियों को राहत मिलेगी। इसके चलते 50 प्रतिशत तक ट्रेनों का किराया कम करने की तैयारी की जा रही है। लखनऊ और कानपुर का किराया 45 रुपये प्रति व्यक्ति की जगह 20 रुपये तक पहुंच सकता है। बताते चलें कि कोविड के पहले पैसेंजर, मेमू आदि ट्रेनों को नियमित नंबरों से चलाया जाता था। कोविड के दौरान इन सभी ट्रेनों का संचालन निरस्त कर दिया गया था। जब दोबारा इन ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ तो पैसेंजर ट्रेनों के नंबर बदलकर स्पेशल बनाकर चलाया गया। इसके चलते किराया महंगा हो गया।

15 दिनों में निस्तारित होंगी खतौनी से जुड़ीं शिकायतें

सदर तहसील में डीएम ने अधिवक्ताओं को दी रियल टाइम खतौनी के बारे में जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

482 शिकायतें मिलीं पांच तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस में

99 शिकायतें मौके पर ही निस्तारित, शेष संबंधित विभागों को भेजीं

अमृत विचार : खतौनियों में अंश निर्धारण संबंधित आपत्तियों का 15 दिन में निस्तारण कराया जाएगा। यह जानकारी सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनने के बाद जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने अधिवक्ताओं को रियल टाइम खतौनी के बारे में दी। जिले की पांचों तहसीलों में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 482 शिकायतों में से 99 का मौके पर निस्तारण किया गया।

डीएम ने शिकायतकर्ताओं को फोन करके फीडबैक भी लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। निस्तारण में लापरवाही पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सदर तहसील में 54 में से 28, मलिहाबाद में 52 में से पांच, बीकेटी में 119 में से 22, मोहनलालगंज में 154 में से 33 और सरोजनीनगर में 103 में से 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। समाधान दिवस में पुलिस से संबंधित 71, राजस्व एवं पुलिस की 17, राजस्व की 260, विकास से संबंधित 30, शिक्षा से संबंधित दो, समाज कल्याण विभाग की 12, नगर निगम की सात शिकायतें मिलीं। इसके अलावा 83 अन्य प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

सदर तहसील सभागार में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी। अमृत विचार

अल्टीमेटम : हफ्तेभर में नलकूप चालू नहीं किया तो बीकेटी तहसील में किसान देंगे धरना

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : नलकूप विभाग व विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण 15 साल से खराब नलकूप आज तक चालू नहीं हो पाया। हालांकि इसे एक साल पहले ही रीबोर किया जा चुका है। अगर एक हफ्ते में इसे चालू नहीं किया गया तो सैकड़ों किसान धरना-प्रदर्शन करेंगे।

यह अल्टीमेटम गोहना कला की ग्राम प्रधान रीतू सिंह ने समाधान दिवस में राजकीय नलकूप संख्या 198 के बारे में शिकायतपत्र देते हुए तहसीलदार विजय कुमार सिंह को दिया। समाधान दिवस में शनिवार को कुल 119 शिकायतें आई जिनमें 22 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं कमालपुर सिरसा ग्राम पंचायत की महिला प्रधान आशा ने राजकीय नलकूप संख्या 225 की नाली निर्माण और लीकेज के मरम्मत कार्य में विभागीय अधिकारियों पर धांधली का आरोप लगाया।

बीकेटी में शिकायतें सुनते अधिकारी।

औरंगाबाद खालसा में घंटों गुल रही बिजली

अमृत विचार,लखनऊ: आधी रात नादरगंज डिवीजन में एबीसी लाइन में आग लगने से औरंगाबाद खालसा, औरंगाबाद जागीर, और अलखनंदा स्टेट की बिजली बाधित हो गई।

वहीं दूसरी तरफ गीता पल्ली के सेक्टर-7 में रखे ट्रांसफार्मर में आग लगने से करीब एक हजार लोग प्रभावित रहे। रात 11 बजे बिजली बाधित हुई, तो सुबह 9 बजे के बाद लोगो को सप्लाई मिली।आलमबाग के नटखेड़ा रोड़ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा ने बताया कि गुल नटखेड़ा रोड,गोविन्द रोड और जय प्रकाश नगर में बिजली गुल होने से पानी के लिए लोग परेशान रहे। शुक्रवार रात 2 बजे बाधित सप्लाई सुबह 10 बजे सुचारु हो सकी।

हड़ताल पर रहे नैनीताल बैंक के कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः नैनीताल बैंक का विनिवेश कर प्राइवेट हाथों में दिए जाने के विरोध में नैनीताल बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शनिवार को एक दिवसीय हड़ताल की। बैंक की समस्त शाखाएं और कार्यालय बंद रहे। बैंक ऑफ़ बड़ौदा प्रबंधन की सद्बुद्धि के लिए प्रधान कार्यालय नैनीताल में हवन भी किया गया। साथ ही मैनेजिंग डायरेक्टर एवम सीईओ निखिल मोहन को ज्ञापन सौंपा गया।

नैनीताल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री पीयूष पयाल ने बताया कि नैनीताल बैंक 1922 में स्थापित एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक है, जो एक सदी से भी अधिक समय से उत्तराखंड राज्य के विकास से जुड़ा हुआ है। नैनीताल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा के स्वामित्व वाला बैंक है जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा 98.57% हिस्सेदारी रखता है। वर्ष 2018 से ही बैंक ऑफ बड़ौदा नैनीताल बैंक के विनिवेश के नाम पर

हजरतगंज स्थित नैनीताल बैंक के बाहर प्रदर्शन करते अधिकारी व कर्मचारी।

बैंक को निजी हाथों में बेचने का किया विरोध, बुद्धि शुद्धि के लिए किया हवन, सीईओ को सौंपा ज्ञापन

प्राइवेट हाथों में देने की कोशिश कर रहा है। 2018 में नैनीताल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन ने लोकसभा की याचिका समिति में वाद दायर किया था। याचिका समिति ने वर्ष 2018 और वर्ष 2020 में नैनीताल बैंक के बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय की संस्तुति दी थी। बावजूद इसके बैंक ऑफ बड़ौदा इसके विनिवेश की तैयारी में है। इससे नैनीताल बैंक के कर्मचारी सेवा शर्तों के परिवर्तित होने को लेकर चिंतित हैं।

एसोसिएशन ने याचिका समिति एवं रिजर्व बैंक की सिफारिश लागू किए जाने की मांग उठाई। कहा कि कर्मचारियों और अधिकारियों के भविष्य से खिलवाड़ बंद हो। डिसइनवेस्टमेंट के नाम पर बैंकिंग लाइसेंस बेचना बंद हो। प्रदर्शन में मुख्य रूप से निर्मल जोशी, साहिल खान, अमरेश कुमार रहे।

हफ्ते में तीन दिन लखनऊ होकर गुजरेगी मुंबई की ट्रेन

अमृत विचार, लखनऊ : । रेलवे ने गोरखपुर से मुंबई वाया लखनऊ होते हुए दोनों दिशाओं से तीन-तीन तरफ फेरों के लिए विशेष ट्रेन चलाने की तैयारी की है। 17 जून से इनका संचालन शुरू होगा।

ट्रेन नंबर 05325 गोरखपुर से 17 से 28 जून तक हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को रात 9.15 बजे चलकर दूसरे दिन लखनऊ मध्य रात्रि के बाद 2.55 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन तीसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 7.25 बजे पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन (नंबर 05326) 19 से 30 जून तक हर बुधवार, शुक्रवार और रविवार को सुबह 10.25 बजे चलकर दूसरे दिन लखनऊ सुबह 11.45 बजे पहुंचकर शाम 6:00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मैं रामकिशोर पुत्र स्वर्गीय मेवा लाल निवासी सरसौली अकोहरा थाना सिधौली जनपद सीतापुर का निवासी हूं। मैं अपने बड़े पुत्र सूरज कुमार व उसकी पत्नी आरती से अपना संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद से सूरज कुमार व उसकी पत्नी आरती के किसी भी कृत्य के लिए मै और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना
सूचित किया जाता है कि अभि0 शिवा पुत्र बच्चू कनौजिया, निवासी-माधोगंज, सीपेट चौराहा थाना सरोजनीनगर, लखनऊ, मा0 न्याया0 में मु0सं0-943/18 धारा-395,412 भादवि0 थाना-पीजीआई लखनऊ मे उपस्थित नहीं हो रहा है। जिसके विरुद्ध मा0 न्यायालय से गिरफ्तारी वारन्ट व धारा- 82 सीआरपीसी की नोटीस जारी हुआ है।,

सूचना
सूचित हो कि मै **रामेश्वरी पत्नी राजाराम, निवासी- भखारौली कनपुरवा, पोस्ट- कुंडासर कैसरगंज बहराइच** मेरा नाम कुछ अभिलेखों में त्रुटिवश रामश्री देवी अंकित हो गया था जबकि सही नाम रामेश्वरी है और दोनो नाम मेरे ही है।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे आधारकार्ड में SUFAL BISWAS लिखा है जो सही है, जबकि पासपोर्ट में SUFAL VISHWAS दर्ज है जो गलत है अतः SUFAL BISWAS लिखकर सही किया जाए और यही समझा जाए। **सुफल बिस्वास, निवासी- भिखारीपुर खुर्द सेमरी कलां गोंडा**

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHD FAISAL था से बदलकर MOHAMMAD FAISAL रख लिया है। अब मुझे MOHAMMAD FAISAL के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0 RIYAZ AHMAD H.NO- 16, MOHALLA VAIRA KAJI JARWAL TOWN BAHRAICH-271904

सूचना
मैं शैलेंद्र कुमार पुत्र श्री भरत यादव निवासी मकान नंबर 570/870 सी गोपालपुरी आलमबाग लखनऊ मेरे पुत्र का नाम आधार पर अंकित कुमार दर्ज है जबकि वास्तविक नाम अनिकेत यादव है अंकित कुमार को भविष्य में अनिकेत यादव के नाम से जाना वहां पहचान जाए

सूचना
मैं संतलाल नाकाऊ पुत्र स्वर्गीय बेचालाल निवासी केशरी खेड़ा गुरहा रायबरेली मेरे आधार कार्ड पर नाम नाकाऊ दर्ज हो गया हैं जबकि वास्तविक नाम संत लाल नाकाऊ है संतलाल तथा संतलाल नाकाऊ दोनों एक ही नाम है

सूचना
मै सतेन्द्र कुमार पुत्र भरत यादव निवासी - म.न. - 570/870 सी गोपालपुरी आलमबाग लखनऊ मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर अमन कुमार दर्ज है जबकि वर्तमान वास्तविक नाम हिंमाशु यादव कर दिया हैं। अमन कुमार को भविष्य में हिंमांशु यादव के नाम से जाना व पहचाना जाए

सार-संक्षेप

एडवांस एमआरआई से स्लीप एपनिया का पता चलेगा

अमृत विचार, लखनऊ : स्लीप एपनिया (नींद से जुड़ी श्वास संबंधी रोग) की पहचान एडवांस एमआरआई से की जा सकती है। यह कामयाबी सीबीएमआर(सेंटर फॉर बायोमेडिकल रिसर्च) और पीजीआई के शोध में मिली है। शोध सीबीएमआर के डॉ. अहमद रजा खान ने पीजीआई के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के डॉ. जिया हाशिम और रेडियोडायग्नोसिस विभाग के डॉ. जफर नियाज के साथ किया। डॉ. अहमद के मुताबिक डिफ्यूजन एमआरआई से ऊतक सूक्ष्म संरचना के बदलाव के आधार पर स्लीप एपनिया का पता लगाया है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी में सोते समय व्यक्ति की सांस में रुकावट पैदा होती है।सही वक्त पर उपचार न मिलने पर बीमारी जानलेवा हो सकती है। एडवांस एमआरआई से ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) के दिमाग की सूक्ष्म संरचना पर पड़ने वाले प्रभाव का पता लगाया गया है। इससे 20-30 माइक्रोन तक के ऊतक परिवर्तनों की जांच की जा सकती है।

सीबीएमआर और पीजीआई के शोध में मिली कामयाबी

कार्यक्रम की दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत करते निदेशक। अमृत विचार

पेट दर्द और थकान न्यूरो एंडोक्राइन ट्यूमर के लक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : लगातार पेट में दर्द और थकान न्यूरो इंडोक्राइन ट्यूमर (एनईटी) के लक्षण हो सकते हैं। इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह जानकारी पीजीआई की ओर से आयोजित इंडोक्राइन ट्यूमर कांफ्रेंस में इंडोक्राइन सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. सुशील गुप्ता दी। उन्होंने बताया कि वजन कम होना, दस्त आना, त्वचा पर घाव आदि इसके अन्य लक्षण हैं। कानपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित दो दिवसीय एनईटी कांफ्रेंस के पहले दिन शनिवार को देश और विदेश से आए डॉक्टरों ने इस ट्यूमर की पहचान और उपचार की नवीन तकनीक साझा की। डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि इस ट्यूमर का उपचार दवाओं, ऑपरेशन व परमाणु चिकित्सा से संभव है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि इस तरह के ट्यूमर का उपचार में इंडोक्राइन सर्जरी, न्यूरोसर्जरी और न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के डॉक्टर मिलकर करते हैं। कांफ्रेंस इंक्राइनोलॉजिस्ट , ऑन्कोलॉजिस्ट,इंडोक्राइन सर्जन, न्यूरोसर्जन, न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के डॉक्टर शामिल हुए।

एमआरआई से होती है बीमारी की सटीक जांच

अमृत विचार, लखनऊ : एमआरआई जांच से गंभीर बीमारी की सटीक जानकारी मिलती है। इससे चिकित्सकों को इलाज करने की दिशा तय करने में आसानी होती है। यह जानकारी लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने रेडियोडायग्नोसिस विभाग की ओर से शनिवार से विशेष एमआरआई टीचिंग कोर्स में दी। यह कोर्स 17 जून तक चलेगा। इसमें देशभर के 150 से अधिक डॉक्टर हिस्सा ले रहे हैं। कोर्स के मुख्य आयोजक डॉ. गौरव राज अग्रवाल ने कहा कि सिर से लेकर पैर तक की ज्यादातर बीमारियों का पता लगाने में एमआरआई जांच अहम है। डीन डॉ. प्रदयुमान सिंह, सीएमएस डॉ. एके सिंह, पीजीआई में रेडियोडायग्नोसिस विभाग की अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, केजीएमयू रेडियोडायग्नोसिस विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनित परिहार, गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. गणेश कुमार मौजूद रहे।

बलरामपुर अस्पताल को दान किए स्ट्रेचर और व्हीलचेयर

अमृत विचार, लखनऊ : मरीजों की बेहतर सेवा के लिए धनवंतरि सेवा संस्थान की ओर से शनिवार को बलरामपुर अस्पताल के ओपीडी परिसर में आयोजित समारोह में पांच स्ट्रेचर और दो व्हीलचेयर दान की गई। अस्पताल के पूर्व निदेशक डॉ. राजीव लोचन मुख्य अतिथि रहे। निदेशक डॉ. पवन कुमार,धनवंतरी सेवा संस्थान के अवधेश, अस्पताल के मुख्य चिकत्सा अधीक्षक डॉक्टर एनबी सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, चीफ फार्मासिस्ट राजीव कनौजिया, सुरेश मणि त्रिपाठी सहित कई अन्य डाक्टर मौजूद रहे।

दान किए हुए स्ट्रेचर और व्हीलचेयर के साथ अस्पताल निदेशक व अन्य। अमृत विचार

सऊदी अरब में दुश्वारियां झेल रहे हज यात्री : अनीस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: देश भर के हज यात्री सऊदी अरब में दुश्वारियां झेल रहे हैं। उन्हें ठहरने के लिए होटल तो दूर टेंट की सुविधा भी नहीं मिल रही। भीषण गर्मी में भारतीय हज यात्री खुले आसमान के नीचे समय बिता रहे हैं। यह आरोप पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने शनिवार को प्रेस वार्ता में हज कमेटी ऑफ इंडिया और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय पर लगाए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से उच्च स्तरीय जांच की अपील की है।

अनीस मंसूरी ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय और हज कमेटी ऑफ इंडिया पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। मक्का में लिफ्ट के डक्ट में गिरकर बिहार के दो हाजियों की मौत के मामले में उन्होंने मृतकों के परिजनों को बीमा के अलावा एक-एक करोड़ रुपये मुआवजे की मांग की है। 22 जून से हज यात्रियों की वापसी शुरू होगी।

कहां गई 67 करोड़ रुपये मुआवजे की रकम

अनीस मंसूरी ने बताया कि पिछले साल के हाजियों की परेशानियों को देखते हुए सऊदी हुकूमत ने हरजाने के रूप में 30 मिलियन रियाल (लगभग 67 करोड़ रुपये) बांटने को दिए थे, लेकिन किसी भी हाजी को वो रकम नहीं बांटी गई। वह पैसा कहां गया इसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए।

लिखित बयान के आधार पर धनराशि वापसी कराएगा रेरा

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) शिकायतकर्ता के लिखित बयान के आधार पर धनराशि वापसी कराएगा। प्राधिकरण ने कई मामलों में पाया है कि रेरा पीठ में सुने गए मामलों में निर्णय देने के बाद शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गयी धनराशि में बदलाव किया जा रहा है। शिकायतकर्ता द्वारा धनराशि स्पष्ट न होने से पीठ से प्राप्त अंतिम आदेश पर भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है तथा शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब होता है।

इस समस्या के निस्तारण के लिए प्राधिकरण ने शिकायतकर्ता द्वारा मांगी गयी धनराशि तथा पीठ में हुई बहस के अनुसार अंतिम आदेश जारी करने के पहले वाद को बल देने के लिए लिखित बहस प्रस्तुत करने की व्यवस्था की गई है। जिसमें शिकायतकर्ता रेरा पीठ के समक्ष याचित अनुतोष लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकेगा।रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि वादों का शीघ्र निस्तारण करने के लिए शिकायतकर्ताओं से याचित अनुतोष का संक्षिप्त और सटीक विवरण रखने के लिए मानक प्रारूप तैयार कराया है।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत हैः-
क्रम सं.-01, ई-निविदा संख्याः NER-LJN-GS-2024-05 (Two Packet System), कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति/लखनऊ जं. कार्यालय एवं सम्बन्धित कार्यालयों के लिये सामान्य परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिये सामान्य परामर्शदाता की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव (आर.एफ.पी.), अनुमानित लागत (रु): 6,80,01,450.53, अग्रिम धन (रु): 4,90,000/-, समापन अवधिः 36 माह।
(1) उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-GS-2024-05 के लिये ई-निविदा दिनांक 29-07-2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है एवं उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी।
(2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
मण्डल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट, लखनऊ
मुजाधि/डब्लू-123
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

त्रिवेणी काशी महाविद्यालय
सेमरी-रायबरेली (कानपुर-रायबरेली रोड)
सम्बद्ध :- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ0प्र0)
E-mail:tkmv2016@gmail-com
त्रिवेणी काशी महाविद्यालय सेमरी, रायबरेली
सम्पर्क सूत्र- 8887769426, 9044794511
अ्व वित्तपोषित योजना के अन्तर्गत: निम्न पदों पर UGC द्वारा पी.एच.डी./नेट अर्हताधारी प्राचार्य / प्रवक्ता हेतु एक-एक पद की आवश्यकता है।
प्राचार्य पद हेतु :- 01 पद अनुभव 15 वर्ष।
कला संकाय प्रवक्ता पद हेतु: हिन्दी साहित्य विषय हेतु 01 पद।
नोट :- इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।
कमल बहादुर सिंह
प्रबन्धक
त्रिवेणी काशी महाविद्यालय
सेमरी-रायबरेली

कार्यालय ग्राम पंचायत सतवाखेड़ा विकास खंड सरेनी, जनपद रायबरेली
दिनांक 20/04/2024
अल्पकालीन निविदा सूचना/ टेंडर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केंद्रीय वित्त/ राज्य वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सतवाखेड़ा में 2024-25 हेतु निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे इंटरलाकिंग ब्रिक्स, ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट सीधा, खंजड़, मौरंग, सीमेंट, बालू इत्यादि क्रय की जानी है। जिसके लिए रजिस्टर्ड फर्मो से सामग्री आपूर्ति हेतु रेट कोटेशन निविदा प्रकाशन के 3 दिन के अंदर आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदाएं अगले कार्य दिवस को सायं 3 बजे निविदा दाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी। न्यूनतम दर प्राप्त कोटेशन ही स्वीकार किया जायेगा स्वीकरोपरांत उक्त सामग्री इस वित्तीय वर्ष में आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। प्रस्तुत दरें लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दरों से अधिक नहीं होंगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेश पर की जाएगी। ग्राम पंचायत को बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।
ग्राम प्रधान — ग्राम पंचायत सतवाखेड़ा, विकास खंड सरेनी, जनपद रायबरेली
सचिव — ग्राम पंचायत सतवाखेड़ा, विकास खंड सरेनी, जनपद रायबरेली

कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद - रायबरेली
पत्रांकः 118/अधि0अधि0न0प0स0/ई-टेण्डर/ 2024-25 दिनांकः 14/06/2024
अल्पकालीन ई-निविदा सूचना
एतदद्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 में पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सलोन में निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स / कान्ट्रैक्टर्स / बेन्डर्स से दिनांक - 15.06.2024 से 06.07.2024 सांय 05: 00 बजे तक ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है, जिसकी समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। दिनांक 08.07.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे निविदाएं खोली जायेगी । टेण्डर स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निर्देशानुरूप जी.एस.टी. भी मान्य होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
नोट - शासन द्वारा प्राप्त प्रथम किस्त की धनराशि से भुगतान किया जायेगा शेष भुगतान द्वितीय किस्त प्राप्त होने पर किया जायेगा।
टेण्डर शेड्यूल (WWW.etender.up.nic.in पर)

क0 स0	नगर पंचायत	ठेकेदार	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	अन्तिम दिनांक एवं समय
1	Tender Release		15.06. 2024 10.00AM	-
		Tender Download	15:06.2024 10.00AM	06.07. 2024 05.00PM
		Bid Submission	15:06.2024 10.00AM	06.07. 2024 05.00PM
	Bid Opening		08:07.2024 01.00AM	

"कार्य-विवरण"

क्र. सं.	कार्य / स्थल का विवरण	अनुमानित लागत (GST सहित)	जमानत राशि 02 प्रति0	निविदा फार्म शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	नगर पंचायत सलोन के विस्तारित क्षेत्र में स्वच्छ जलापूर्ति हेतु पाईप लाईन का विस्तार	2321000.00	39400.00	2400.00	01 माह
2.	नगर पंचायत सलोन के वार्ड नं0 05 मोहल्ला गोरही में 20 एच0पी0 पम्प हाउस के अधिष्ठापन का कार्य व पाईप लाईन का विस्तार।	3572000.00	60600.00	3600.00	01 माह
3.	नगर पंचायत सलोन के वार्ड नं0 07 शिवदीन का पुरवा में 820 ए0पी0 पम्प हाउस के अधिष्ठापन का कार्य व पाईप लाईन का विस्तार।	3393000.00	57600.00	3400.00	01 माह
4.	नगर पंचायत सलोन के वार्ड नं0 03 मोहल्ला औना सदरा में 20 एच0पी0 पम्प हाउस के अधिष्ठापन का कार्य व पाईप लाईन का विस्तार।	3056000.00	51800.00	3100.00	01 माह
5.	नगर पंचायत सलोन के वार्ड नं0 01 मोहल्ला पूरे बाबू में 20 एच0पी0 पम्प हाउस के अधिष्ठापन का कार्य व पाईप लाईन का विस्तार।	3393000.00	57600.00	3400.00	01 माह

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सलोन रायबरेली
अध्यक्ष नगर पंचायत सलोन रायबरेली

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
— A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC —
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
20 वर्षों से अधिक अनुभव
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

एक नजर

सिविल सर्विसेज प्रारंभिक परीक्षा आज

अमृत विचार, लखनऊ : रविवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से सिविल सर्विसेज की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन शहर में होगा। परीक्षा 86 केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। दो पालियों में आयोजित परीक्षा में 40 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा में आधा घंटे पहले ही केंद्रों के गेट बंद कर दिए जाएंगे। पहली पाली 9 :30 से 11 :30 बजे तक चलेगी। वहीं दूसरी पाली का आयोजन 2 :30 से 4 :30 बजे तक रहेगा। शासन ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। इसमें मंडलायुक्त डॉ. रौशन जैकब सहित अन्य अधिकारी हैं।

पूर्व कुलपति का निधन, शोक सभा आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में पाश्चात्य इतिहास के रिटायर्ड प्रो. और पूर्व कुलपति प्रो. केके कौल का शुक्रवार देर रात ब्रेन स्ट्रोक के कारण निधन हो गया। आकस्मिक निधन को लेकर मंथन हॉल में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने श्रद्धांजलि सभा रखी। उन्होंने कहा कि प्रो. कौल अपने पीछे पत्नी डॉ. गायत्री कौल और पुत्री को छोड़ गए हैं। उनका जन्म 29 जनवरी 1938 में पाकिस्तान के लाहौर शहर में हुआ था। प्रो. कौल ने अपनी उच्च शिक्षा लविवि से की थी। वर्ष 1998 में प्रोफेसर के पद पर कार्य करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति भी बने।

एमबीए, बीटेक का परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने विवि और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में सम सेमेस्टर की परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसमें एमबीए और बीटेक शामिल हैं। विषयों में सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित अन्य विषयों के परिणाम विवि की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

भाषा विवि में कैंपस प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट द्रीवेब का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग संकाय के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के बीटेक के पांच छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ। छात्रों का चयन 4 .10 लाख रुपये वार्षिक वेतन पर हुआ।

एक क्लिक पर बोलकर पढ़ाएंगी ब्रेल लिपि की किताबें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अब देखने में अक्षम छात्रों को पढ़ाने के लिए एक खास साफ्टवेयर तैयार किया गया है। ब्रेल लिपि की किताबों को इससे जोड़कर एक क्लिक पर वो बोलने लगेंगी। इससे उनके पढ़ाई की राह आसान हो जाएगी। यह सॉफ्टवेयर डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय द्वारा बनाया गया है।

दिव्यांग छात्रों को ये किताबें 146 विदेशी भाषाओं को सुनाने और पढ़ाने का कार्य करेगी। कुलपति प्रो. संजय सिंह ने बताया कि पुनर्वास विवि ने ब्रेल जॉज सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इस सॉफ्टवेयर को ब्रेल लिपि से जुड़ी पुस्तकों में जोड़ दिया गया है। संबंधित छात्र को जिस विषय की जानकारी करनी होती है, उस पर क्लिक करते ही पुस्तक लेख को रूपांतरित कर सुनाने और पढ़ाने दोनों का कार्य करने लगती है।

पुनर्वास लाइब्रेरी के विस्तार को लेकर बैठक करते विभागाध्यक्ष। अमृत विचार

कुलपति ने बताया कि लुई ब्रेल कम्प्यूटर लाइब्रेरी की ब्रेल लिपि में मौजूद किताबों की व्यवस्था को ऑनलाइन कर दिया गया है। इससे अन्य विवि और महाविद्यालयों के छात्रों को विवि वेबसाइट पर जाकर साइट खोलकर पढ़ने में मदद मिल रही है।

▸▸ 29,412 पुस्तकें लाइब्रेरी में उपलब्ध

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या 26 हजार 868 है। वहीं दुलर्भ पुस्तकों की सख्या 1 हजार 529 और ब्रेल पुस्तकों की संख्या 1015 है। कुल पुस्तकों की संख्या 29 हजार 412 है। कुलपति का कहना है कि आगामी शैक्षिक सत्र में 40 हजार पुस्तकें उपलब्ध कराने की योजना है।

▸▸ एमओयू की प्रक्रिया पूरी

कुलपति ने बताया कि इन्फ्लिबनेट संस्था के साथ एमओयू की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। शोध प्रबंध एवं शोध पत्र को प्रकाशित करने के लिए एंटी प्लागिरिज्म सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है। समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल और एम एस कंटिन्यूम इलेक्ट्रोप्रोडक्ट से एमओयू की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। विस्तार को लेकर विभागाध्यक्षों ने बैठक भी की है।

गणित के सवालों ने उलझाया अन्य विषयों ने दी राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अनिका ऑनलाइन इक्जाम सेंटर में आयोजित की गई एनएफएटी परीक्षा

अमृत विचार : नेशनल फारेंसिक साइंसेंस विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा (एनएफएटी) 2024 का शहर के एक केंद्र पर आयोजन हुआ। प्रवेश परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों में गणित से जुड़े सवालों में अभ्यर्थी देर तक उलझे रहे। उधर, अन्य विषयों से जुड़े प्रश्नों को हल करने में परीक्षार्थियों को आसानी हुई।

विवि की स्थानीय शाखा के प्रवक्ता का कहना है कि गुजरात स्थित संस्थान की ओर आयोजित की गई परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को विषयवार आवंटन होंगे, इसी के बाद नया सत्र शुरू होगा। एनएफएटी की परीक्षा अनिका ऑनलाइन इक्जाम सेंटर में आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा पूरी तरह से कम्प्यूटर आधारित थी। इसलिए प्रवेश के दौरान कोई भी सामान परीक्षा केंद्र के भीतर ले जाने की अभ्यर्थियों को अनुमति नहीं मिली। डेढ़ घंटे की परीक्षा 8:30 बजे से शुरू होकर 10 बजे समाप्त हुई।

परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षा केंद्र से बाहर निकले हृदयांश वर्मा ने बताया कि गणित विषय से जुड़े सवाल थोड़े उलझाने वाले थे, इसलिए उनको हल करने में समय लग गया। रवि का कहना है कि सामान्य ज्ञान और जीव विज्ञान विषय से संबंधित पूछे गए प्रश्न सरल थे। सुमित का कहना था कि रसायन विज्ञान और भौतिक विज्ञान पाठ्यक्रमों से संबंधित होने के कारण हल करने में समस्या नहीं रही।

केन्द्र के बाहर लगी परीक्षार्थियों की भीड़। अमृत विचार

राजधानी का पहला मुख्यमंत्री अभ्युदय स्कूल बनकर तैयार

काकोरी स्थित भरोसा में बने इस विद्यालय में मिलेंगी हाइटेक सुविधाएं

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : काकोरी के कंपोजिट विद्यालय भरोसा में पहला मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट स्कूल बनकर तैयार हो गया है। अब इसका उद्घाटन होना है। इसके बाद इस स्कूल में 1 से 8 तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा मिलना शुरू हो जाएगी।

योगी सरकार की ओर से इस स्कूल को खोले जाने का मुख्य उद्देश्य गरीब बच्चों को प्रावइेट स्कूलों की तर्ज पर निशुल्क शिक्षा प्राप्त करना है। सरकार का लक्ष्य है कि हाई-क्वालिटी एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान देते हुए प्रत्येक जनपद में एक स्कूल बनाया जाए। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, मुख्यमंत्री के हाथों इस स्कूल का उद्घाटन जल्द हो सकता है।

पढ़ाई के लिए ये सुविधाएं : स्कूल के सभी कमरों में बिजली पंखा और स्मार्ट क्लास की स्थापना, हाईटेक लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब और साइंस लैब की स्थापना की गई है। इसके साथ ही वाईफाई व सीसीटीवी से निगरानी की भी सुविधा है।

काकोरी में बना पहला मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट स्कूल। अमृत विचार

राजधानी में मुख्यमंत्री अभ्युदय स्कूल बनकर तैयार हो गया है। स्कूल में 450 बच्चों की संख्या होगी। यहां सुरक्षा कर्मचारी और सफाई कर्मचारी तैनात होंगे। ये स्कूल मॉडल स्कूल के रूप में काम करेंगे। इससे छात्र नामांकन कई गुना बढ़ने की उम्मीद है।

-डॉ. एमके शनमुगा सुंदरम, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा

विद्यालय में बच्चों के लिए जिम : पहली बार बच्चों के लिए जिम की सुविधा भी दी गई है। जिसमें बच्चों की सुविधा के अनुसार योग और अभ्यास कराया जा सकेगा। इसके लिए एक मल्टीपर्पज रूम बनाया गया है।

स्मार्ट फर्नीचर की सुविधा : स्कूल में मॉड्यूलर डेस्क की सुविधा दी गई है। इसमें बच्चों को ध्यान में रखकर फर्नीचर दिया गया है, ताकि लंबे समय तक बैठकर बच्चो को पढ़ाई में परेशानी न हो। मिड-डे मिल की सुविधा मिलेगी साथ ही भोजन करने के लिए अलग से डायनिंग टेबल की भी व्यवस्था की गई है।

ये हैं सुविधाएं

- साफ-सफाई के लिए कर्मचारी
- सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी गार्ड
- प्लेग्राउंड व रेनवाटर कलेक्शन सिस्टम
- सोलर पैनल की व्यवस्था
- आरओ वाटर प्लांट का पेयजल
- हाथ धोने की उचित जगह
- आग से बचाव के लिए मॉडर्न उपकरण

इसी सत्र में होंगे राजकीय इंटर कॉलेजों में तबादले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने शासन को भेजा विभागीय तबादला नीति का प्रस्ताव

अमृत विचार : राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रवक्ता, सहायक अध्यापकों के वार्षिक स्थानान्तरण नीति के अन्तर्गत तबादले इसी सत्र 2024-25 में ऑनलाइन किए जाएंगे। इसके लिए शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने विभागीय तबादला नीति का प्रस्ताव शासन में अपर मुख्य सचिव माध्यमिक को भेज दिया है। अब इस तबादला नीति पर निर्णय लेते हुए शासन जल्द ही आवेदन लिए जाने सहित सभी तिथियों का ब्योरा जारी करेगा।

तबादले के लिए राजकीय माध्यमिक विद्यालयों का श्रेणीकरण भी किया गया है। इसमें महत्वकांक्षी जनपदों को नंबर एक की श्रेणी में रखा गया है, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के विद्यालय कों को दूसरी श्रेणी में रखा गया है। प. दीनदयाल राजकीय मॉडल इंटर कॉलेजों को तीसरी श्रेणी में रखा गया है। वहीं अभिनव विद्यालयों को चौथी श्रेणी, तहसील मुख्यालय व तहसील मुख्यालय से दो किलोमीटर बाहर के विद्यालय सदर तहसील छोड़कर इन्हें पांचवी श्रेणी में रखा गया है।

जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूरी के भीतर के विद्यालय छठी श्रेणी और लखनऊ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर के सभी विद्यालय व मेरठ, आगरा, वारणसी के विद्यालयों को 7वीं श्रेणी में रखा गया है। इन कॉलेजों में खाली पदों का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर प्रदर्शित न होकर केवल जिलों के विषयवार रिक्त पदों के विद्यालय का नाम ही प्रदर्शित किया जायेगा।

एकेटीयू : समस्या के समाधान पर चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड डिपार्टमेंट ऑफ आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स की ओर से दो दिवसीय यूपी इन्क्युबेटर्स मीट 2024 का समापन हुआ। एसोसिएट डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मान्यता प्राप्त 63 इन्क्युबेशन सेंटर के इन्क्युबेटर्स और स्टार्टअप ने हिस्सा लिया। दो दिन चलने वाले मीट में इन्क्युबेशन सेंटर्स की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर उनके समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गयी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

सार-संक्षेप

भाषा विवि : कोडिंग और प्रोग्रामिंग कोर्स शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने समाज कल्याण के साथ मिलकर कोडिंग और प्रोग्रामिंग कोर्स के नए बैच की शुरुआत की है। सहायक आचार्य डॉ. शान ए फातिमा ने बताया है कि कार्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से समर्थित है, इस कार्यक्रम के अंतर्गत 100 छात्रों को व्यवहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम चार दिवसीय है। बताया कि ये कार्यक्रम विश्वविद्यालय और स्वदेश और एमओयू के मध्य हुए समझौते के बाद सम्पन्न हुआ है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच तकनीकी शिक्षा और कौशल को बढ़ावा देना है।

नेत्र रोगों के लिए करें जलनेति का अभ्यास

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू के तरणताल में विभिन्न आसनों के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा ने प्लवानी प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर केजीएमयू के डीन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। फैकल्टी के कॉर्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव ने प्लवानी प्राणायाम के लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि ये शरीर से अशुद्धियों और विषाक्त पदार्थों को निकालता है, पाचन में मदद करता है और कब्ज से छुटकारा दिलाता है। उन्होंने बताया कि नेत्र के रोगों के लिए जलनेति का अभ्यास, दमा के लिए गौमुखासन, मधुमेह के अर्धमत्स्येन आसन उच्च रक्तचाप के लिए भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। इस अवसर पर वेलफेयर स्टूडेन्ट डीन आरएएस कुशवाहा, डॉ. रामकिशोर, डॉ. रामनरेश, शोभित सिंह व छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

दम दिखाने को लखनऊ मंडल व छात्रावास के तैराक तैयार

अमृत विचार, लखनऊ : सिद्धार्थ नगर में 20 जून से राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं जूनियर बालक एवं बालिका तैराकी प्रतियोगिता शुरू होगी। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए लखनऊ छात्रावास और लखनऊ मंडल की टीमों की शनिवार को घोषणा की गई। टीम की घोषणा क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने की। लखनऊ मंडल की टीम में 60 सदस्य हैं। इनमें 36 बालक और 24 बालिकाएं हैं। वहीं, लखनऊ छात्रावास की टीम में 13 बालक और 9 बालिकाएं हैं। टीम का मैनेजर निशीत दीक्षित को नियुक्त किया गया है।

क्विज मुकाबलों का प्रसारण 18 को

अमृत विचार, लखनऊ : फिट इंडिया क्विज के स्टेट राउंड के मुकाबलों का प्रसारण 18 जून को फिट इंडिया के आफिशियल यूट्यूब चैनल पर टेलीकास्ट होगा। क्विज का आयोजन 36 राज्यों में किया जा रहा है और इसके 92 एपिसोड यूट्यूब चैनल पर प्रसारित किए जाएंगे। क्विज के स्टेट व यूनियन टेरिटेरीज में होने वाले मुकाबलों में 36 इकाइयों के 256 स्कूल भाग लेंगे जिसके चैंपियन फिट इंडिया क्विज के नेशनल फाइनल में हिस्सा लेंगे।

उत्तर प्रदेश वॉटरपोलो टीम के गठन को ट्रायल आज

अमृत विचार, लखनऊ : 40वीं सब जूनियर और 50वीं जूनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप के तहत वॉटर पोलो और डाइविंग के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। यह चैंपियनशिप इंदौर में 7 से 11 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश की टीम के गठन को चयन ट्रायल 16 जून को आयोजित किए जाएंगे। उत्तद प्रदेश तैराकी संघ के सचिव शिवम कपूर के अनुसार, यह चयन ट्रायल सरोजनीनगर स्थित साई सेंटर के तरणताल में आयोजित किए जाएंगे। इस चयन ट्रायल में इच्छुक बालक और बालिकाएं हिस्सा ले सकती हैं। वॉटर पोलो और डाइविंग दोनों में ही टीम नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी।

संभल के महेंद्र ने दिव्यांगजन श्रेणी में जीता स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : संभल के महेंद्र सिंह ने 15वीं उत्तर प्रदेश राज्य पंजा कुश्ती चैंपियनशिप में दिव्यांगजन श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस वर्ग में संभल के अली वारिस को रजत पदक मिला। वहीं लखनऊ के रजनीश शुक्ला को कांस्य पदक मिला। मेजबान लखनऊ के लिए समाना रिजवी ने रजत व रबाब फातिमा ने कांस्य पदक जीते।

उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती एसोसिएशन और उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन की संयुक्त देखरेख में चौक स्थित जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय युवा केंद्र में यह चैंपियनशिप आयोजत की जा रही है। चैंपियनशिप के दूसरे दिन मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 4 रजत व एक कांस्य पदक जीता। मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने अब तक 5 स्वर्ण, 6 रजत व 2 कांस्य पदक अपने नाम कर लिए है।

पदक जीतने वाले दिव्यांग खिलाड़ी, साथ में अन्य। अमृत विचार

▸▸ दूसरे दिन मुरादाबाद ने 4 और आगरा ने जीते 3 स्वर्ण

आगरा और उत्तर प्रदेश पुलिस के खिलाड़ियों ने दूसरे दिन 3-3 स्वर्ण पदक जीते। कानपुर और संभल को 2-2 स्वर्ण पदक मिले। मेजबान लखनऊ के लिए समाना रिजवी ने रजत व रबाब फातिमा ने कांस्य पदक जीते।

दूसरे दिन के पदक विजेताओं को मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय दीप सिंह (सेवानिवृत्त आईएएस) ने सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. अनिल कुमार पटेल (वन संरक्षक आगरा, डायरेक्टर लायन सफारी इटावा) भी मौजूद रहे। इससे पहले कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का स्वागत आयोजन सचिव एके सक्सेना (उप महासचिव, उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती एसोसिएशन व महासचिव उत्तर प्रदेश नान ओलंपिक एसोसिएशन) ने किया।

प्रशिक्षुओं को दिए क्रिकेट के टिप्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पूर्व क्रिकेटर शशिकांत खांडेकर पहुंचे चौक स्टेडियम पुरानी यादें की ताजा

अमृत विचार : पूर्व भारतीय क्रिकेटर शशिकांत खांडेकर को अपने बीच पाकर नन्हें खिलाड़ियों का उत्साह देखते बना। किसी ने उनसे क्रिकेट के गुर सीखे तो कुछ उनके कॅरियर से जुड़ीं यादों के बारे में जानकारी लेते दिखे।

शनिवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने चौक स्टेडियम पहुंच कर अपनी पुरानी यादें ताजा कीं। बताया कि अब यहां बहुत कुछ बदल चुका है। यहां मैंने कई मैच खेले हैं।

उन्होंने यहां पर प्रशिक्षु खिलाड़ियों का खेल देखा। साथ ही प्रशिक्षक राहुल कुमार से भी खिलाड़ियों को लेकर लंबी बातचीत की। उन्होंने लखनऊ के खिलाड़ियों के बारे में बताया कि यहां पर प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस जरूरत है, उन्हें सही दिशा और बेहतर प्रशिक्षण की। उन्होंने कहा कि भविष्य में यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करते नजर आएंगे।

बृजेश के खेल से एलसीए विजयी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में लखनऊ क्रिकेट अकादमी ने अरुण एकादश को 5 विकेट से हराया। शनिवार को नए सेंटर कुड़िया घाट चौक में खेले गए मैच में अरुण एकादश ने 31.2 ओवर में 180 रन बनाए। अरुण प्रताप सिंह ने 33 गेंदों पर 57 रन बनाए। अनुपम यादव ने 30 रनों का योगदान किया।

बृजेश सिंह

लखनऊ क्रिकेट अकादमी के बृजेश सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 7 ओवर मे 32 रन देकर 5 विकेट लिये। सार्थक 7 ओवरो 56 देकर 4 विकेट चटकाए। जवाब मे लखनऊ क्रिकेट अकादमी ने 28.4 ओवर में 5 विकेट खोकर 181 रन बनाए और जीत हासिल की। बृजेश सिंह ने 31, लबीब रजा ने 31 और अंकित पाल ने 19 रन बनाए। बृजेश सिंह को मैने आफ द मैच दिया गया। उन्होंने 5 विकेट लिए और 31 रनो की पारी खेली।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

एक नजर

होटल में मिला पूर्व सैनिक का शव

अमृत विचार, लखनऊ : निशातगंज स्थित अमित अतुल होटल के कमरे में गुरुवार को कोलकाता निवासी सेवानिवृत्त हवलदार निरोद कृष्ण मित्र (67) का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची महानगर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। आशंका है कि बीमारी के कारण मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

महुआ के वृक्ष से लटका मिला युवक का शव

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : महिंगवां थाना के अंतर्गत कुम्हरावां कालेश्वर मंदिर रघुनाथपुर गांव के निकट एक तालाब के पास महुआ के पेड़ में एक व्यक्ति का शव लटका हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त राजेन्द्र सोनवानी (26) निवासी दिलवासी के रूप में की।

पंखे से लटकता मिला महिला का शव

अमृत विचार, निगोहां : मोहनलालगंज के रंजीत खेड़ा निवासी रामचन्द्र की पुत्री का लगभग 9 वर्ष पूर्व मृतका का विवाह निगोहां के कांटा करौंदी गांव के रिंकू उर्फ ब्रजेश के साथ हुआ था। दो दिन पहले ही ज्योती मायके से ससुराल आयी थी। वहीं, शनिवार को ज्योति का पति खेत गया हुआ था। पति जब खेत से लौट कर आया देखा कि उसकी पत्नी का शव पंखे के हुक से साड़ी के फंदे से लटक रहा था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

युवती ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

अमृत विचार, मलिहाबाद : अज्ञात कारणों के चलते युवती ने घर में सीढ़ी के सहारे फंदे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम झूरीखेड़ा निवासी सजीवन की पुत्री मुस्कान (18) ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर से कुछ दूरी पर दादा बाबू के घर में सीढ़ी के सहारे करीब 4 बजे फंदे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

सड़क हादसे में युवक की मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर में शुक्रवार रात बाइक फिसलने से गिरकर घायल हुए युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गोसाईगंज के बरकत भट्ठी निवासी अविवाहित आशीष (23) शादी आदि समारोह में बैंड बजाने का काम करता था। आशीष शुक्रवार को बाइक से दरोगा खेड़ा स्थित अपनी मौसी के घर से वह रात करीब 12 बजे वापस लौट रहा था। तभी दरोगा खेड़ा के पास हादसा हो गया।

फर्नीचर शोरूम में लगी आग, चार ने भागकर बचाई जान

इंदिरा नगर के लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास हुआ हादसा, दमकल की तीन गाड़ियों ने दो घंटे में पाया आग पर काबू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **शोरूम के ऊपर बना रखा था गोदाम, काम कर रहे थे कर्मचारी**

अमृत विचार : इंदिरानगर के लेखराज मार्केट मेट्रो स्टेशन के पास शनिवार सुबह फर्नीचर शोरूम में आग लग गई। लपटों और धुएं में फंसे चार कर्मचारी किसी तरह बाहर निकले। सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने दो घंटे में आग पर काबू पाया। हादसे में लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

संदीप जायसवाल का लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास प्लास्टिक फर्नीचर का शोरूम है। इसी के ऊपरी हिस्से में गोदाम बना रखा है। एफएसओ इंदिरानगर के मुताबिक गोदाम में शार्ट सर्किट से शनिवार सुबह करीब 10 बजे आग लग गई। वहां मौजूद कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। किसी तरह से वे भागकर बाहर आए।। एफएसओ ने बताया कि अकबरनगर में एक गाड़ी खड़ी थी। वह तत्काल मौके पर पहुंची और आग को बढ़ने से रोकने लगे। आग का विकराल रूप देख कर और गाड़ियां मंगवाई गई। इसपर हजरतगंज, गोमतीनगर व बीकेटी से एक-एक गाड़ी को बुलाया गया। करीब डेढ़ घंटे में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। शोरूम के मालिक संजीव ने बताया कि करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हो गया।

फैजाबाद रोड स्थित शक्ति नगर में कुर्सी गोदाम में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी।

दमकलकर्मियों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा : दमकलकर्मियों ने पुलिस की मदद से आसपास के दुकानों को तत्काल खाली कराना शुरू कर दिया। पुलिस और दमकलकर्मियों की माने तो आग पर समय से काबू पा लिया गया। अगर थोड़ी सी भी देर होती तो पूरा बाजार आग की चपेट में आ जाता।

कोयला लदी मालगाड़ी में लगी आग, अफरा-तफरी

अमृत विचार, लखनऊ : झारखण्ड के बोकारो से सहारनपुर जा रही कोयले से लदी मालगाड़ी की एक रेक में शनिवार सुबह आग लग गई। कोयला लेकर मालगाड़ी पश्चिमी यूपी के पावर प्लांट पर जा रही थी। आलमनगर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर मालगाड़ी के एक रेक से धुंआ निकलने के बाद आग लग गई। आनन-फानन फायर स्टेशन आलमबाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों से आग पर काबू पाया। एफएसओ आलमबाग ने बताया कि ट्रेन के रेक नंबर 62088 से लपटें उठ रही थी। हौज पाइप बिछाकर फायर टैंकर से पम्पिंग कर आग बुझाई गई।

थूक से किया फेस मसाज सैलूनकर्मी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र का मामला, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हरकत, रिपोर्ट दर्ज**

अमृत विचार : सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र स्थित एक सैलून में कर्मचारी ने युवक का थूक लगाकर फेस मसाज किया। उसकी करतूत सीसीटीवी कैमरे कैद हो गई। मसाज कराने वाले युवक ने थाने तहरीर दी जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को देर रात गिरफ्तार कर लिया गया।

सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के रहने वाला युवक 11 जून को पास के सैलून में गया। वहां उसने जैद से फेस मसाज करने को कहा। जैद ने मसाज शुरू किया। कुछ देर बाद जैद ने युवक के चेहरे पर क्रीम के साथ पानी जगह थूक लगाकर मसाज करने लगा। इस पर युवक ने विरोध किया तो कहासुनी हुई। युवक ने सैलून के मालिक से शिकायत की। साथ में सैलून में लगे सीसीटीवी फुटेज दिखाने को कहा। जैद की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। इसके बाद थाने में शिकायत की। देर रात को फुटेज सोशल मीडिया में वायरल हो गई। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र ने बताया कि शनिवार को एफआईआर दर्ज कर आरोपी को देर रात गिरफ्तार कर लिया गया।

राज्य अतिथि गृह में मृत मिले दिल्ली के योग प्रवक्ता

आयुष विभाग की ओर से आयोजित शिविर में होना था शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **दिल्ली के मोरारजी देसाई योग संस्थान में प्रवक्ता था मृतक**

अमृत विचार : मोरारजी देसाई योग इंस्टीट्यूट नई दिल्ली के योग प्रवक्ता डॉ. गुरुदेव (44) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार को उनका शव मीराबाई मार्ग स्थित राज्य अतिथि गृह सरयू के कमरा नंबर 23 के बिस्तर परअर्धनग्न पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टामार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस व सिविल अस्पताल के चिकित्सकों को आशंका है कि हृदयाघात से मौत हुई। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

एसीपी हजरतगंज अरविंद कुमार ने बताया कि दिल्ली के लक्ष्मीनगर निवासी डॉ. गुरुदेव दिल्ली के मोरारजी देसाई योग इंस्टीट्यूट में योग प्रवक्ता थे। वह बाजारखाला के टूड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में होने वाले योग कार्यक्रम में व्याख्यान देने के लिए शामिल होने आए थे। वह शुक्रवार शाम करीब 7 बजे राज्य अतिथि गृह सरयू पहुंचे। वहां प्रथम तल पर स्थित कमरा नंबर-23 में ठहरे थे। टूरियागंज आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रिंसिपल डॉ. माखन लाल ने बताया कि गुरुदेव को चिकित्सालय के योग शिविर कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन वह पहुंचे नहीं थे।

योग प्रवक्ता डॉ. गुरुदेव (फाइल फोटो)

आईएएस की भी हुई थी संदिग्ध हालात में मौत

मीराबाई मार्ग स्थित राज्य अतिथि गृह में किसी वीआईपी अतिथि की संदिग्ध मौत का यह मामला पहला नहीं है। इसके पहले 17 मई 2017 की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में कर्नाटक कैडर के आईएएस अधिकारी अनुराग तिवारी की मौत हो गई थी। वह अतिथि गृह के कमरा नंबर 16 में ठहरे थे। उनके साथ एलडीए के तत्कालीन उपाध्यक्ष प्रभु नारायण भी ठहरे थे। बंगलुरु में फूड सिविल सप्लाईज एंड कंज्यूमर अफेयर्स डिपार्टमेंट में कमिश्नर के पद पर तैनात अनुराग सुबह 8 बजे टहलने निकले थे। गेस्ट हाउस से करीब 50 मीटर दूर उनका शव पड़ा मिला। आईएएस की मौत पर पुलिस पर कई गंभीर आरोप भी लगे थे। हालांकि सीबीआई ने जब अपनी क्लोजर रिपोर्ट लगाई तो मामला शांत हुआ।

फोन नहीं उठा तो आयोजक पहुंचे गेस्ट हाउस

प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब 9.30 बजे डॉ. गुरुदेव को टुड़ियागंज स्थित आयुष विद्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल होना था। आयोजकों ने उनको लगातार कॉल किया। कई कॉल करने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला तो आयोजकों की एक टीम तलाश करती हुई गेस्ट हाउस पहुंची। जहां कर्मचारियों के साथ मिलकर दरवाजे पर दस्तक दी। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर पुलिस को बुलाया गया। वहीं, इस बीच डॉक्टरों की एक टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के पहुंचने पर दरवाजा तोड़ा गया। अंदर दाखिल होते ही नजारा देख सभी स्तब्ध रह गए। गुरुदेव अंदर बेड पर अर्धनग्न हाल में बेसुध पड़े थे। पैर में मोजा और शरीर पर शर्ट भी थी। पुलिस ने आनन-फानन फॉरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। वहीं, गेस्ट हाउस पहुंचे चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। एसीपी ने बताया कि उनके परिजनों को सूचना दे दी गई। अभी तक की जांच में ऐसा लग रहा है कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। शरीर पर किसी तरह के चोट के कोई निशान भी नहीं थे। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह पता चल सकेगी और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जाली रजिस्ट्री दिखाकर कपड़ा कारोबारी से ठगे डेढ़ करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

स्क्रैप कारोबारी समेत दो से 9.25 लाख की ठगी

अमृत विचार, लखनऊ : स्क्रैप कारोबारी और एक अन्य महिला से जालसाजों ने 9.25 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ितों ने मड़ियांव और कैसरबाग कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मड़ियांव के फैजुल्लागंज निवासी कबाड़ कारोबारी मुस्ताक के मुताबिक छह महीने पहले उनकी मुलाकात पुरनिया निवासी दिलशाह उर्फ कल्लन से हुई थी। दिलशाह ने उन्हें दो बसों का स्क्रैप कम दामों में खरीदवाने का झांसा दिया था। आरोपी उसका साथी विकास कारोबारी को बस दिखाने मलिहाबाद ले गया। यहां कारोबारी की मुलाकात धर्मेंद्र से हुई। धर्मेंद्र ने उन्हें दो बसें दिखाईं। सौदा साढ़े सात लाख में तय हुआ। पीड़ित का आरोप है कि रकम के भुगतान होने के बाद भी उन्हें बसें नहीं दी गईं। उधर, कैसरबाग निवासी मारिया सिद्दीकी से साइबर जालसाजों ने टास्क के नाम पर एक लाख 75 हजार रुपये की ठगी कर ली। पुलिस के मुताबिक दोनों मामलों की जांच की जा रही है।

अमृत विचार : जमीन की जाली रजिस्ट्री दिखाकर प्रॉपर्टी डीलर व उसके साथियों ने कपड़ा कारोबारी से डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी की। प्रॉपर्टी डीलर ने कारोबारी पर पिस्टल तानी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने जेसीपी कानून-व्यवस्था से संपर्क कर शिकायत की। इसके बाद वजीरगंज थाने में प्रॉपर्टी डीलर समेत नौ लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है।

चौक के मौलवी अनवर बाग में रहने वाले मो. रियाज का कपड़े का कारोबार है। रियाज के मुताबिक दो साल पहले उनके परिचित चौक निवासी प्रॉपर्टी डीलर नावेद अली उर्फ गुल्लू वह उसके आठ साझेदार एसएस इंटरप्राइजेज नामक फर्म चलाते हैं। उनकी फर्म में प्रॉपर्टी व शेयर ट्रेडिंग का काम होता है। इसके बाद रियाज ने अपने साझेदारों से भी रियाज से मुलाकात कराई। नावेद ने पीड़ित से कहा कि वे मोहनलालगंज के सदरपुर कौरा गांव में जमीन खरीदने जा रहे हैं। यदि आप भी जमीन में डेढ़ करोड़ निवेश करें तो अधिका मुनाफा मिलेगा। इतना ही नहीं आरोपी ने जमीन की फर्जी रजिस्ट्री भी दिखाई। झांसे में आकर रियाज ने रकम रियाज व उसके साझेदारों को दे दी। मगर न तो पीड़ित का मुनाफा मिला और न ही रकम। टालमटोल करने पर आरोपी ने चेक दी, जो बाउंस हो गई। रियाज जब मोहनलाल गंज स्थित जमीन पर पहुंचे तो नावेद ने उनके सिर पर पिस्टल तान दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने जेसीपी एलओ से मामले की शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर साजिद, सुबहान अली, रुदा रशीद, नदीम, नावेद अली उर्फ गुल्लू, दानिश अली, शाहबाज उर्फ सैजी, नाहिदा उर्फ टीचर व शाहिद अली के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

पंचायती राज निदेशक बनकर अधिकारी को भेजा मैसेज, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **व्हाट्सएप पर लगा रखी थी निदेशक की फोटो**

अमृत विचार : जालसाज ने पंचायती राज विभाग के निदेशक के पदनाम और फोटो का दुरुपयोग कर अधिकारी को एक काम करने को कहा। वहीं, अर्दब में लेने के लिए व्हाट्सएप पर निदेशक की फोटो लगा रखी थी। जानकारी होने पर निदेशक ने अलीगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

निदेशक अटल कुमार राय ने पुलिस को बताया कि गोरखपुर में तैनात अपर मुख्य अधिकारी को एक व्हाटसएप मैसेज मिला। जिसमें निदेशक अटल कुमार राय की फोटो लगी थी। दूसरे नम्बर से आए मैसेज को देख अपर मुख्य अधिकारी को शक हुआ। उन्होंने व्हाटसएप का स्क्रीनशॉट निदेशक अटल कुमार को भेजा। व्हाटसएप में अपनी डीपी लगी देख अटल भी हैरान रह गए। उन्होंने अलीगंज कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

सार-संक्षेप

बोरिंग मिस्त्री से नकदी व मोबाइल लूट ले गए बदमाश

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : इटौंजा थाना क्षेत्र के उसरना ग्राम पंचायत के मझिगवां गांव निवासी बोरिंग मिस्त्री शिवनाथ शुक्रवार की रात्रि 11.30 बजे मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। तभी चंद्रिका देवी रोड पर किसान पथ अंडरपास के पास तीन मोटरसाइकिल सवार उनको ओवरटेक कर आगे रुक गए और वह उनसे इंदौराबाग की तरफ जाने का रास्ता पूछने लगे। अचानक एक बदमाश ने सड़क किनारे पड़ी धूल (मिट्टी) उठाकर उनकी आंखों में झोंक दिया जिससे उन्हें दिखना बंद हो गया और बदमाश उनकी जेब से दस हजार रुपये की नकदी समेत मोबाइल फोन लूटकर इंदौराबाग की तरफ भाग निकले। उन्होंने घटना की जानकारी 112 पर दी। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

चोरों ने बंद मकान को बनाया निशाना

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर में करीब एक सप्ताह पहले चोरों ने एक बंद मकान को अपना निशाना बनाकर कीमती गहने और हजारों रुपए के नकदी पार कर दी। पीड़ित ने इस मामले की रिपोर्ट सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के बेहसा में रहने वाली उषा रावत का कहना है कि बीती 8 जून को वह अपने मकान के बगल में रहने वाली भाभी के घर गई थी। उनका ऑपरेशन हुआ था, इसलिए पीड़िता उन्हीं के घर में सो गई और उसके घर में कोई नहीं था। उषा का कहना है कि तभी रात को चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में रखे सोने चांदी के कीमती गहने और 20 हजार रुपये चोरी कर ले गए। अगले दिन सुबह जब पीड़िता घर पहुंची तो ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। बाद में उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों का सुराग लगा रही है।

छत पर सोता रहा परिवार, चोरों ने पार किए लाखों के जेवरात

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट के कमता में रहने वाला एक परिवार छत पर सो रहा था। वहीं, चोर घर के अंदर रखे दो लाख के जेवरात और 25 हजार रुपये नकदी साफ कर ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। कमता के कल्याणी विहार निवासी कुलदीप सिंह ट्रैक्टर ट्राली चलाते हैं। कुलदीप के मुताबिक बीते बृहस्पतिवार का वह उनका परिवार मकान की छत पर सो रहा था। सुबह 5 बजे वह जब नीचे उतरे तो उनके होश उड़ गए। कमरों का सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर अलमारी में रखे दो लाख के जेवर व 25 हजार रुपये चुरा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की और पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की। इंस्पेक्टर चिनहट अवनीश कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक चोरों की तलाश की जा रही है।

रॉड से मारपीट कर चोटिल करने की दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर के पटवारी मोहल्ला में रहने वाले अली अहमद ने सगीर अहमद, अयान, दिशान, वैश अली और अरशद के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट के साथ जान से मारने के उद्देश्य से लोहे के रॉड से मारपीट कर चोटिल करने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अली अहमद का कहना है कि शुक्रवार शाम करीब 7 बजे लेनदेन को लेकर सगीर अहमद, अयान, दिशान वैश अली और अरशद ने उसे मारा। जिससे पीड़ित का हाथ टूट गया। आरोप है कि इस दौरान जब अली अहमद का बेटा निसार अहमद मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने रॉड से वार कर उसे पीटने लगे। जिससे वह भी चोटिल हो गया। आरोप है कि आरोपियों ने पूरी प्लानिंग के साथ उसे और उसके बेटे को जान से मारने की नीयत से उन्हें मारा पीटा। लेकिन किसी तरह पीड़ितों ने भाग कर अपनी जान बचाई, नहीं तो आरोपी उन्हें जान से मार डालते। पीड़ित का कहना है कि इस घटना से उसका पूरा परिवार डरा सहमा हुआ है। फिलहाल बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पति की तहरीर पर चार लोगों पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज

अमृत विचार, मलिहाबाद : घर में सो रही महिला के साथ पड़ोसी ने छेड़खानी करने लगा। महिला की आंख खुलने पर उसके पति ने इसका विरोध किया तो पड़ोसी ने अपने तीन पुत्रों के साथ मिलकर लाठी डंडों से पिटाई कर बांका कुल्हाड़ी से काट जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। रहीमाबाद थाना क्षेत्र एक गांव निवासी का आरोप है कि उसकी पत्नी 12/13 की रात्रि करीब 12 बजे अपने घर में सो रही थी। तभी उसका पड़ोसी विनोद कुमार उसके घर में घुस उसकी पत्नी के साथ छेड़खानी करने लगा। महिला के चिल्लाने पर पति ने इसका विरोध किया तो दबंग विनोद कुमार ने अपने तीन पुत्रों सनी गौतम, अमन गौतम व रवि गौतम को बुला लाठी डंडों से पिटाई कर दी। साथ ही महिला के पति को बांका व कुल्हाड़ी से काट डालने की धमकी देकर मौके से फरार हो गये। जिसकी सूचना पीड़ित ने उसी दिन डायल 112 पर दी। सुबह महिला के पति ने थाने में तहरीर दी। जिसके बाद रहीमाबाद पुलिस ने तहरीर देने के एक दिन बाद चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

साली से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, मलिहाबाद : साली को फोन कर घर बुलाया। उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारापीटा और घर से भगा दिया। पीड़िता ने अपने बड़ी बहन के देवर पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया। हरदोई अतरौली निवासी पीड़िता की बड़ी बहन की शादी माल कस्बे में हुई है। 9 जून को युवती के पास बहन के देवर ने फोन किया। जिसने बताया कि भाभी की तबीयत ठीक नहीं है। तुम तुरंत घर आ जाओ। फोन आने के बाद युवती माल पहुंची। रास्ते में ही देवर बाइक से मिल गया। जो युवती को बहन की ससुराल ले जाने के बजाए दूसरे मकान में लेकर चला गया। जहां आरोपी ने युवती को बंधक बना कर उसके साथ दुराचार किया। इसके बाद आरोपी ने युवती को डरा-धमकाकर भगा दिया। किसी तरह घर पहुंची युवती ने घटना की जानकारी घरवालों को दी।

हाफ डाला ने नगर पंचायत कर्मचारी को मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, बख्शी का तालाब

▸▸ **भैंसामऊ कुम्हरावां मार्ग की घटना**

अमृत विचार : बख्शी का तालाब नगर पंचायत में काम करने वाले आउटसोर्स कर्मचारी को ड्यूटी पर जाते समय तेज रफ्तार हाफ डाला ने टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को नजदीकी सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। गम्भीर रूप से घायल होने के करण उसे केजीएमयू (ट्रामा सेंटर) रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

महिंगवा थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी उदयभान गौतम (25) व उनके पिता किशोर गौतम नगर पंचायत बख्शी का तालाब में आउटसोर्स कर्मचारी (सफाई कर्मचारी) के तौर पर कार्यरत है। शनिवार की तड़के सुबह वह अपने पिता के साथ मोटरसाइकिल से काम पर निकले थे। पिता किशोर गौतम के मुताबिक उनकी ड्यूटी की जगह लड़के ने उन्हें भैंसामऊ वार्ड में छोड़ दिया था जिसके बाद करीब सुबह 5 बजे वह अपनी ड्यूटी के लिए नगर पंचायत कार्यालय जा रहा था। तभी आरआर इंस्टीट्यूट के आगे तेज रफ्तार हाफ डाला ने पीछे से मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया जहां स्थित नाजुक होने के चलते उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान कर्मी की मौत हो गई है।

बाहर से रवाना हो गई बस, यात्री बस अड्डे पर करते रहे इंतजार

अमृत विचार, लखनऊ : रोडवेज में चालकों-परिचालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। इसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। यात्री ऑनलाइन सीट बुक कराकर बस अड्डे पहुंच रहे है। चालक-परिचालक बस अड्डे के बाहर से बस लेकर रवाना हो जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला अवध बस अड्डे का सामने आया। यहां पर बीते शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे कैसरबाग बस अड्डे से बहराइच जाने वाली एसी शताब्दी बस बगैर यात्री बैठाये ही रवाना हो गई। यात्री अवध बस स्टेशन पर इंतजार ही करते रह गए। बस अड्डे के बाहर से ही यह बस बहराइच के लिए रवाना हो गई। जब इसकी जानकारी यात्री को मिली तो उसने अवध स्टेशन पर जमकर हंगामा काटा।

सड़क पर युवती को पीटा, थाने में काटा गला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

आरोपी को अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी।

▸▸ **पुलिस बोली, बाहर से काटकर आया था हाथ व गले की नस**

▸▸ **आशियाना थाने में युवती ने दर्ज कराया युवक पर छेड़छाड़ का मामला**

अमृत विचार : आशियाना इलाके के प्रियम प्लाजा के पास शनिवार दोपहर में नशे में धुत युवक ने युवती को सरेराह पीटा। इसके बाद हाथ की नस काट ली। युवती का मोबाइल छीनकर सड़क पर पटककर तोड़ दिया। इसी हालत में थाने पहुंचा। पुलिस ने उसे फटकार लगाई तो ब्लेड से गले पर वार कर दिया। हालांकि प्रभारी निरीक्षक का दावा है कि हाथ की नस और गला काटकर बाहर से आया था। आरोपी युवक के खिलाफ युवती ने छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज कराया है।

पीड़िता ने बताया कि घरों में साफ-सफाई का काम करती है। दोपहर में वह काम करने जा रही थी। इसी बीच नशे में धुत बाइक सवार आरोपित शिवा रावत ने उसका कुर्ता पीछे से पकड़कर सड़क पर पटक दिया। मोबाइल तोड़ दिया। पीड़िता पिता के साथ आशियाना थाने पहुंची और नामजद लिखित शिकायत की थी। युवती को भी लोकबंधु अस्पताल में भर्ती किया गया है। युवती ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि आरोपी मेरा पड़ोसी है। वहीं दूसरी ओर आरोपी शिवा रावत का इलाज होने के बाद लोकबंधु अस्पताल से साढ़े 4 बजे वापस आशियाना थाने लेकर पहुंची है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

जान से मारने की दी थी धमकी

बाइक रोककर सरेआम मेरा कपड़ा खींचने लगा। विरोध करने पर उसने उठाकर पटक दिया। इस दौरान उसने चाकू मारने की भी कोशिश की। वह मोबाइल छीन कर भाग गया। इससे पहले फोन कर हमें और परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी भी दिया था।

पिता की दुकान में तोड़फोड़

प्रियम प्लाजा के पास लकड़ी के पिता की दुकान है। घटना के बाद लड़की के घर वाले जैसे ही थाने पहुंचे वैसे ही आरोपी दुकान पर पहुंच गया। यहां वह गाली गलौज शुरू कर दिया। दुकान में तोड़फोड़ भी करने लगा।

एकतरफा प्यार में हुई थी पूनम की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **शव को कंधे पर रखकर 250 मीटर दूर फेंककर भागा था आरोपी**

▸▸ **डीसीपी पश्चिमी की क्राइम टीम ने किया वारदात का खुलासा**

अमृत विचार: जेहटा गांव की पूनम रावत (28) की हत्या एक तरफा प्यार में हुई थी। उसके प्रेमी सतीश राजपूत ने शादी के लिए दबाव बनाया। विरोध करने पर गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को कंधे पर लादकर 250 मीटर दूर उसकी दादी के मकान के सामने फेंककर भाग निकला। शनिवार को इस हत्याकांड का खुलासा डीसीपी पश्चिमी डॉ. दुर्गेश कुमार की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर किया। पुलिस के सामने आरोपी ने पूरी वारदात कुबूल कर ली। वहीं, पूनम के पिता ने पड़ोसी पर रंजिश में हत्या करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। जांच में आरोप गलत मिले।

डीसीपी पश्चिम दुर्गेश कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह आउटर रिंग रोड मलहा अण्डर पास से शीतलखेड़ा निवासी सतीश राजपूत को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पूनम से उसकी दोस्ती कई सालों से थी। इधर, कुछ वक्त से पूनम ने बात करना कम कर दिया था। जिसे लेकर वह नाराज था। 10 जून की रात पूनम घर से पानी भरने के लिए निकली। उसे घर से निकलते देख सतीश पीछा करने लगा।

पूनम रावत (फाइल फोटो)

पीछा कर सुनसान स्थान पर की हत्या : एडीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव के मुताबिक पूनम का पीछा करते हुए आरोपी घर से करीब 200 मीटर दूर सुनसान जगह पहुंचा। वहां ताड़ के पेड़ के पास आरोपी ने पूनम को दबोच लिया। वह शादी करने के लिए कहने लगा। पूनम इस बात के लिए राजी नहीं हुई। सतीश ने उसकी पिटाई की। फिर दुपट्टे से गला घोंट कर हत्या कर दी। यह बात आरोपी ने पुलिस को बताई।

ढाई सौ मीटर शव लादकर ले गया आरोपी: एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि हत्या के बाद सतीश ने पूनम का शव कंधे पर लादा। करीब 250 मीटर पूनम की दादी शिवदेवी का मकान है। जिसके सामने सतीश ने प्रेमिका का शव फेंका था। पूछताछ में सतीश ने बताया कि दादी के मकान के पास शव फेंकने के पीछे मंशा थी कि पूनम का शव परिवार वालों को मिल जाए और अंतिम संस्कार हो सके।

पड़ोसियों पर लगे आरोप जांच में मिले गलत

डीसीपी पश्चिमी ने बताया कि शव मिलने के बाद पूनम के पिता राजेंद्र ने पड़ोसी सुबेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। रास्ते के विवाद को लेकर हत्या किए जाने के साक्ष्य नहीं मिले। ऐसे में पुलिस का शक गहरा गया। परिवार से पूछताछ करने पर पता चला कि पूनम मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करती थी। पर, पुलिस के बार-बार पूछताछ करने पर पूनम का मोबाइल फोन मिल गया। जिसकी कॉल डिटेल में सतीश का नम्बर मिला। लोकेशन ट्रैक किए जाने पर दस जून की रात आरोपी के मौके पर होने की जानकारी हुई। वहीं, एक सीसीटीवी फुटेज में पूनम के पीछे सतीश जाते हुए भी दिखाई पड़ा था। डीसीपी के मुताबिक इस मामले में साक्ष्य छिपाने और एससीएसटी की धाराएं बढ़ा दी गई है।

सिपाही ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर: आशियाना के सेक्टर - एच, एलडीए कॉलोनी निवासी व मानक नगर थाने में पीआरवी पर तैनात सिपाही राहुल कुमार ने नरेंद्र कुमार, पिंटू यादव, भोलू तिवारी और उनके अन्य तीन चार अज्ञात साथियों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिपाही राहुल कुमार का कहना है कि शुक्रवार को वह अपनी ड्यूटी समाप्त करने के बाद अपने घर की ओर जा रहा था। तभी इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास गाड़ी रोककर ड्राइवर से बात करने लगा। इसी बीच पेट्रोल पंप कर्मियों ने मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

एक नजर

दर्पण के साथ मिलकर नाट्य कार्यशाला करेगी संगीत नाटक अकादमी

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ की नाट्य संस्था दर्पण के साथ मिलकर 30 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन करेगी। कार्यशाला में नाटक भी तैयार किया जाएगा। कार्यशाला खत्म होने के बाद इसका मंचन होगा। संगीत नाटक अकादमी हर साल की तरह से इस साल भी प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यशालाएं संचालित करा रही है। इसी क्रम में आगामी 20 जून से दर्पण रंगमंडल, लखनऊ के सहयोग से विकास गौतम के दिशा-निर्देशन में 30 दिवसीय प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 18 जून है।

प्रो. अमित बने स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के संकायाध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रबंध अध्ययन विभाग के प्रो. अमित कुमार सिंह

को स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स का संकायाध्यक्ष नियुक्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा ने प्रो. अमित कुमार सिंह को पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। इसके अतिरिक्त विभाग के अन्य शिक्षकों ने भी प्रो. अमित कुमार सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

छात्रों को मिली चार लाख रुपये की स्कॉलरशिप

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के तीन छात्रों शिवेन्द्र प्रताप सिंह, श्रेया श्रीवास्तव एवं समर्थ रघुवंशी को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा चार-चार लाख रूपये की स्कॉलरशिप मिली है। छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए प्रदान की जायेगी, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पांच वर्षों तक प्रतिवर्ष 80 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी।

फिल्म मरमरम को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, शिशिर को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार

फेस्टिवल में पूरे देश के फिल्म निर्माताओं की मनोरम फिल्मों का किया गया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एमरन फाउंडेशन और लखनऊ फिल्म फोरम की ओर से आयोजित दो दिवसीय लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल का शनिवार को समापन हो गया। इस फेस्टिवल में फिल्म मरमरम को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला। अभिनेता शिशिर शर्मा को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला।

फेस्टिवल में पूरे भारत के फिल्म निर्माताओं की विचारोत्तेजक और मनोरम फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। आदित्य तलवार की वीएफएक्स पर वार्ता आकर्षक रही। सुनीता एरन, लोहिता सुजित, जमशेद मिश्री और रेणुका टंडन की पैनल चर्चा ने दर्शकों को आईपीआर के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी। आज यहां मार्क बेनिंगटन द्वारा

संत गाडगे प्रेक्षागृह में दो दिवसीय शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल के समापन के दौरान सम्मानित प्रतिभागी। अमृत विचार

▸▸ लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल का हुआ समापन

छायांकन पर एक सत्र चला। अभिनेता निवेदिता भगवाना ने अवध से हीरमंडी तक की अपनी यात्रा को साझा करते हुए एक मनमोहक वार्ता के लिए मंच संभाला। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने अतिथि वक्ताओं और लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल सीजन 2 के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

इकोफिल्क्स शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता के विजेता फेस ऑफ इंडिया के साथ फेस्टिवल शुरू हुआ।

अमिताभ अरोरा निर्देशित लघु फिल्म आश्रम में प्रचार से प्रभावित समाज में एक स्थानीय राजनीतिक दल को अपने नेता की एक ऊंची प्रतिमा बनाने के लिए एक मानसिक आश्रम को ध्वस्त करते हुए दिखाया गया है। फिल्म द्वैत में एक बूढ़े अभिनेता की कहानी दिखाई गई, जो अपनी मानसिक बीमारी से जूझ रहा है और यह तथ्य कि उसके गौरवशाली दिन अब बीत चुके हैं।

चैतन्य वेलफेयर फाउंडेशन की ओम सिंह को रक्तदान सेवा सम्मान से सम्मानित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

कार्यालय नगर पंचायत तिर्वागंज – कन्नौज

पत्रांकः मेमों / न0प0ति0 / (2024–25) दिनांक–12.6.2024

नोटिस अन्तर्गत धारा 147 म्यू0 एक्ट 1916 सूचना पत्र

1. आवेदक का नाम– **श्री मो0 सलमान,** 2. पिता/पति का नाम– **श्री साबिर खान,** 3. भवन संख्या/सम्पत्ति संख्या–, 4. मोहल्ला का नाम– **बौद्ध नगर तिर्वागंज, कन्नौज,** 5. वर्तमान में पंचायत अभिलेख में उक्त–, **भवन पर अंकित अध्यासी का नाम –बैनामा,** 6. नामान्तर का आधार **–बैनामा,** क्रय–विक्रय पत्र **–बैनामा,** विरासत– , आदेश न्यायालय–, पंजीकृत वसीयत.. अन्य–

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि 30 दिवस के अन्दर उक्त के सम्बन्ध में यदि आपत्ति हो तो उसके समर्थन में साक्ष्य सहित इस कार्यालय को उपलब्ध करा दे, निर्धारित समय व्यतीत हो जाने के पश्चात् नामान्तरण/नाम संशोधन की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका विवरण वर्तमान अभिलेखो में अंकित / विवरण की प्रवष्टि के स्थान पर नगर पंचायत को प्रस्तुत पत्र में अंकित विवरण प्रविष्टि कर दी जायेगी।

2. वर्तमान में नगर नगर पंचायत में पंचायत अभिलेखों में अंकित श्री शिव ओम सिंह यादव पुत्र/पुत्री/पत्नी पुत्री श्री ओमप्रकाश यादव मोहल्ला / ग्राम मंडी बाजार के सूचनार्थ जिसका नाम पृथक होना है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तिर्वागंज कन्नौज

राजर्षि दशरथ स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या, उत्तर प्रदेश

आईसीएमआर द्वारा वित्त पोषित स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के सभी स्तरों पर रेड ट्राइएज रोगियों (समय संवेदनशील और अन्य आपातकालीन) के बीच गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन देखभाल प्रदान करने के लिए सुविधा–आधारित आपातकालीन देखभाल प्रणाली को मजबूत करने के लिए अनुकूली मॉडल नामक परियोजना में रिक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विवरण नीचे उल्लिखित हैं।

पद	पदों की संख्या	योग्यता	आयु सीमा	वेतन
प्रोजेक्ट नर्स III	5(2 सामान्य, 2(औबीसी), 1 (एससी)	**आवश्यकः** न्यूनतम द्वितीय श्रेणी या समकक्ष सीजीपीए चार वर्षीय नर्सिंग पाठ्यक्रम **वांछनीयः** आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में अनुभव (एक वर्ष) को प्राथमिकता दी जाएगी।	35 साल	ICMR के अनुसार स्टाफ नर्स III रु. 28,000/+2520 (9% HRA) मासिक
प्रोजेक्ट नर्स II	1(1 सामान्य)	**आवश्यकः** न्यूनतम द्वितीय श्रेणी या समकक्ष CGPA के साथ तीन वर्षीय जनरल नर्सिंग और मिडवाइफ (GNM) कोर्स। **वांछनीयः** आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में अनुभव (एक वर्ष) को प्राथमिकता दी जाएगी।	30 साल	ICMR के अनुसार परियोजना नर्स II रु. 20,000/+1800 (9% HRA) मासिक
परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक 1 (चिकित्सा)	1(1 सामान्य)	**आवश्यकः** MBBS/BDS **वांछनीयः** आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में एक वर्ष का क्लीनिकल/अनुसंधान अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।	35 साल	ICMR के अनुसार वैज्ञानिक I रु. 67,000/+6030 (9% HRA) मासिक

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 4th July 2024 शाम 5:00 बजे तक है। केवल लघु–सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

'चयनित उम्मीदवार से तत्काल ज्वाइनिंग का अनुरोध किया जाता है

आप जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उम्मीदवार नीचे दिए गए लिंक पर अपना बायोडाटा जमा कर सकते हैं।
https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSeRatbhj50aUtekKZClesNneYLajqKJ0p09dmy oXt oYlgeDA/viewform?usp=sf link

डॉ सत्यजीत वर्मा,
साइट प्रमुख अन्वेषक, प्रोफेसर एवं एचओडी
सर्जरी विभाग, आर.डी.ए.एस.एम.सी, अयोध्या उत्तर प्रदेश

32 चिकित्सकों ने किया रक्तदान

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू में शनिवार को चिकित्सकों ने रक्तदान कर लोगों से नियमित रक्तदान की अपील की। इस मौके पर उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया (यूपीएएसआई) के संयुक्त सचिव डॉ. अक्षय आनंद ने कहा कि खून का कोई विकल्प नहीं है। इस मौके पर एंडोक्राइन सर्जन व यूपीएएसआई के अध्यक्ष डॉ. अमित अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ. निखिल सिंह, डॉ. आनंद मिश्रा, केजीएमयू जनरल सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. एए सोनकर, डॉ. एचएस पाहवा समेत अन्य डॉक्टर उपस्थित रहे। डॉ. अक्षय ने बताया कि 32 चिकित्सकों ने रक्तदान किया।

वीके सिंह बने अध्यक्ष, शिवाजी महामंत्री

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार : विद्युत परिषद आशुलेखक संघ का 46वां दो दिवसीय अधिवेशन का समापन शनिवार को नवीन मार्केट कैसरबाग में हुआ।

अधिवेशन के दूसरे दिन भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष विनीता कुसुम मिश्रा की देखरेख में नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। जिनमें विजय कुमार सिंह कलहंस को केंद्रीय अध्यक्ष और रामनाथ यादव को उपाध्यक्ष पद पर मुख्य रूप से चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पांडे, महामंत्री शिवाजी तिवारी, संयुक्त मंत्री मंजूरानी और अर्चना अवस्थी के साथ कोषाध्यक्ष अरूण कुमार पांडे, संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव और मीडिया प्रभारी के पद पर वंदना सिन्हा को चुना गया। सदस्य के रूप में जगदीश चंद्र, अशोक कुमार मौर्य, अखिलानंद सिंह, एनके मिश्र, इंद्र कुमार और महेंद्र प्रजापति को भी चुना गया।

शपथ के दौरान नई कार्यकारिणी के सदस्य। अमृत विचार

कार्यालय नगर पंचायत पैंतेपुर–सीतापुर

पत्रॉक :–46/न0पं0पै0 / ई–नि0सू0/2024–25 दिनांक – 12 जून 2024

ई–निविदा सूचना

एतद् द्वारा नगर पंचायत पैतेपुर जनपद सीतापुर के सिविल कार्य हेतु पंजीकृत /ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि (प्रथम किस्त) से नगरीय निकाय में कान्हा गौशाला/पशु शेल्टर होम्स का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 26.06.2024 को समय 02.00 बजे तक ई–टेंडरिंग निविदा आमंत्रित की जाती है, ई–निविदा वेवसाइट http/www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 13.06.2024 से 26.06.2024 तक समय 02:00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र की धनराशि नगर पंचायत पैंतेपुर कें खाता सं0 612480100009992, IFSC COOD-BKIDOARYAGB आर्यावृत बैंक शाखा पैतेपुर में जमा करके प्राप्त की रसीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्राप्त ई–निविदा की टेक्निकल एंव फाईनेशियल बिड्स दिनांक 27.06.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक उपस्थित फर्म/ठेकदारों के समक्ष खोली जायेगी। ई–निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी व नियम शर्ते कार्यालय नगर पंचायत पैतेपुर जनपद सीतापुर की वेवसाइट http/www.etender.up.nic.in पर प्राप्त की जा सकती हैं, यदि किन्ही कारणवस निविदा तिथि को सार्वजानिक आवकाश घोषित होता हैं तो अगले दिन कार्य दिवस में यथावत् निविदायें खोली जायेगी–

1	बेवसाइट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय	12.06.2024 10.00 बजे
2	ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय	13.06.2024 10.00 बजें
3	ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि व समय	26.06.2024 02.00 बजे
4	ई–निविदा खोले जाने की तिथि व समय	27.06.2024 04.00 बजे

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	02 प्रतिशत जमानत धनराशि	निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित	कार्य अवधि
01–	**कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत–** ग्राम मुर्तजानगर परगना व तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर की भूमि गाटा संख्या–4 क्षेत्रफल 0.557 हे0 भूमि क्षेणी 5–3–4/अन्य कृषि योग्य बंजर भूमि पर कान्हा गौशाला पशु सेल्टर होम्स् का निर्माण कार्य।	165.89	3,31,780.00	20,000.00	06 माह

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत पैंतेपुर–सीतापुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत पैंतेपुर–सीतापुर

सार-संक्षेप

सरिता प्रवाह के भंडारे के दौरान लगाया गया स्वास्थ्य शिविर। अमृत विचार

भंडारे के साथ लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

अमृत विचार, लखनऊ : ज्येष्ठ माह के शनिवार को सरिता प्रवाह के भंडारे में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। इस शिविर में सौ से अधिक लोगों ने अपनी शुगर, बीपी एवं अन्य रोगों की जांच कराई। शिविर खुशी फाउंडेशन के बैनर तले हुआ। जिसमें डॉ. अवधेश द्विवेदी, डॉ. नारायन प्रसाद, डॉ. अमरीश, डॉ. दीपांशु और राहुल तिवारी के अलावा वाघा अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. राजीव भी मौजूद रहे।

हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते अधिवक्ता परिषद सिविल कोर्ट इकाई के सदस्य।

अधिवक्ता परिषद ने किया भंडारे का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : पुराने हाईकोर्ट परिसर स्थित हनुमान मंदिर में अधिवक्ता परिषद सिविल कोर्ट इकाई ने ज्येष्ठ माह के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम में बलरामपुर अस्पताल के पूर्व निदेशक डॉ. राजीव लोचन, भाजपा नेता मनोहर सिंह, समाजसेवी प्रशांत भाटिया, अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत की महामंत्री मीनाक्षी परिहार, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद राय, सिविल कोर्ट इकाई के अध्यक्ष राकेश पांडे, डीजीसी क्रिमनल मनोज त्रिपाठी, संजीव तिवारी, सच्चिदानंद राय, अतुल शुक्ला, प्रवीण त्रिपाठी, प्रवीण विश्वकर्मा, मनीष त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा, प्रेम श्रीवास्तव, श्यामेंद्र शुक्ला, परमेंद्र पाण्डे, अरुण पांडे, प्रीति साहू, सरला पाल उपस्थित रहे।

लोगों को भंडारे का प्रसाद बांटते गिहार परिवार के सदस्य। अमृत विचार

भंडारे के साथ लीगल एसोसिएट भी हुआ शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : कानपुर रोड स्थित एलडीए कॉलोनी के सत्कार पैलेस पर गिहार परिवार की ओर से ज्येष्ठ माह के शनिवार को बजरंगबली का विधिवत पूजन हवन के बाद विशाल भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व ओएसडी गंगाराम आंबेडकर ने एसएम लीगल एसोसिएट का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर एसएम लीगल एसोसिएट की मुख्य अधिवक्ता पिंकी आनंद गिहार, डॉ. गिहार, पार्षद हिमांशु अंबेडकर, विशाल गिहार, नेहा महाजन और राज शिल्पकार मौजूद रहे।

विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : विद्युत नगरीय वितरण मंडल तालकटोरा मध्य जोन के अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता ने प्रसाद वितरण किया। भंडारे में मुख्य रूप से अधीक्षण अभियंता मुकेश त्यागी तालकटोरा, अधीक्षण अभियंता योगेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता ऐशबाग, अधिशासी अभियंता अपट्रॉन, अधिशासी अभियंता राजाजीपुरम, अधिशासी अभियंता परीक्षण खण्ड तालकटोरा सहित कई लोग मौजूद रहें।

माहेश्वरी समाज ने निकाली प्रभात फेरी

अमृत विचार, लखनऊ : माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस पर शनिवार को महेश नवमी उत्सव मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने हाथों में झंडे लेकर चौक स्थित आनंदी देवी मंदिर से प्रभात फेरी निकाली। जयकार लगाते हुए महिलाओं की यह शोभायात्रा विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए कोनेश्वर महादेव मंदिर पर समाप्त हुई। इस दौरान अनुराग मिश्रा, विनोद महेश्वरी, अवधेश, विनोद प्रकाश, लक्ष्मीकांत, रमन, वेंकटेश, नंद किशोर आंचल समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। महेश नवमी पर शुरू की गई कैरम, क्रिकेट ओर शतरंज प्रतियोगिताओं का समापन 20 जून को समाज के वार्षिकोत्सव अवसर पर होगा।

फार्मेसिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अधिवेशन के चुनाव के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

सुनील बने अध्यक्ष और अशोक महामंत्री

अमृत विचार, लखनऊ : फार्मेसिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अधिवेशन का शनिवार को चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर सुनील यादव, महामंत्री अशोक कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी नायक, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, विद्याधर पाठक, शिव करन यादव को संगठन मंत्री पद पर चुना गया है। वहीं, संयुक्त मंत्री, विवेक पाल, कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश और संप्रेक्षक पद पर सचिन मित्तल निर्विरोध निर्वाचित हुए। सर्वसम्मति से केके सचान, शिव प्रसाद, किरन सिंह को संरक्षक चुना गया। निर्वाचन चुनाव अधिकारी अमरपाल सिंह, आरके मिश्रा, जेपी गौड़ के द्वारा चुनाव संपन्न कराया गया। इसके अलावा जय सिंह सचान को सेवानिवृत विंग का अध्यक्ष, ओपी सिंह को महामंत्री, नवी मोहम्मद को उपाध्यक्ष आदेश कृष्ण को यूथ फेडरेशन का अध्यक्ष, उपेंद्र को संरक्षक, देवेंद्र सिंह को महासचिव नामित किया। सभी पदाधिकारियों को हरद्वारी लाल राज द्वारा पद और संविधान की शपथ दिलाई गई।

लेटे हुए हनुमान मंदिर में मनाया गया बाबा नीब करौरी का स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बाबा के विग्रह का फूलों से किया गया दिव्य श्रृंगार

अमृत विचार : गोमती तट स्थित लेटे हुए हनुमान मंदिर में शनिवार को बाबा नीब करौरी के स्थापना दिवस पर विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर स्थित बाबा नीब करौरी ध्यान केंद्र में बाबा के विग्रह का फूलों से दिव्य श्रृंगार किया गया।

इस अवसर पर मंदिर के सचिव डॉ. पंकज सिंह भदौरिया ने बताया की भजन गायक शशांक शेखर की भजन संध्या ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। बाबा को खीर, देसी घी के पुए और चने का भोग लगा कर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी ने बाबा की आरती उतारी।

शादी से पहले लगती थी नाइट्रस ऑक्साइड : प्रसून

संवाददाता निगोहां

▸▸ पंकज प्रसून की कविताओं को लोगों ने किया खूब पसंद

अमृत विचार : कस्बे के बाबू सुंदर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एवं उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान द्वारा उन्नयन 2024 के तहत आयोजित कवि सम्मेलन में भाषा, विज्ञान और तकनीक के अद्वितीय संगम को प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर मुकुल महान, डॉ. मालविका हरिओम, पंकज प्रसून, मंजुल मंजर और शिखा श्रीवास्तव ने अपनी काव्य प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। पंकज प्रसून की कविता जहां शादी से पहले हमको नाइट्रस ऑक्साइड लगती थी। शादी के बाद हाइड्रोजन सल्फाइड लगती है को लोगों ने खूब पसंद किया। मुकुल महान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा, प्रेम कई तरह का होता है जिसमें होम्योपैथी वाला प्रेम भारत में सबसे ज्यादा होता है, जिसको आम बोल चाल में एकतरफा प्रेम कहते हैं। अध्यक्ष आनंद शेखर सिंह, संजीव पांडे, संस्था की उपाध्यक्ष रीना सिंह, निदेशक डॉ. आलोक कुमार शुक्ला समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यालय-संभागीय खाद्य नियंत्रक, देवीपाटन सम्भाग, गोण्डा

पत्रांक 465. / सं0 खा0नि0/स्वी0 अनु0/ / सिंगल स्टेज ई–निविदा/2024–25 गोण्डा, दिनांकः 14.06.2024

अल्पकालिक ई–निविदा सूचना (सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी)

आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांकः–956/ आ0वि0 शा0 / हैण्ड0 परि0/ सिंगल स्टेज/आर0एफ0पी0/2023 लखनऊ, दिनांक 29 फरवरी, 2024 द्वारा शासनादेश संख्या–मु0स0–34/29–6–2021–85 सा0/2017 लखनऊ दिनांक 09.03.2021 के अनुक्रम में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी परिवहन व्यवस्था हेतु शासनादेश संख्या–380/29–6–2024/ई–6099/2641/2020 दिनांक–26.02.2024 में निहित प्राविधानों के अर्न्तगत वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 हेतु सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग / परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु इस कार्यालय पत्रांक–2736 / दिनांक 07.03.2024 के द्वारा प्रथम बार जारी ई–टेण्डर के कम में दिनांक 09.04.2024 को प्राप्त तकनीकी निविदाओं के निविदा समिति द्वारा परीक्षणोंपरान्त शपथ–पत्र पर समक्ष / सम्भागीय खाद्य नियंत्रक को सम्बोधन न होने के कारण अनर्ह किये गये निविदादाताओं के प्रत्यावेदन / शिकायतों के कम में आयुक्त, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा के कार्यालय पत्रांक–1136/दिनांक–31.05.2024 द्वारा निर्देशित किया गया है कि शपथ–पत्र पर अमान्य किये जाने के कारण अनर्ह किये गये 14 ठेकेदारों को शामिल करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये अथवा निविदा निरस्त करते हुए पुनः निविदा प्राप्त किया जाय। उक्त के अतिरिक्त आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्र संख्या–2466/दिनांक 12.06.2024 द्वारा समस्त सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, उ0प्र0 को सम्बोधित पत्र के माध्यम से सिंगल स्टेज टेण्डर में तकनीकी निविदाओं को अनर्ह किये जाने के कतिपय बिन्दुओं/ कारण/अ को औचित्यपूर्ण न मानते हुए नए दिशा–निर्देश जारी किये गये है। अतः उपरोक्त समस्त तथ्यों एवं उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में इस कार्यालय पत्रांक–2736/ दिनांक–07.03.2024 एवं कार्यालय पत्रांक–3308/ दिनांक 15.05.2024 द्वारा जारी ई–टेण्डर के कम में शपथ–पत्र के आधार पर अनर्ह किये गये निविदादाताओं से सम्बन्धित कुल 21 ब्लाकों के साथ जनपद बहराइच के ब्लाक–कैसरगंज व रिसिया के सापेक्ष 02 बार निगोशियेशन उपरान्त प्राप्त दर शिड्यूल दर से अत्यधिक दर औचित्यपूर्ण न पाये जाने के दृष्टिगत कुल 23 ब्लॉकों के सापेक्ष प्राप्त समस्त निविदाओं को निरस्त करते हुए सभी इच्छुक निविदादाताओं को समान अवसर प्रदान करने एवं टेण्डर में प्रतिस्पर्धात्मक दरे प्राप्त करने हेतु देवीपाटन सम्भाग के जनपद–गोण्डा के 09 ब्लाक, जनपद बलरामपुर के 03 ब्लाक, जनपद बहराइच के 09 ब्लाक एवं जनपद–श्रावस्ती के 02 ब्लाक, इस प्रकार कुल 23 ब्लाकों पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली का खाद्यान्न के हैण्डलिंग एवं परिवहन कार्य (भा0खा0नि0 डिपों से उचित दर विक्रेताओं की दुकान तक), ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु इस कार्यालय पत्रांक–3464/ दिनांक 14.06.2024 द्वारा पुनः ई–निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा ई–टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 22.06.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। प्राप्त तकनीकी निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। तदोपरान्त परीक्षणोपरान्त तकनीकी रूप से अर्ह पायी गयी निविदाओं की वित्तीय निविदा खोली जायेगी। निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि / निविदा की समस्त नियम एवं शर्ते, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in से डाउन लोड की जा सकती हैं। समस्त इच्छुक निविदादाता निविदा की किसी भी शर्त में परिवर्तन या बदलाव की जानकारी ई–टेण्डर वेवसाइट http://etender.up.nic.gov.in पर उपलब्ध होगी तथा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते है। अतः समस्त इच्छुक निविदादाता उक्त बेवसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

सरयू प्रसाद
सम्भागीय खाद्य नियंत्रक
देवीपाटन सम्भाग, गोण्डा

सिक्योरिटी गार्ड की हत्या, छत पर पड़ा मिला शव

हजरतगंज के सप्रू मार्ग स्थित गोमती रेजीडेंसी में हुई वारदात, बिल्डर के पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज, हिरासत में पूछताछ जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: हजरतगंज के सप्रू मार्ग स्थित गोमती रेजीडेंसी में सिक्योरिटी गार्ड अमित पाण्डेय (28) की हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह उसका शव अपार्टमेंट की छत पर पड़ा मिला। छोटे भाई ने बिल्डर के बेटे पर पिटाईकर आंख फोड़ने व सिगरेट से जलाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी बिल्डर के बेटे को हिरासत में ले लिया। परिजनों ने देर शाम को 50 लाख रुपये मुआवजे और सरकारी आवास की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने हल्के बल का प्रयोग कर उन्हें खदेड़ा।

सीतापुर हरगांव निवासी अमित पाण्डेय गोमती रेजीडेंसी में सिक्योरिटी गार्ड है। गोमती रेजीडेंसी पूर्व डीसीजी क्रिमिनल और बिल्डर अरुण त्रिवेदी का है। चतुर्थ तल पर अरुण का बेटा अमेव रहता है। अमित सिक्योरिटी गार्ड के साथ ही अमेव के फ्लैट में साफ-सफाई का भी काम करता था। अमित की पत्नी नेहा के मुताबिक शुक्रवार रात करीब 12.30 बजे फूड डिलीवरी ब्वाय आया था।

पार्सल लेने के बाद अमित कमरे में आए। फिर अमेव के पास जाने की बात कर चले गए। शनिवार सुबह नेहा की नींद खुलने पर पति कहीं नजर नहीं आए। परेशान नेहा तलाश करती हुई अपार्टमेंट की छत पर पहुंची तो अमित का शव मिला।

फुटेज हटाने का आरोप : परिवार के मुताबिक अपार्टमेंट में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। जिनकी फुटेज से भी छेड़छाड़ की गई है। आरोप है कि अमेव ने चतुर्थ फ्लोर पर कैमरे नहीं लगाए है। ऐसे में हत्या के लिए वही स्थान चुना गया। आरोप है कि सिक्योरिटी गार्ड को बुरी तरह से पीटा भी गया। जिसकी वजह से दाहिनी आंख के साथ हाथ,पैर और गले पर चोट लगी।

अक्सर करते थे गाली-गलौज : भाई शुभम ने बताया कि अमेव रोजाना सामान मंगाने के लिए ऊपर बुलाते थे। किसी न किसी बात पर गाली-गलौज करते थे। यही नहीं सामान भी अमित को खुद के पैसे लाने के लिए कहते थे। कुछ वक्त पहले रुपये मांगने पर विवाद हुआ था, तो मैनेजर ने कहा कि सामान ला दिया करो रुपये वह दे देगा।

भाई ने छोडी थी नौकरी : अमेव रोजाना किसी न किसी नौकर को गाली बकता था। कुछ वक्त पहले सौरभ भी यहीं नौकरी करते थे। उसको भी सामान लाने पर गाली-गलौज कर भगाते थे। इस चक्कर में सौरभ ने नौकरी छोड़ दी थी, तो अमित काम देखने लगे थे।

हत्या को लेकर गोमती रेजिडेंसी के गेट पर प्रदर्शन करते परिजन (इनसेट) मृतक अमित पाण्डेय। अमृत विचार

पीटने और सिगरेट से जलाने का आरोप

पत्नी का आरोप है कि अमित के शरीर पर सिगरेट से दागा गया। उसकी दाहिनी आंख में भी चोट थी। अमित के भाई सौरभ ने आरोप लगाया कि बिल्डर के बेटे अमेव ने अमित की पिटाई की। इस दौरान उसे सिगरेट से कई जगह जलाया। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। बिसरा जांच के लिए भेजा गया है।

50 लाख का मुआवजा, मकान की मांग

भाई सौरभ पाण्डेय ने बताया कि अमित के तीन बच्चे हैं। परिवार में वह इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसकी हत्या होने से आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। इसलिए परिवार को पचास लाख की आर्थिक मदद के साथ सरकारी आवास दिया जाना चाहिए। इस मांग को लेकर हंगामा किया। बवाल बढ़ते देख पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट से लगी आग, चार ठेले जले

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार : गुडंबा थाना क्षेत्र के कुर्सी रोड चौराहा पर बीती रात ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। आग से फल के चार ठेले जलकर राख हो गए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया। आग लगने से आस-पास लगे सब्जी के ठेलों को भी काफी नुकसान हुआ। ट्रांसफार्मर में आग लगने पर पास में ठेला लगा रहे जानकीपुरम निवासी अब्दुल कयूम ने बताया कि आग लगने के साथ बड़ा धमाका हुआ। जिससे सड़क के किनारे ठेला लगा रहे सभी लोग अपना समान लेकर भाग खड़े हुए। शुक्रवार की रात करीब 2 बजे ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट हुआ। जिसके बाद वहां अचानक आग लग गई।

कार्यालय–ग्राम पंचायत सोनौरा वि.खं. जोगिया, सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/निविदा सामग्री/2024–25 दिनांक – 15.06.2024

S.L.W.M. के अन्तर्गत निर्माण सामाग्री एवं ठेला साईकिल कचरा गाड़ी आदि हेतु टेण्डर की सूचना

S.L.W.M. में सामाग्री, ठेला गाड़ी, कूड़ा गाड़ी, कंटीला तार, एंगल, पेन्ट, डिसटेम्पर, टाइल्स, चूना, ब्लीजिंग, केमिकल, सोलर लैम्प, स्ट्रीट लाइट, गिट्टी, पंचायत बैठक हेतु, कुर्सी, टेन्ट, मेज आदि, लोहे का गेट, फाटक, कायाल्प सामाग्री आदि। ग्राम पंचायत मझवन वि.खं. जोगिया जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना पंद्रहवाँ वित्त/चतुर्थ राज्य वित्त /केंद्रीय वित्त / स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य शासकीय योजना के अंतर्गत स्वीकृति तथा कराए जाने वाले कार्यो में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु इंटरलॉकिंग ईट ,प्रथम श्रेणी ईट,ईट गिट्टी,बालू, सीमेंट ,मोरंग , सरिया पेंट ,वायरिंग, पत्थर की गिट्टी टाइल्स ह्रम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट ,हार्डवेयर ,सफाई समाग्री ,ह्यूमपाइप,साइन बोर्ड,गोवंश भरण पोषण हेतु भूसा दाना ,टूल–किट, इंडिया मार्का पंप , मरम्मत, रीबोर ,पंचायत भवन निर्माण व मरम्मत व सार्वजनिक स्थान पर बैठने हेतु बेंच निर्माण , कूड़ा दान, जेसीबी से कार्य ग्राम पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र मरम्मत / सामुदायिक शौचालय मरम्मत व निर्माण , ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधक (SLWM) , इलेक्ट्रॉनिक मेंटेरियल आदि सामानों की व समय–समय पर आवश्यकतानुसार कार्य करने संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा सत्र 2024 25 हेतु आमंत्रित की जाती है । इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 26–06–2024 को प्रातः 9:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय सोनौरा की निविदा बॉक्स में डाली जाएगी और उसी दिन प्रातः 01:00 बजे ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेंडर खोला जाएगा तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी । धरोहर की राशि रू0. 5000 होगी।

नियम व शर्त :–

1. जिस आपूर्तिकों की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2. ऑपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा यह कर देता हो। प्रमाणित प्रति संकाना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष कर आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर बोला जाएगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाए यह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी। 7. सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ायी जा सकती है। 8. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा। 9.आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा। 10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 12. स्वीकृत आपूतिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा। 13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीकृत बैंक के एफडी एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सोनौरा के नाम बंधक से सम्पन्न करना अनिवार्य है। 14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 07 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। 15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सोनौरा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रुपया है पर स्वीकार की जायेगी। 16. सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत सोनौरा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है

ग्राम प्रधान– रीता
वि.खं. जोगिया, सिद्धार्थनगर

सचिव/ग्रा0वि0अ0– मनीराम वर्मा
वि.खं. जोगिया, सिद्धार्थनगर

सार-संक्षेप

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर योगाभ्यास करते बच्चे। अमृत विचार

योग दिवस के मद्देनजर लिटिल एंजिल्स ने किया योगाभ्यास

अमृत विचार, लखनऊ : रत्ना डांस अकादमी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छोटी-छोटी बच्चियों अविका सिंह, अनिका सिंह, तनिष्का सिंह, अवंतिका श्रीवास्तव, अग्रिमा चौरसिया, श्री मौर्या, ध्वनि सिंह, आयुषी सिंह, अनन्या शर्मा, अदिति सिंह, स्वस्तिका त्रिपाठी, अनिका चंदेल, पीहू वर्मा, और स्मार्ट मदर कैटेगरी में बबीता साहू, आशा चौरसिया, गरिमा सिंह सहित अन्य ने योगाभ्यास किया। रत्ना अस्थाना के निर्देशन में हुए इस आयोजन में भारतेन्दु नाट्य अकादमी के पूर्व निदेशक पुनीत अस्थाना और कार्यक्रम संयोजिका शुभ्रा अस्थाना भी रहे।

कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देते लविवि कुलपति। अमृत विचार

योग संकल्प के समर्थन में उतरा कर्मचारी संगठन

अमृत विचार, लखनऊ : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संकल्प अभियान के समर्थन में लखनऊ विश्वविद्यालय के कर्मचारी परिषद ने पहल की है। इसको लेकर कुलपति ने कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देते हुए प्रोत्साहित किया है। कर्मचारी परिषद के महामंत्री संजय शुक्ला ने इस सार्थक पहल के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभार व्यक्त किया। उधर, योग के समर्थन में डाउनलोड किये गए प्रमाण पत्र को कुलपति ने कर्मचारियों को देकर प्रोत्साहित किया।

लविवि में मौजूद ताजिकिस्तान दूतावास के प्रभारी व अन्य। अमृत विचार

ताजिकिस्तान दूतावास प्रभारी ने किया लविवि का दौरा

अमृत विचार, लखनऊ : भारत में ताजिकिस्तान दूतावास प्रभारी ने शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान लविवि में विभिन्न पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे ताजिक छात्रों से मुलाकात भी की लखनऊ विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय प्रकोष्ठ ने इस मुलाकात और भ्रमण का आयोजन किया। ताजिकिस्तान दूतावास प्रभारी हबीबुलो मिर्जोजदा ने ताजिकिस्तान के छात्रों से मिलकर उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके बाद दूतावास प्रभारी और लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के बीच देर तक विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा भी हुई।

अपने द्वारा बनाये गये घोसलों के साथ बच्चे। अमृत विचार

बच्चों ने वेस्ट मेटेरियल से बनाए चिड़ियों के घर

अमृत विचार, लखनऊ : त्रिवेणी नगर में बच्चे गर्मियों की छिट्टियों में वेस्ट मेटेरियल से चिड़ियों के घर तैयार कर उन्हें पार्कों में लगा रहे है। स्थानीय निवासी व सामाजिक कार्यकर्त्ता अमृता डिंगर ने बताया कि कॉलोनी के रहने वाले बच्चे इशिता,वंश, शताक्षी त्रिपाठी, अर्जित और भाव्या सहित कई बच्चों ने एक टोली बना रखी है। यह बच्चे घरों के वेस्ट मेटेरियल से चिड़ियों के घर तैयार करते हैं। इसके बाद इन घरों को कॉलोनी के पार्कों के पेड़ों में बांधते हैं। जिससे चिड़ियां इसे अपना आशियाना बना सकें।

आबकारी टीम ने रेस्टोरेंट बार का किया निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : आबकारी टीम द्वारा मय स्टाफ मध्य रात्रि के बाद गोमती नगर तथा सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्रों में स्थित रेस्टोरेंट बार का सघन निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही रायबरेली-लखनऊ रोड पर देर रात्रि तक संदिग्ध वाहनों एवं संदिग्ध ढाबों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान कोई भी गलत तरीके से शराब बिक्री करते नहीं पाया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी आयुक्त के आदेश के क्रम में पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम के लिए लगातार विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है।

लापता प्रॉपर्टी डीलर का शव घैला पुल के पास मिला

अमृत विचार: गुडंबा के सिकंदरपुर निवासी प्रॉपर्टी डीलर चंदन यादव (35) का शव शनिवार दोपहर को घैला पुल के पास नदी में उतराता मिला। वह तीन दिन से लापता था।

सिकंदरपुर निवासी प्रापर्टी डीलर चंदन यादव बुधवार को घर में कहासुनी के बाद बिना किसी से कुछ बताए घर से निकल कर कहीं चले गए। गुरुवार को गुडंबा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। शनिवार सुबह आईआईएम रोड घैला पुल के पास उसका शव मिला।। इंस्पेक्टर गुडंबा नितीश श्रीवास्तव के मुताबिक परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

राजाजीपुरम में जेवर चोरी करते सीसीटीवी में कैद हुई महिला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : तालकटोरा के राजाजीपुरम के मिनी ज्वेलर्स पर खरीददारी करने पहुंची महिला ने जेवर चोरी कर लिए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक, सीसीटीवी कैमरे में साफ देखा जा सकता है कि काले रंग का सलवार-सूट और स्लीपर पहनकर एक महिला दुकान में दाखिल होती है। वह सेल्समैन से जेवर दिखाने के लिए कहा। जैसे ही सेल्समैन दूसरी जेवर दिखाने के लिए घूमता है, महिला एक जेवर अपने पैरों में छिपा लेती है। फिर वह कुछ देर तक वह दुकानदार और सेल्समैन से बात करती है और फिर बिना कुछ खरीदे बाहर निकल जाती है। बाहर निकलकर वह पैरों में फंसा गोल्ड निकालती है और पर्स में रखकर बाहर निकल जाती है। प्रभारी निरीक्षक कैलाश दुबे ने बताया की वायरल वीडियो और पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच शुरू की गई है। क्राइम ब्रांच की टीम भी लगाई गई है और हम जल्द ही महिला को गिरफ्तार कर लेंगे।

एसटीएफ ने तस्कर को किया गिरफ्तार, 105 कछुए बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एसटीएफ की टीम ने आलमबाग बस स्टेशन के पास से एक युवक को दबोचा। तलाशी में उसके पास से 105 कछुए और पांच हजार रुपये बरामद हुए। एसटीएफ के अधिकारी ने बताया कि पकड़ा गया युवक अंतरराष्ट्रीय कछुआ तस्कर है।

डीएसपी एसटीएफ दीपक सिंह ने बताया कि प्रतिबंधित प्रजातियों के कछुओं की तस्करी कर बिहार और पश्चिम बंगाल ले जाने की सूचना मिली थी। टीम ने आलमबाग बस स्टेशन के पास से युवक को पकड़ा। पकड़ा गया आरोपी मो. इकरार खान निवासी फिरोजाबाद का रहने वाला है।

आरोपी ने कबूला कि माल पश्चिम बंगाल के व्यापारी लेते हैं। फिर उन्हें बांग्लादेश, म्यांमार के रास्ते चीन, हांगकांग और मलेशिया भेजते हैं। आरोपी के खिलाफ आलमबाग कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

10 लाख के मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : चारबाग जीआरपी और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 लाख रुपये के 42 मोबाइल बरामद किए हैं। प्रभारी निरीक्षक संजय खरवार ने बताया कि आरोपियों में प. बंगाल के वर्धमान स्थित चिनाकुरी नोनिया बस्ती निवासी अशोक नोनिया और कोलेरी नोनिया बस्ती का विजय नोनिया शामिल हैं। दोनों लखनऊ, कानपुर और गोरखपुर रूट की ट्रेनों में घुसकर वहां सो रहे यात्रियों के मोबाइल चोरी कर लेते थे।

दवा लेने गई महिला से मारपीट, रिपोर्ट

अमृत विचार सरोजनीनगर : सरोजनीनगर के रनियापुर में रहने वाली शिवांशी देवी ने गांव के विकास रावत के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवांशी का आरोप है कि बीती 12 जून को उसका पति प्रेम शंकर रावत ड्यूटी पर गया था और उसकी तबीयत खराब थी। इस वजह से वह अकेले ही बंथरा कस्बे में दवा लेने गई थी। जहां से ई रिक्शा से लौटते समय बंथरा स्थित आजाद विहार कॉलोनी के पास कानपुर रोड पर गांव के विकास रावत ने रंजिश को लेकर उसे रोक लिया और डंडों से मारा पीटा।

ग्रीष्मकालीन शिविर में बनाये गये मुखौटों के साथ बच्चे। अमृत विचार

शिविर में बच्चों ने सीखा मुखौटा बनाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कान) में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर में शनिवार को बच्चों ने जगन्नाथ का मुखौटा बनाना सीखा।

5 से 15 साल के बच्चों के समग्र विकास के उद्देश्य से चल रही इस कार्यशाला में इस्कान मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास की पत्नी अचिन्त्य रूपिणी बच्चों की विभिन्न विधाओं में दक्ष बनाने का काम कर रही हैं। उन्होंने बच्चों को जगन्नाथ का मुखौटा बनाना सिखाया। अपने ही बनाये मुखौटों से आकर्षित बच्चे उसे हाथ में लेकर नाच उठे।

व्यापार मलिहाबाद के मैंगो पैक हाउस से पहली खेप रवाना

पहली बार यूरोप तक पहुंची दशहरी

संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

अमृत विचार: मलिहाबाद के मैंगो पैक हाउस से निर्यात के लिए पहली खेप रवाना हो गई। अधिकारियों ने झंडी दिखाकर उसे रवाना किया। उत्तर प्रदेश की इरादा किसान उत्पादक कंपनी के किसानों ने पहली बार दशहरी आमों की अपनी निर्यात खेप को यूरोप भेजा है। इससे भारत में फल और सब्जियों के अग्रणी निर्यातक नेक्स्ट ऑन के माध्यम से नए संभावित बाजार के लिए रास्ता तैयार किया गया है।

कृषि और किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार के विपणन प्रभाग, कृषि विपणन और विदेश व्यापार निदेशालय, उत्तर प्रदेश सरकार एवं कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के साथ इंडो-जर्मन एएमडी परियोजना द्वारा सुविधा और सहयोग प्रदान किया गया है। यूरोपीय संघ के बाजारों में यह पहली निर्यात की खेप है। निर्यात किए गए जीआई दशहरी आम उन बागों से हैं जो ग्लोबल जीएपी के तहत प्रमाणित हैं और यूरोपीय संघ के खाद्य सुरक्षा मानकों का अनुपालन करते हैं।

कार्यालय: ग्राम पंचायत– दूल्हापुर, वि0ख0–लम्भुआ–सुलतानपुर

पत्रांक– मेमो/ ग्रा0पं0 / सा0 आ0 नि0 / 2024–25 दिनांक– 15–06–2024

निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत दूल्हापुर वि0 ख0 लम्भुआ जनपद सुलतानपुर के मनरेगा पंचम राज्यक्ति / केन्द्रीय वित्त आयोग/ मनरेगा इण्टरलाकिंग, खण्डजा नाली, नाला इत्यादि बहुउददेशीय पंचायत भवन / स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अभियान के अन्तर्गत एवं शासन द्वारा लागू योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 की स्वीकृति कार्य योजना में आंगनबाड़ी केन्द्र अन्त्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति सेनेटाइजेशन कार्य फागिंग कार्य, कम्प्यूटर,इन्वर्टर साफ–सफाई किट, कूड़ा उठाने वाली लोडर गाड़ी/ट्रैक्टर, सोलर स्ट्रीट लाइट, सी0सी0 रोड निर्माण कार्य इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य बालू, सीमेन्ट, मोरंग सरिया (13सूत/ 2 सूत), पेण्ट वायरिंग ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी. हयूम पाइप लोहे का दरवाजा पल्ले खिडकी , हैण्डपम्प मरम्मत/ रिबोर सामग्री पाइप पेयजल योजना सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रण की जानी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित पत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जायेगी अथवा कार्यालय में जमा की जा सकती है। धरोहर राशि रू0 पांच सौ होगी।

नियम व शर्ते :– 1. ग्राम पंचायत दूल्हापुर वि0ख0 लम्भुआ जनपद सुलतानपुर में पंचम राज्यवित्त / पन्द्रहवां वित्त आयोग व अन्य विविध योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री की आपूर्ति। 2–निविदा के साथ पैन नम्बर की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। 3– जी0 एस0 टी0 नम्बर की छायाप्रति। 4–निविदा के साथ अरनेस्ट मनी जमा करना अनिवार्य है, जो ग्राम पंचायत के खाते में एफ.डी.या बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा होगा, अथवा निविदा स्वीकार कर दी जायेगी। 5–निविदा में दिया गया दर सभी कर जी0एस0 टी0 सहित होगा। 6. स्त्रोत पर कटौती के शासकीय आदेश के अनुसार कटौती किये जाने के पश्चात शेष कर नियमानुसार जमा किये जाने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित फर्म / ग्राम पंचायत का होगा। 7–निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न समस्त प्रमाण–पत्रों को निविदा दाता द्वारा स्वाप्रमाणित होना अनिवार्य है। 8– निविदा दाता को जमा धरोहर धनराशि पर कोई ब्याज देय नही होगा। 9– निविदा खुलने के पूर्व निर्धारित समय में स्व हस्ताक्षरित टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड के प्रपत्र अलग–अलग कर सील बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा अथवा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 10–विवाद की स्थिति में समस्त विवाद जनपद न्यायालय सुलतानपुर के अधिकार क्षेत्र में होंगे। 11– टेण्डर निविदा समिति के अधिकारी / सदस्यों की उपस्थिति में खोला जायेगा। 12–फर्म–संस्था का रजिस्ट्रेशन नियमानुसार होना चाहिए। 13– टेण्डर फर्म के लिफाफे पर विज्ञापन संख्या एवं दिनांक अवश्य लिखा जायेगा। 14– टेण्डर निरस्तीकरण का अधिकारी निविदा समिति के अध्यक्ष को होगा। 15–संस्था के ब्लैक लिस्टेड न होने का प्रमाण–पत्र। 16– संस्था/कम्पनी का इण्डियन कम्पनीज एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत होने का प्रमाण–पत्र अथवा संस्था / फर्म वाणिज्य कर विभाग में रजिस्टर्ड होना चाहिए। 17– इस आशय का शपथ पत्र की आपूर्तिकर्ता ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव का सगा सम्बन्धी अथवा रिश्तेदार नही है।

कैलाश चंद्र दूबे
ग्राम प्रधान

रामराज सरोज
सचिव

कार्यालय : ग्राम पंचायत– शफीपुर, वि0 ख0– प्रतापपुर कमैचा सुलतानपुर

पत्रांक– मेमो/ ग्रा0पं0 / सा0 आ0 नि0 / 2024–25 दिनांक– 15–06–2024

निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत– शफीपुर, वि0 ख0– प्रतापपुर कमैचा जनपद सुलतानपुर के मनरेगा पंचम राज्यक्ति / केन्द्रीय वित्त आयोग/ मनरेगा इण्टरलाकिंग, खण्डजा नाली, नाला इत्यादि बहुउददेशीय पंचायत भवन / स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अभियान के अन्तर्गत एवं शासन द्वारा लागू योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 की स्वीकृति कार्य योजना में आंगनबाड़ी केन्द्र अन्त्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति सेनेटाइजेशन कार्य फागिंग कार्य, कम्प्यूटर, इन्वर्टर साफ – सफाई किट, कूड़ा उठाने वाली लोडर गाड़ी / ट्रैक्टर, सोलर स्ट्रीट लाइट, सी0सी0 रोड निर्माण कार्य इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य बालू, सीमेन्ट, मोरंग सरिया (13सूत/ 2 सूत), पेण्ट वायरिंग ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी. हयूम पाइप लोहे का दरवाजा पल्ले खिडकी हैण्डपम्प मरम्मत/ रिबोर सामग्री पाइप पेयजल योजना सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रण की जानी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित पत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जायेगी अथवा कार्यालय में जमा की जा सकती है। धरोहर राशि रू0 पांच सौ होगी।

नियम व शर्ते :– 1. **ग्राम पंचायत– शफीपुर, वि0 ख0– प्रतापपुर कमैचा जनपद सुलतानपुर** में पंचम राज्यवित्त / पन्द्रहवां वित्त आयोग व अन्य विविध योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री की आपूर्ति। 2 – निविदा के साथ पैन नम्बर की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। 3– जी0 एस0 टी0 नम्बर की छायाप्रति। 4– निविदा के साथ अरनेस्ट मनी जमा करना अनिवार्य है, जो ग्राम पंचायत के खाते में एफ.डी.या बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा होगा, अथवा निविदा स्वीकार कर दी जायेगी। 5 – निविदा में दिया गया दर सभी कर जी0एस0 टी0 सहित होगा। 6. स्त्रोत पर कटौती के शासकीय आदेश के अनुसार कटौती किये जाने के पश्चात शेष कर नियमानुसार जमा किये जाने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित फर्म / ग्राम पंचायत का होगा। 7 – निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न समस्त प्रमाण–पत्रों को निविदा दाता द्वारा स्वाप्रमाणित होना अनिवार्य है। 8– निविदा दाता को जमा धरोहर धनराशि पर कोई ब्याज देय नही होगा। 9– निविदा खुलने के पूर्व निर्धारित समय में स्व हस्ताक्षरित टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड के प्रपत्र अलग–अलग कर सील बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा अथवा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 10–विवाद की स्थिति में समस्त विवाद जनपद न्यायालय सुलतानपुर के अधिकार क्षेत्र में होंगे। 11– टेण्डर निविदा समिति के अधिकारी / सदस्यों की उपस्थिति में खोला जायेगा। 12 – फर्म – संस्था का रजिस्ट्रेशन नियमानुसार होना चाहिए। 13 – टेण्डर फर्म के लिफाफे पर विज्ञापन संख्या एवं दिनांक अवश्य लिखा जायेगा। 14 – टेण्डर निरस्तीकरण का अधिकारी निविदा समिति के अध्यक्ष को होगा। 15 – संस्था के ब्लैक लिस्टेड न होने का प्रमाण–पत्र। 16 – संस्था/ कम्पनी का इण्डियन कम्पनीज एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत होने का प्रमाण–पत्र अथवा संस्था / फर्म वाणिज्य कर विभाग में रजिस्टर्ड होना चाहिए। 17 – इस आशय का शपथ पत्र की आपूर्तिकर्ता ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव का सगा सम्बन्धी अथवा रिश्तेदार नही है।

रीता
ग्राम प्रधान

गनेश कुमार
सचिव

ग्राम पंचायत– शफीपुर, वि0 ख0– प्रतापपुर कमैचा सुलतानपुर

चार दिन की रोशनी फिर अंधेरी राह

स्मार्ट सिटी कानपुर के जाजमऊ प्रवेश द्वार पर फिर अंधेरा कायम है। कानपुर विकास प्राधिकरण सिर्फ बोर्ड पर इबारत लिखकर सौंदर्यीकरण की लौ जलाए है। वर्ष 2020 में महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की इच्छा पर कानपुर शहर के प्रवेश द्वारों को सुसज्जित कर भव्यता प्रदान करने का बीड़ा उठाया गया था। जाजमऊ गंगा पुल के प्रवेश द्वार के गुंबदों को बिजली की रोशनी से सजाया-संवारा गया था। उस समय यहां जगमग रोशनी से सड़क पर छटा बिखरा करती थी, लेकिन वर्ष 2022 में महामहिम रामनाथ कोविंद का कार्यकाल खत्म होते ही केडीए प्रशासन इस प्रवेश द्वार को भुला बैठा। अब हालत यह है कि सांझ ढलते ही जाजमऊ गंगा पुल का प्रवेश द्वार पर बने गुम्बद अंधेरे में डूब जाते हैं और सड़क पर बिजली की चकाचौंध नजर नहीं आती है।
फोटो- मनोज तिवारी

सीएमओ, 14 अधीक्षक व डीपीएम का वेतन रोका

बहराइच, अमृत विचार। जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय तथा जिला स्तरीय पोषण समिति व कुपोषण मुक्त गांवों की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी के स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की सघन समीक्षा करते हुए पीपीआईयूसीडी डाटा में सुधार न होने तथा शल्य चिकित्सकों द्वारा मानक से कम सर्जरी करने पर नाराजगी जताते हुए डाटा में सुधार न होने तक मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त एमओआईसी व डीपीएम का माह जून का वेतन रोकने का निर्देश दिया। जबकि मानक से कम सर्जरी करने पर डीएम ने सभी सम्बन्धित शल्य चिकित्सकों की वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जरवल में तैनात सीएचओ आकाश के निरन्तर अनुपस्थित रहने पर सेवा से हटाये जाने के निर्देश दिये।

सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो नीट गड़बड़ी की जांच

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ **सांसद तनुज पुनिया ने केंद्र सरकार से की मांग**

अमृत विचार : नीट यूजी के परीक्षाफल में गड़बड़ी 24 लाख युवाओं के भविष्य का सवाल है। पटना में दर्ज एफआईआर और जांच में दर्ज बयान सच्चाई बयां कर रहे हैं कि नीट का पेपर आउट हो गया था। केन्द्र सरकार इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच कराये। यह मांग सांसद तनुज पुनिया ने शनिवार को केन्द्र सरकार से की।

तनुज पुनिया

तनुज पुनिया ने कहा कि अगर नीट का पेपर लीक नहीं हुआ तो बिहार में 13 आरोपियों को गिरफ्तार क्यों किया गया। हकीकत तो ये है कि भाजपा सरकार में कुछ दिनों में ही पेपर लीक के कई मामले सामने आ चुके हैं। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि इस बार रिकार्ड 67 अभ्यर्थियों के 720 में 720 अंक आये हैं। परीक्षार्थियों का कहना है कि कृपांक 10, 20 या 30 नहीं, बल्कि 100-150 तक दिये गये हैं। ऐसे में वह अभ्यर्थी भी मेरिट में आ गए हैं, जो असली नंबर के सहारे न आते। इस बार प्रवेश परीक्षा में 24 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 13 लाख उत्तीर्ण हुए। एक परीक्षा केन्द्र के आठ अभ्यर्थी शत प्रतिशत अंक पाकर टॉपर बने हैं। जो जांच का विषय है।

अप्रशिक्षित के इलाज से बच्चे की मौत, हंगामा

धानेपुर, अमृत विचार: धानेपुर थाना क्षेत्र के कुतुबगंज बाजार में अप्रशिक्षित की लापरवाही से त्रिभुवननगर ग्रांट गांव के रहने वाले एक बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने अप्रशिक्षित पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और धानेपुर थाने पर प्रदर्शन कर उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

त्रिभुवननगर ग्रांट गांव के मजरे सौरहवा के रहने वाले अजीत कुमार चौहान के मुताबिक चार दिन पहले उसके 12 वर्षीय बेटे यशवंत को पेट दर्द की शिकायत पर उसकी पत्नी विमला ने उसे कुतुबगंज बाजार में राजेश यादव को दिखाया था। तीन दिन तक इलाज के बाद शुक्रवार को राजेश ने जवाब दे दिया और उसे दूसरे डॉक्टर को दिखाने के लिए कहा। शनिवार को जब उसकी पत्नी बेटे यशवंत को इलाज के लिए गोंडा ले जा रही थी, तभी रास्ते में यशवंत की मौत हो गयी।

कानपुर में भाजपा-कांग्रेस की जुबानी जंग

अधर्म की राजनीति नहीं चलेगी : अजय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अजय राय

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश में धर्म के नाम पर अधर्म की राजनीति नहीं चलेगी। देश की जनता रोजगार, बढ़ती महंगाई से त्रस्त है। विकास के नाम पर बड़ी बड़ी बातें की जा रही हैं, लेकिन कहीं विकास दिखाई नहीं दे रहा है।

शनिवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने के लिए कानपुर पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष का गंगा के पुल पर कांग्रेसियों की ओर से स्वागत किया गया। उनका काफिला जब रामादेवी पहुंचा तो वहां शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने उन्हें फूल मालाओं से लादा। उन्होंने कहा कि बनारस में 10.30 लाख के ऊपर जीत का दम भरने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असफल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या से भाजपा की हार ने यह साफ कर दिया है कि जनता अब बहकावे में नहीं आएगी।

कांग्रेस नेता धर्मराज सिंह चौहान के रामादेवी चौराहा स्थित कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ताओं को नसीहत दी कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। प्रदेश महासचिव कनिष्क पांडेय के घर पहुंचकर उनके पिता के देहांत पर शोक संवेदना व्यक्त की।

विपक्ष के झूठ से हमारी सीटें कम हुईं : भूपेंद्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


भूपेंद्र सिंह चौधरी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव होने के बाद पहली बार शहर पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि विपक्ष के झूठे प्रचार की वजह से हमारी सीटें कम हुई हैं। इंडिया गठबंधन ने पूरे देश में नेरेटिव सेट किया कि यदि भाजपा की 400 सीटें आ गई तो संविधान बदल जाएगा। इसके जरिये देश की भोली-भाली जनता को भ्रमित कर ठगने का काम किया गया। इसी वजह से जैसे चुनाव परिणाम आने चाहिए थे, वैसे नहीं आए। अब जो जनादेश है, उसे स्वीकारते हुए हम एक बार फिर जनता के बीच प्रभावशाली ढंग से जाएंगे।

दोपहर में कानपुर गंगा बैराज पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, नव निर्वाचित सांसद रमेश अवस्थी, जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय, शिवराम सिंह, दिनेश कुशवाहा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व विधायक केके सचान के आवास पर पहुंचकर उनकी दिवंगत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक व्यक्त किया। पिछले दिनों घायल हुए पूर्व विधायक राकेश सोनकर का हालचाल लेने के लिए मधुराज नर्सिंग होम पहुंचे।

फेसबुक पर दोस्ती कर थमा दिए लाखों के नकली नोट

संवाददाता, संतकबीरनगर

▸▸ **संतकबीरनगर में महिला नकली नोट समेत गिरफ्तार**

अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक जालसाज महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे मे पांच लाख 85 हजार रुपए से ज्यादा की नकली नोट बरामद किया है।

बताते चलें कि शनिवार को वादी अजय नाथ मिश्र निवासी कौड़ीराम थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर ने कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना दिया कि एक महिला ने उनसे फेसबुक के माध्यम से फ्रेन्ड रिक्वेस्ट भेजने के उपरान्त बातचीत करके रुपए बदलने की बात किया। महिला ने उन्हें खलीलाबाद के मेंहदावल बाईपास पर बुलाया और उनसे तीन लाख असली रुपए लेकर उन्हें नकली नोट (बच्चों के खेलने वाले रुपए) पकड़ा दिए। जिसके सम्बन्ध में कोतवाली पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया था। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महिला को 5 लाख 85 हजार 500 रुपए के नकली नोट, 35 हजार रुपए के असली नोट और एक अदद मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में जालसाज महिला ने अपना नाम हाजरा खातून उर्फ हिना पुत्री हफीजुल्लाह निवासी फतेहपुर मनबेला थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर बताया है।

विभव ने विकसित की यूरिन से शुगर जांचने वाली स्ट्रिप

संवाददाता, रायबरेली

विभव शुक्ला

▸▸ **दौलतपुर गांव के रहने वाले हैं विभव, एनआईटी रायपुर से कर रहे हैं शोध**

अमृत विचार। शरीर में शुगर की जांच के लिए अब ब्लड सैंपल निकालना जरूरी नहीं होगा। शुगर लेवल की जांच यूरिन (पेशाब) से भी की जा सकेगी। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर में जनपद के शोध छात्र विभव शुक्ला ने ब्लड की जगह यूरिन से शुगर मापने वाल टेस्ट स्ट्रिप विकसित की है। उनका यह नया शोध उन लोगों के लिए वरदान साबित होगा जो रक्त परीक्षण से डरते हैं। संस्थान के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट में एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर कफील अहमद सिद्दिकी के निर्देशन में शोध कर रहे पीएचडी छात्र विभव शुक्ल सरेनी क्षेत्र के दौलतपुर गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता विनय कुमार शुक्ल हरिवंश लाल शुक्ल इंटर कॉलेज ऊँचगाँव-उन्नाव में प्रधानाचार्य के रूप में कार्य का कार्यरत हैं। विभव शुक्ल ने बताया कि उनका यह शोध प्रसिद्ध जर्नल 'मटेरियल्स टुडे केमिस्ट्री' में प्रकाशित भी हुआ है। गंगा किनारे बसे दौलतपुर में जन्मे विभव ने प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही प्राप्त की। सरस्वती विद्या मंदिर, उंचगाँव, उन्नाव से कक्षा 12 की पढ़ाई के बाद फिरोज गांधी कॉलेज से बीएससी और डीएवी कॉलेज-कानपुर से एमएससी की है।

पू. रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने पदभार संभाला

गोरखपुर, अमृत विचार: पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण अभय कुमार गुप्ता ने पदभार ग्रहण कर लिया। इसके पूर्व, आप दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता में वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक के पद पर कार्यरत थे। अभय गुप्ता ने हरकोर्ट बटलर प्राविधिक संस्थान कानपुर से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के उपरान्त भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा 1989 बैच के माध्यम से रेल सेवा में प्रवेश किया और उत्तरदायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

अभय गुप्ता

दिल्ली में मिलीं इंडो-नेपाल बार्डर की 47 किशोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **सीडब्ल्यूसी कर रही जांच सत्यापन के बाद अभिभावकों के सुपुर्द कीं 27 किशोरियां**

अमृत विचार : बाल कल्याण समिति ने जिले के नेपाल बार्डर की रहने वाली 47 किशोरियों को दिल्ली में बरामद किया है। इनमें से 27 किशोरियों के सत्यापन के बाद उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया है, जबकि अन्य दस किशोरियों को परीक्षा होने तक वहीं रोक दिया गया है, जिन पर सीडब्ल्यूसी न सिर्फ नजर रख रही है, बल्कि जांच भी करा रही है।

समिति सदस्य सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि बाल कल्याण समिति, दिल्ली के पदाधिकारियों ने एक शिकायत पर अनाधिकृत बाल संरक्षण गृह का निरीक्षण किया तो वहां जिले के नेपाल बार्डर स्थित चंदनचौकी और गौरीफंटा क्षेत्र की 47 लड़कियां मिलीं। इस पर संस्था ने जिले की समिति से सत्यापन कराया तो 27 किशोरियों के माता-पिता घर में मिले, जबकि पांच के घर पर ताला पड़ा मिला। अभिभावकों ने बताया कि एनजीओ इन बच्चों को निशुल्क शिक्षा, भोजन और आवासीय व्यवस्था के तहत ले गई है। हालांकि संस्था ने माना कि जिले में पढ़ाई-लिखाई की समुचित व्यवस्था के बाद भी बच्चों को इतनी दूर क्यों भेजा? संदेह उत्पन्न होने के कारण जिले की टीम से सत्यापन कराया गया। पश्चात दिल्ली पुलिस की टीम 12 जून को जिला मुख्यालय लेकर पहुंची। सभी 27 किशोरियों को उनके अभिभावकों के सुपुर्द किया गया। बहरहाल, किशोरियों की बरामदगी कई सवाल खड़े कर रही है। अब स्थानीय सीडब्ल्यूसी का कहना है कि एनजीओ बच्चों को पढ़ाने के लिए ले गई थी, लेकिन संदेह के आधार पर अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया।

> क्षेत्र से बच्चों को पढ़ाई के लिए व्यक्तिगत तौर पर लोग दिल्ली सहित अन्य महानगरों में भेज देते हैं। शिकायत पर मिली लड़कियों की नाम-पते सत्यापन में सही मिले हैं, इससे संदेह की बात खत्म हो गई है।
> **-यूके सिंह, परियोजना अधिकारी जनजाति विकास**

> एनजीओ के लोगों द्वारा जिले से 47 किशोरियों को दिल्ली में रहने, खाने और पढ़ाई की नि:शुल्क व्यवस्था के तहत ले जाया गया था। जांच की गई तो संदेह उत्पन्न होने पर सत्यापन कराया गया। 27 किशोरियों को उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया है। पांच किशोरियों के अभिभावक कहीं बाहर काम करने गए थे, जिनके घरों में ताले लगे मिले। अन्य किशोरियों का भी सत्यापन कराया जा रहा है।
> **- सुरेंद्र पाल सिंह, सदस्य, सीडब्ल्यूसी**

> नेपाल बार्डर की रहने वाली 27 किशोरियों को दिल्ली से लाकर सीडब्ल्यूसी ने उनके अभिभावकों के सुपुर्द किया है। कमेटी मामले की जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> **-संजय निगम, जिला प्रोबेशन अधिकारी**

वर्ग पहेली-102

बाएं से दाएं
1. मुंह से थूक या रखी वस्तु को निकालना।
2. 1. तले हुए मांस के टुकड़े 2. मांस के कीमे का बना हुआ कबाब 3. मछली की टिकिया 4. उबले आलू में प्याज
4. किसी भारी
6. चेहरे पर होने वाली फुंसी या फुड़िया, मुंहासा।
9. बूढ़े होने की अवस्था या भाव, वृद्धावस्था, बुढ़ापा।

ऊपर से नीचे
2. 1. अलमारी 2. आधरण, फलक 3. धानी।
3. 1. आय-व्यय का हिसाब 2. स्थिति का आकलन।
5. 1. बढ़ने की क्रिया या भाव 2. दाम या मूल्य में बढ़त, वृद्धि 3. विस्तार, फैलाव।
6. शत्रु का नाश करने वाला, शत्रुनाशक।
7. गंगा नदी का जल, गंगाजल, गंगोदक, ब्रह्मद्रव।
8. 1. सिर के बाल जो लपेटकर गोलाई में बांधे गए हों, खोपा, जूट 2. मूंज का पूला 4. कलगी।

1			■	■	■	■
■	■	■	2		3	
4	5			■		■
■		■		■		■
6		7		■		■
	■		■	■	■	8
	■	9			■	

वर्ग पहेली -101 का हल

1 अं	दु	■	■	2 सं	पु	3 ट
■	■	4 व	■	पो	■	ख
5 मिं	6 ब	र	■	ष	■	ना
■	7 हि	म	क	ण	■	■
■	रं	■	■	■	■	8 ठ
9 मु	ग	ल	ई	■	■	ह
■	■	■	■	10 फ़	सा	ना

भारतीय रेलवे का नाम लिम्का बुक में दर्ज

नई दिल्ली, अमृत विचार : भारतीय रेलवे ने एक सार्वजनिक-सेवा कार्यक्रम में अनेक स्थानों पर सर्वाधिक लोगों के एकत्रित होने पर अपना नाम 'प्रतिष्ठित लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में सफलतापूर्वक दर्ज करा दिया है।

रेल मंत्रालय ने 26 फरवरी 2024 को एक कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें 2,140 स्थानों पर 40,19,516 लोगों ने भाग लिया था। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रेलवे पुलों के ऊपर-नीचे सड़क के उद्घाटन और रेलवे स्टेशनों की आधारशिला रखने के लिए आयोजित किया गया था। भारतीय रेलवे के उत्कृष्ट व्यापक प्रयास एवं गतिशीलता को सराहा गया है और इसे 'प्रतिष्ठित लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज किया गया है।

शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है योग

लखनऊ, अमृत विचार : दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह की शुरुआत शनिवार को विद्यावती वार्ड 2 के पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी ने एलडीए कानपुर रोड स्थित जोनल पार्क में की। इसमें लगभग 100 लोगों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राजकुमार यादव, डॉ. विनोद, डॉ. प्रमोद कुमारी, डॉ.शीलेंद्र सिंह, डॉ. अनुभूति सिंह आदि मौजूद रहे। डॉ. शीलेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार योग दिवस की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग है। उन्होंने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है।

सुडोकू -15

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9		2			4			1
8		7				5		
	3				7			4
		4			5	7	2	9
			3		8			
5	1	6	7			8		
4			9				3	
		5				6		7
7			2			4		8

सुडोकू - 14 का हल

3	7	9	6	2	4	5	1	8
5	4	8	7	1	3	2	6	9
6	1	2	9	8	5	7	4	3
8	9	5	1	4	6	3	7	2
1	3	7	2	5	9	6	8	4
2	6	4	8	3	7	9	5	1
7	8	1	5	9	2	4	3	6
9	5	3	4	6	8	1	2	7
4	2	6	3	7	1	8	9	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 17 जून 04 .43 तक तत्पश्चात एकादशी।

मेष - आज आप रुके हुए कार्यों को लेकर चिंतित हो सकते हैं और उसे शीघ्र पूरा करने की कोशिश करेंगे। भाई-बहनों को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। शाम को मित्रों के साथ अच्छा समय बिताने की योजना बना सकते हैं।

वृष - आज संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। किसी सामान्य बात को ज्यादा गंभीरता से न लें। सिरदर्द की समस्या हो सकती है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं। बड़े भाई-बहन को लेकर चिंता रहेगी।

मिथुन - आज संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर विवाद बढ़ने की आशंका है। ऊंचाई वाले स्थानों से आपको दूर रहना चाहिए। आप परिवार के साथ समय बिताना पसंद करेंगे, लेकिन कुछ कारणों से आपका मन व्यथित हो सकता है।

कर्क - आज व्यवसाय से जुड़े लोग अपनी मशीनों और उपकरणों के रखरखाव में धन खर्च कर सकते हैं। शाम को कहीं घूमने जा सकते हैं। आपराधिक छवि वाले लोगों को अपना मित्र न बनाएं। आप अपने काम को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

सिंह - आज उच्च अधिकारी आपके ऊपर अनर्गल आरोप लगा सकते हैं। नशे और धूम्रपान आदि से पूरी तरह दूरी बना लें। अपनी योग्यता को लेकर आप कुछ सशंकित हो सकते हैं। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से आपके संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

कन्या - आज आपको व्यवसाय में काफी ज्यादा ध्यान देना चाहिए। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को अपेक्षित सफलता मिल सकती है। पैरों में ऐंठन और दर्द की शिकायत हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा, लेकिन आपकी गलतियों को लोग देख रहे हैं।

तुला - आज इसे लेकर आप काफी निराश हो सकते हैं, किंतु आपको कुछ शुभचिंतकों द्वारा उत्तम सलाह मिल सकती है जिसके माध्यम से आप भविष्य काफी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आप अपनी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं रहेंगे।

वृश्चिक - आज अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे जिसके कारण आपके विषय में लोग काफी अच्छी राय रखेंगे। विदेश से जॉब के प्रस्ताव मिल सकते हैं। कारोबारी संबंधी में वृद्धि होगी। इससे आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

धनु - आज पुराने ऋण को आप चुकाने की कोशिश करेंगे। विवादों के निपटारा करने से आपका मनोबल बढ़ेगा। नए गृहोपयोगी सामान खरीद सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को अपने ग्राहकों की सुविधा का ध्यान रखना चाहिए।

मकर - आज जॉब में उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। कारोबार को लेकर नई योजना पर काम कर सकते हैं। सहयोगियों पर ज्यादा निर्भर न रहें। आपको कुछ शुभ सूचनाएं मिल सकती है।

कुंभ - आज आपको बहुत महत्वपूर्ण कार्य शुरू नहीं करने चाहिए। यात्रा के दौरान अनावश्यक चर्चाओं और बहस से दूरी बनाकर रखें। शाम को धर्म-कर्म में सम्मिलित हो सकते हैं। मानसिक रूप से दबाव का अनुभव करेंगे। इसके कारण आप चिड़चिड़े भी हो सकते हैं।

मीन - आज कुछ लोग आपसे उधार धन की अपेक्षा रख सकते हैं। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बनाकर रखें। घर पर नकारात्मक लोगों के विषय में चर्चा न करें। नींद भरपूर मात्रा में लें। वैचारिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। भविष्य के कार्यों को लेकर आप योजना बना सकते हैं।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 11.13 तक तत्पश्चात चित्रा।

आज की फिल्में

B4U Movies
औलाद - दोपहर : 12.00
देवता - रात : 08.15

&pictures
सत्यप्रेम की कथा - सुबह : 11.19
कृष - रात : 07.30

Sony Pix
ब्राइटबर्न - सुबह : 10.03
स्पाइडर-मैन : नो वे होम - रात : 09.00

Zee Cinema
हीरो - सुबह : 11.30
कड़क सिंह - रात : 08.00

Colors Cineplex
बेटिंग राजा - दोपहर : 12.04
टाइगर नागेश्वर राव - रात : 08.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुमने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

हॉस्टल में रहने वाले पिंटू ने अपने दोस्तों से कहा- यार धोखा हो गया धोखा एक
दोस्त- क्या हो गया?
पिंटू- यार घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे, लेकिन घर वालों ने बुक्स ही भेज दीं।

भारतवासियों का स्वभाव रहा है सबके प्रति आत्मभाव

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उ.प्र.

रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' में लिखा है, ''जब आर्य इस संस्कृति का निर्माण करने लगे तब उनके सामने अनेक जातियों को एक संस्कृति में पचा कर समन्वित करने का सवाल था। ये जातियां आर्य आगमन के पहले से ही इस देश में बस रहीं थीं। उन्होंने आरंभ से हिन्दुओं का लचीला रुख पसंद किया।"

प्रकृति का प्रत्येक अंश और अंग परस्परावलम्बन में है। सब एक दूसरे पर आश्रित हैं। न जल स्वतंत्र है और न ही हवा। वनस्पतियां औषधियां भी स्वतंत्र नहीं हैं। लाखों जीव हैं, वह भी प्रकृति की शक्तियों पर निर्भर हैं। पिछले कुछ समय से प्रकृति के सभी घटकों पर आधुनिक सभ्यता का आक्रमण है। पृथ्वी का ताप बढ़ा है। संभवतः पहली बार भारत के बड़े क्षेत्र में तापमान लगभग 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। अनेक जीव पशु पक्षी इस ताप को सह नहीं पाए। अनेक मनुष्यों की भी इस ताप के कारण मृत्यु हुई। भूमंडलीय ताप में लगातार वृद्धि का कारण हमारी जीवनशैली है। इसका केन्द्र आधुनिक औद्योगिक सभ्यता है। इस विषय पर कई अंतर्राष्ट्रीय बैठकें भी हो चुकी हैं। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। यही स्थिति जल प्रदूषण की है। नदियां सूख रही हैं। ऋतु चक्र गड़बड़ाया है।

प्राचीन भारत में सभी प्राकृतिक शक्तियों वनस्पतियों और भिन्न-भिन्न जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में यह आत्मीयता सुंदर कविता के रूप में प्रकट हुई है। इस सूक्त के रचनाकार अथर्वा हैं। उन्होंने पृथ्वी को माता कहा है। उत्सवों और मांगलिक कार्यों में छाया आदि बनाने के क्रम में जमीन में बांस गाड़े जाते थे। जमीन को खोदना पड़ता था। ऋषि प्रार्थना करते हैं, "हे पृथ्वी माता इसके लिए हमें क्षमा करें।" अथर्वा कहते हैं, "इस पृथ्वी पर तमाम उत्सव होते हैं। लोग मिलते हैं। परस्पर प्रसन्न होते हैं। ऐसी हमारी पृथ्वी माता हम सबको संरक्षण दें। ऋग्वेद और अथर्ववेद में वनस्पतियों को भी देवता माना गया है। महाभारत के प्रसंग में श्री कृष्ण ने पृथ्वी की उपासना की। पृथ्वी प्रकट हो गईं। श्री कृष्ण ने पूछा कि, "हे माता आप किस उपासना से प्रसन्न होती हैं? पृथ्वी ने उत्तर दिया कि, "दोपहर और सांय कीट-पतिंग, चूहे बिल्लियों आदि के लिए अन्न के कुछ दाने बिखेरने से हम प्रसन्न होते हैं। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' (पृष्ठ 44) में लिखा है, "प्राचीन भारत में नदियां ईश्वर तुल्य मानी जाती थीं। ऋग्वेद में सरस्वती नदी को देवी के रूप में चित्रित किया गया है। वैदिकोत्तर काल में गंगा को मातृ देवी कहा गया है। ऐसी परंपराएं आज तक बरकरार हैं,पृथ्वी और जल दोनों से वनस्पतियों और पशुओं का पोषण होता था। इसलिए इन्हें माता का दर्जा दिया गया। अनेक वृक्ष नीम, पीपल, बरगद, शमी और तुलसी भी पवित्र माने जाते हैं।"

ऋग्वेद और अथर्ववेद में गोहत्या को निषेध बताया गया है। शर्मा जी ने लिखा है कि, "गौतम बुद्ध पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सुत्त निपात में गायों की सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया है।" शर्मा जी ने ऋग्वेद के संदर्भ की उपेक्षा की है। बुद्ध से बहुत पहले ऋग्वेद में गायों की सुरक्षा के साथ उनकी उपासना पर भी जोर दिया गया है। संपूर्ण वैदिक साहित्य पर्यावरण सजगता से भरा पूरा है। पर्यावरण की चिंता संप्रति विश्व कर्तव्य है। भारत में पर्यावरण चेतना का उद्भव कम से कम 3000 से 4000 वर्ष पुराना है। गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को प्रकृति का यज्ञ चक्र समझाया और कहा, "अन्न से प्राणी हैं, अन्न वर्षा से उत्पन्न होता है। वर्षा यज्ञ से होती है और यज्ञ श्रेष्ठ कर्म से उत्पन्न होता है। (गीता 3.14) मनुष्य वनस्पतियों और जीवन के प्रति आत्मीय बना रहे तो वर्षा समय पर होगी। सभी प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा भी होगी।

रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' में लिखा है, ''जब आर्य इस संस्कृति का निर्माण करने लगे तब उनके सामने अनेक जातियों को एक संस्कृति में पचा कर समन्वित करने का सवाल था। ये जातियां आर्य आगमन के पहले से ही इस देश में बस रहीं थीं। उन्होंने आरंभ से हिन्दुओं का लचीला रुख पसंद किया।" दिनकर जी के कथन में आर्य बाहर से आई हुई जाति है। प्रश्न है कि बाहर से आए आर्य यहां पर नदी संस्कृति का निर्माण क्यों करेंगे? दिनकर जी आर्यों को बाहर से आया हुआ मानते थे। यह गलत है। यहां पहले से ही वैदिक संस्कृति फल फूल रही थी। दिनकर जी ने अपनी बात के समर्थन में पंडित जवाहर लाल नेहरू को उद्धृत किया है। नेहरू ने लिखा है, ''ईरानी और यूनानी लोग, पार्थियन और बैक्ट्रियन लोग, सीथियन और हूण लोग, मुसलमानों से पहले आने वाले तुर्क और ईसा की आरंभिक सदियों में आने वाले ईसाई, यहूदी और पारसी, ये सब के सब एक के बाद एक भारत में आए और उनके आने से समाज ने एक हल्के कम्पन का भी अनुभव किया। मगर अंत में आकर वे सब के सब भारतीय संस्कृति के महासमुद्र में विलीन हो गए।" नेहरू के कथन में भारतीय संस्कृति का महासमुद्र ध्यान देने योग्य है। इसी में बाहर से आए लोग और विचार धुल गए।

सांस्कृतिक दृष्टि से भारत प्राचीन काल से ही सर्वसमावेशी रहा है। इसका कारण प्राचीन वैदिक दर्शन रहा है। सी.ई.एम. जोड ने सही लिखा है कि, "मानव जाति को भारत वासियों ने जो सबसे बड़ी चीज वरदान के रूप में दी है वह यह है कि भारतवासी हमेशा से ही अनेक जातियों के लोगों और अनेक प्रकार के विचारों के बीच समन्वय करने को तैयार रहे हैं और सभी प्रकार की विविधताओं के बीच एकता कायम करने की उनकी क्षमता लाजवाब रही है। सबके प्रति आत्मभाव भारतवासियों का स्वभाव रहा है। वैदिककाल में कीट पतिंग से लेकर मनुष्यों तक एक ही आत्मतत्व मान्य रहा है।

भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रभावित विद्वान मैक्समूलर ने लिखा है कि, ''अगर मैं आपसे यह पूछूं कि केवल यूनानी, रोमन और यहूदी भावनाओं और विचारों पर पलने वाले हम यूरोपीय लोगों के आतंरिक जीवन को अधिक समृद्ध, अधिक पूर्ण और अधिक विश्वजनीन, संक्षेप में, अधिक मानवीय बनाने का नुस्खा हमें किस जाति के साहित्य में मिलेगा, तो बिना किसी हिचकिचाहट के मेरी ऊंगली हिन्दुस्तान की ओर उठ जाएगी।" बीसवीं सदी के चिंतक रोम्यां रोलां ने लिखा है कि, अगर इस धरती पर कोई एक ऐसी जगह है, जहां सभ्यता के आरंभिक दिनों से ही मनुष्यों के सारे सपने आश्रय और पनाह पाते रहे हैं, तो वह जगह हिन्दुस्तान है।"

यहां ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही विश्ववारा संस्कृति रही है। यहां जो भी आया हिन्दू समाज ने उसका स्वागत किया। सबके साथ रहने, मिलने, बात करने और संस्कृति का आनंद लेने का वातावरण वैदिक काल से ही शिखर पर था। इस्लामी ब्रितानी लोगों के भारत आने से संस्कृति पर बुरा प्रभाव पड़ा। इस्लाम अनुयायियों से टकराव भी हुए। बाद में ब्रिटिश सत्ता द्वारा भारतीय संस्कृति पर हमले हुए। अंग्रेज भारत के लोगों का धर्मांतरण चाहते थे। उन्होंने भी भारतीय संस्कृति पर आधुनिकता के नाम पर तमाम वैचारिक हमले किए। गांधी जी ने कड़ा प्रतिवाद किया और यूरोपीय सभ्यता को 'चांडाल' कहा। इस सभ्यता को ही दुर्भाग्य से आधुनिक सभ्यता कहा जाता है। हमारी आधुनिक सभ्यता हमारी ही प्राचीन संस्कृति का आधुनिक रूप होना चाहिए।

पहाड़ और पर्दा प्रथा

दरांती (घास काटने वाला बड़ा चाकू) चलाने में निपुण ये महिलाएं पर्दा प्रथा के बारे में जानती भी नहीं हैं। पहाड़ में आपको छत्रपति शिवाजी की प्रतिमूर्ति बेशक यदा कदा मिले, परंतु लक्ष्मीबाई रूपी वीरांगना लगभग हर घर में मिल जाएगी, जो विकट परिस्थितियों का सामना वीरांगना की भांति सहजता से कर सकती हैं।

बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

हमारे पहाड़ की महिलाएं घूंघट नहीं करती,करे भी क्यों,न यहां की परिस्थितियां और न ही परिवेश इसकी अनुमति देता है। पहाड़ के जैसे ही अचल, अडोल, हांड-तोड़ मेहनत करने वाली पहाड़ी महिलाएं लड़कपन के दिनों में मन से जितनी उन्मुक्त होती हैं,वही विवाह के पश्चात उतनी ही गृहस्थी के प्रति समर्पित।

पहाड़ की परंपरा में पर्दा प्रथा नहीं है,क्योंकि यहां छोटे-बड़े का नैसर्गिक लिहाज ही काफी है। उन्मुक्त, स्वच्छंद परिवेश में हंसना बोलना, पारिवारिक सामंजस्य जिस में निश्छलता, समर्पण और स्पष्टवादिता का भाव मानो पहाड़ से ही विरासत में मिला है। दुर्गम परिस्थितियों में महिलाएं अकेली ही बड़ी कुशलता से घर संभालने को विवश भी हैं और अभ्यस्त भी, आखिरकार रोजी-रोटी के लिए साथी के पलायन की विवशता जो है। खैर अब तो गांव के गांव यहां से शहर को पलायन कर गए हैं।

दरांती (घास काटने वाला बड़ा चाकू) चलाने में निपुण ये महिलाएं पर्दा प्रथा के बारे में जानती भी नहीं हैं। पहाड़ में आपको छत्रपति शिवाजी की प्रतिमूर्ति बेशक यदा कदा मिले,परंतु लक्ष्मीबाई रूपी वीरांगना लगभग हर घर में मिल जाएगी,जो विकट परिस्थितियों का सामना वीरांगना की भांति सहजता से कर सकती है।

खैर मेरे जैसे शुरू से शहर में पले बड़े पहाड़ के जीवन को सही से लेखबद्ध भी नहीं कर सकते,परंतु हां अपनी मां को मैंने बड़ी कुशलता से दरांती का इस्तेमाल घास काटने के अलावा घर की साग-सब्जी काटते हुए देखा है। मुझे तो दरांती देखने में ही भय लगता है, तो रखना तो बहुत दूर की बात है। घुंघट से जुड़ा एक वाकया याद आया। मायके में जोशी जी जो कि बेटे-बहू वाले सामूहिक परिवार के रूप में हंसी-खुशी एक ही छत के नीचे रहता थे। एक बार उनसे पड़ोस के एक गैर उत्तराखंडी जो की वरिष्ठ थे और दिल्ली पुलिस में उच्च पद से सेवानिवृत थे ने बोला अरे जोशी जी तुम्हारे पहाड़ की बहुए पर्दा नहीं करती हैं, न बड़ों की उपस्थिति का ख्याल करती हैं। कहीं भी उठ-बैठ जाती हैं। तो जोशी जी बोले आप बिल्कुल ठीक कह रहे हैं। हमारे पहाड़ की महिलाओं की आंखों में ही शर्म और लिहाज बहुत है। घरों के झगड़े घरों में ही निपट जाते हैं। आपकी तरह घूंघट की आड़ में कोर्ट कचहरी नहीं जाते कभी। पड़ोसी ने फिर कभी आक्षेप लगाने की हिम्मत नहीं उठाई।

मैं स्वयं पर्दा प्रथा के खिलाफ हूं। आखिरकार क्यों महिलाएं पर्दा करें,मात्र इसलिए की महिलाएं हैं। अरे पर्दा प्रथा हिंदुस्तान की सनातनी संस्कृति में थी ही नहीं। यह तो जब बाहरी आक्रांता आए तब मजबूरी वश शुरू किया गया। आक्रांता कब के चले गए। हम आजादी की शताब्दी मनाने की ओर उन्मुख हैं और यह पर्दा प्रथा मानो महिलाओं की आजादी को ही मुंह चिढ़ा रहा हो। आज महिलाओं को प्रगतिशील विचारों, गरिमामय छवि, निर्णयात्मक क्षमता और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा चलाकर चलने की आवश्यकता है न कि पुरातन परंपराओं को पोषित,पल्लवित और अग्रप्रेषित करने की,पर हैरत होती है कुछ महिलाएं ही पुरुष सत्तात्मक वर्चस्व को बनाए रखने की पक्षधर हैं और पर्दा प्रथा का खुलकर समर्थन करती हैं।

देवि सुरेश्वरि भगवति गंगे

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

एक कथा के अनुसार राजा बलि को छलने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और राजा से तीन पग भूमि मांगी। राजा के 'हां' करने के बाद वामन विराट हो गए और एक पग से सारी पृथ्वी तथा दूसरे से आकाश नाप लिया।

गंगा जी बस कहने को तो नदी हैं,किंतु उनकी अपार पवित्रता और महत्ता के चलते वे इससे ऊपर की चीज और साक्षात् देवी हैं। 'रामचरितमानस' में रावण से संवाद करते हुए अंगद कहते हैं, "राम मनुज कस रे सठ बंगा। धन्वी काम नदी पुनि गंगा"। यानी जैसे श्रीराम भला मानव वर्ग में कैसे गिने जाएंगे और क्या गंगा जी की गिनती सामान्य नदियों में होगी? कदापि नहीं। श्रीमद्भगवद्गीता के दशम् अध्याय (विभूति योग) में अपनी विभूतियों का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने अपने को नदियों में जाह्नवी कहकर गंगा की सर्व श्रेष्ठता प्रतिपादित कर दी है, "झषाणां मकरश्चास्मि स्रोतसामस्मि जाह्नवी"। इनके दर्शन, मज्जन, पान से दैहिक, दैविक और भौतिक ताप मिट जाते हैं। कहा गया है, 'दर्शन मज्जन पान त्रिविध भय दूरि भगावत'। उनके जल की महिमा का प्रत्यक्ष से लेकर परोक्ष प्रभाव अत्यंत विशद है। पंडित राज जगन्नाथ ने अपनी इतिहास प्रसिद्ध संस्कृत कृति "गंगा लहरी" के एक श्लोक में लिखा है कि रात्रि के विलास काल में राज रमणियां अपने उरोजों पर जो कस्तूरी का लेप करती हैं,वह प्रातः गंगा स्नान करते समय उनके जल में धुलकर मिल जाता है। तब उन हिरनों के पास दिव्य विमान पहुंच जाते हैं जिनकी नाभि से वह कस्तूरी निकली थी और उन्हें सशरीर नंदन वन में विहार हेतु उपस्थित कर देते हैं':-

प्रभाते स्नांतीनां नृपति रमणीनां कुच तटी
गतो यावन्मातर्मिलति तव तोयैर्मृगमदः।
मृगास्तावत्वैमानिक शत सहस्रैःपरिवृतः
विशंति स्वच्छन्दं विमल वपुषो नंदन वनम्।।

भौतिक रूप से ऐसी माता गंगा का उद्गम हिमालय पर गोमुख है और वे एक बड़े क्षेत्र को पवित्र करती, जीवन दान देती गंगा सागर में समुद्र में विलीन हो जाती हैं,लेकिन उनके अलौकिक उद्गम की अनेक कथाएं हमारे आर्ष ग्रंथों-रामायण, महाभारत और पुराणों में उल्लिखित हैं। कहते हैं राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ किया था जिसके लिए घोड़ा छोड़ा गया था। इंद्र इस यज्ञ की सफलता से भयभीत थे। अतः उन्होंने छद्म वेष में वह घोड़ा कपिल मुनि के आश्रम में जाकर बांध दिया। मुनि ध्यानावस्थित थे। उन्हें कुछ पता नहीं चला। इधर राजा सगर की साठ हजार संतानें घोड़े को ढूंढने निकलीं और उन्हें कपिल मुनि के आश्रम में वह बंधा मिला। इन संतानों ने मुनि पर चोरी का आरोप लगाया और अनुचित व्यवहार करने लगे। मुनि ने क्रुद्ध होकर उन्हें भस्म कर दिया। उनकी प्रेतात्माएं भटकने लगीं। आगे चलकर इसी वंश में राजा भगीरथ हुए। उन्होंने अपने इन पूर्वजों की मुक्ति का उपाय पूछा, तो बताया गया कि स्वर्ग प्रवाहिनी गंगा यदि इनकी भस्मी के ऊपर से प्रवाहित हो जाएं, तो ये मुक्त हो जाएंगे। राजा ने तप करके गंगा जी को पृथ्वी पर आने के लिए राजी कर लिया,किंतु उन्होंने एक शर्त रखी। वे बोलीं कि हमारा वेग अति उत्कट होगा। उसे यदि कोई रोक सके,तभी हमारी उपयोगिता पृथ्वी वासियों के लिए हो पाएगी,अन्यथा मैं पृथ्वी फोड़कर सीधे पाताल चली जाऊंगी। तब भगीरथ ने भगवान शंकर को तप करके प्रसन्न किया। वे उनके वेग को अपनी जटावों में लेने को सहमत हो गए। गंगा जी अवतरित होने लगीं, तो उन्हें कुछ अहंकार हो गया कि भला मेरा वेग कौन रोक पाएगा? बस फिर क्या था भोलेनाथ ने उन्हें अपनी जटाओं में ऐसा उलझा दिया कि वे विपुल काल तक धरती पर उतर ही नहीं पाईं। अंततः भगीरथ की अनुनय विनय पर भगवान शंकर ने उन्हें भूमि पर आने दिया और भगीरथ का उद्देश्य पूरा हो गया।

एक अन्य कथा के अनुसार राजा बलि को छलने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और राजा से तीन पग भूमि मांगी। राजा के 'हां' करने के बाद वामन विराट हो गए और एक पग से सारी पृथ्वी तथा दूसरे से आकाश नाप लिया। तीसरा फिर भी शेष रहा। कहते हैं कि आकाश पर विराट का पग पड़ते ही ब्रह्मांड कपाल फूट गया और ऊर्ध्व लोकवाहिनी गंगा जी पृथ्वी पर अवतरित हो गईं। इसी कथा में कहीं-कहीं थोड़ा अंतर है। वह यह कि जब वामन विष्णु जी का चरण आकाश पर गया,तो ब्रह्मा जी ने उसका प्रक्षालन करके उपने कमंडल में भर लिया और पुत्री का रूप देकर हिमालय को सौंप दिया। तीसरी कथा के अनुसार भगवान शंकर ने एक बार नृत्य किया जिससे राधा माधव द्रवित हो गए। वह ब्रह्मद्रव ब्रह्मा जी ने अपने कमंडल में भर लिया और वह देवलोक में पावन नदी बनकर प्रवाहित होने लगा। पश्चात् भगीरथ के प्रयास से वह विष्णु चरणों से होकर शंकर जटाओं पर गिरकर पृथ्वी पर आईं और एक धारा पाताल चली गई। देवलोक में वे मंदाकिनी, पृथ्वी पर गंगा या भागीरथी तथा पाताल में भोगवती कहलाईं। तीनों लोकों में होने के कारण वे त्रिपथगा भी हैं। उनका संबंध इस तरह त्रिदेवों-ब्रह्मा, विष्णु, महेश से भी है। उनका यह अवतरण ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को हुआ था, जिसे ज्येष्ठ दशहरा या गंगा दशहरा कहते हैं। हिमालय पर अनेक धाराओं में प्रवाहित होती हुई, पंच प्रयागों में धाराओं का आमेलन हुआ है। वहां का अंतिम प्रयाग देवप्रयाग है,वहीं से इनका नाम गंगा पड़ा। वहां अलकनंदा और भागीरथी का संगम है। स्कंद पुराण के हिमवत खंड के अनुसार यहां तीन रात्रि विश्राम कर लेने वाले को इंद्र पदवी प्राप्त होती है। यहां स्थित रामकुंड में भगवान राम ने भी स्नान किया था।

लोक ही स्मृतियों का स्रोत

सरोज मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दोस्तों हम बहुत कठिन दौर से गुजर रहे हैं। जीवन मूल्य तिरोहित हो गए हैं। विचार का संकट खड़ा हो गया है। वैचारिकता समाप्त है। हम मुगालते में जी रहे हैं। हम मनुष्य की तरह नहीं वस्तु जींस की तरह जी रहे हैं। धर्म की वस्तु, जाती की वस्तु। वोट की वस्तु, राजनीती की वस्तु, कुटिल चतुर गुंडों के स्वार्थ पूर्ती की वस्तु। हां कुछ लोग एक कदम आगे हैं। वे वस्तु की जगह साधन हो गए हैं। देश का आचरण। नैतिकता तिरोहित है, मित्रों, मनुष्य स्मृतिवान है। वह इतिहास बोध संपन्न प्राणी है। विचारों में जीता है, सिद्धांतों को रचता है और सिद्धांतों में ही ऊपर उठता रहता है।

लोक ही उसकी स्मृतियों का श्रोत है। वही मूल जड़ है। मनुष्य का अपना रचा हुआ एक लोक होता है। मतलब की उसका संपूर्ण अस्तित्व लोक बद्ध होता है। वह लोक लय से संचालित होता है। लोक से ही आभिजात्य विकसित हुआ है, हो रहा है और होता रहेगा, अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए लोक राग को सुरक्षित कर पाना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती है। आज समय का छंद कही खो गया है। कारण बहुत साफ है। हमारी लौकिक परंपरा में किंवदंतियों का घाल मेल हो गया। भगवान से लेकर जीवनशैली तक की अवधारणाओं में भी। हमारी अनुभूतियां। जिजीविषा का पल्ला पकड़ कर आती रहीं। यही जिजीविषा ही अनादी काल से आज तक हमें स्थापित करती रही है। जिजीविषा की इस दुर्दमनीय धारा को हमारा लोक राग। हमारी स्मृतियां प्रवाह देती रहीं हैं,किन्तु आज का समय बहुत कठिन है।

हर कदम पर बटमार समाज को गुमराह कर रहे हैं। ये बटमार संगठित हैं। जरूरत है एक नए प्रतिबद्धता की। नए लोकराग की जो समाज में छिपे कपट को पहचान सके। तभी समय का छंद सधेगा। इस दौर में भी अभी भी हमारे पास बहुत कुछ है अपनी भावी पीढ़ी के लिए बचाने के लिए।

कश्मीर की समस्या और बाहरी ताकतें

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

कश्मीर में लंबे समय से तनाव चल रहा है। पाकिस्तान और उसके अनुयायी पृथकतावादी संगठन एक ओर हैं तो दूसरी ओर हिंदुत्ववादी संगठन हैं। बीच में कहीं तीसरा धड़ा धर्मनिरपेक्ष कश्मीरियों का है,जो कश्मीर की रक्षा किए हुए हैं और उनके कारण ही आज कश्मीर भारत का हिस्सा है वरना सांप्रदायिक ताकतें और फंडामेंटलिस्ट-पृथकतावादी अपने-अपने तरीकों से जम्मू-कश्मीर को बांट चुके होते,जो लोग नागार्जुन के बारे में बातें कर रहे हैं उनसे सम-सामयिक सवालों पर स्टैंड लेने के लिए कहा जाना चाहिए।

बाबा की कविता का मामला साहित्य का मामला नहीं है। यह समाज और राष्ट्र का मामला भी है। बाबा नागार्जुन के पास कश्मीर को लेकर एक समझ थी और वे कश्मीर की धड़कन को अच्छी तरह पहचानते थे। कश्मीर पर लिखी उनकी कविता का शीर्षक है 'केसर की मासूम क्यारियों से आती आवाज'। बाबा ने लिखा- ''काश्मीरी ही काश्मीर कर सकते उद्धार/'' जो लोग यह समझते हैं कश्मीर की समस्या देसी है वे गलतफहमी के शिकार हैं,पहले भी आज भी कश्मीर की समस्या बाहरी ताकतों के द्वारा पैदा की गई है। अमेरिका और पाक की इन दिनों कश्मीर में अतिरिक्त दिलचस्पी दर्ज की गई है। अमेरिकी रवैये पर बाबा ने लिखा- ''अमेरिकी बंदर पंचों की खुल जाएगी पोल/काश्मीर में बजा करेंगे काश्मीर के ढोल।''

कश्मीर को लेकर तथाकथित सुलह कराने वालों पर बाबा ने लिखा - '' डिनर नई दिल्ली में और कराची में कर लंच/ तौल रहे रावलपिंडी में लड्डू बंदर पंच।'' अंत में बाबा नागार्जुन ने जो लिखा वह और भी महत्वपूर्ण है। लिखा '' मात खाएंगे हिंदी पंडित, पाकिस्तानी पीर/ लो देखो, वह खड़ा हो रहा नया-नया कश्मीर।''

आखिर हम इतिहास से कब सीखेंगे

गणेश प्रसाद पांडेय
गोरखपुर

डॉ. आंबेडकर जी का वह कथन सोचने पर मजबूर का देता है कि यदि समाज के एक बड़े वर्ग को युद्ध से दूर नहीं किया गया होता तो भारत कभी गुलाम नहीं बनता।

कभी-कभी विचार आता है कि 1500 ई. के बाद के ब्रिटिश कितने साहसी और बुद्धिमान रहे होंगे, जिन्होंने एक ठंडे प्रदेश से निकलकर,अनजान रास्ते और अनजान जगहों पर जाकर लोगों को गुलाम बनाया। अभी भी देखा जाए तो ब्रिटेन की जनसंख्या और क्षेत्रफल गुजरात के बराबर है,लेकिन उन्होंने दशकों नहीं शताब्दियों तक दुनिया को गुलाम रखा।

भारत की करोड़ों की जनसंख्या को मात्र कुछ लाख या हजार लोगों ने गुलाम बनाकर रखा और केवल गुलाम ही नहीं बनाया,बल्कि खूब हत्याएं और लूटपाट की। उन्हें अपनी कौम पर कितना गर्व होगा कि उनके मुट्ठी भर लोगों ने दुनिया को नाच नचाते रहे।

भारत के एक जिले में शायद ही 50 से ज्यादा अंग्रेज रहे होंगे,लेकिन लाखों लोगों के बीच अपनी धरती से हजारों मील दूर आकर अपने से संख्या में कई गुना अधिक लोगों को इस तरह गुलाम रखने के लिए अद्भुत साहस रहा होगा। अगर इतिहास देखते हैं तो पता चलता है कि उनके पास हम पर अत्याचार करने के लिए लोग भी नहीं थे तो उन्होंने हम में से ही कुछ लोगों को भर्ती किया था,हम पर अत्याचार करने के लिए, हमें लूटने के लिए। सोचकर ही अजीब लगता है कि हम लोग अंग्रेजों के सैनिक बनकर, अपने ही लोगों पर अत्याचार करते थे। चंद्रशेखर, बिस्मिल जैसे मात्र कुछ गिनती के लोग थे, जिन्हें हमारा ही समाज हेय दृष्टि से देखता था। आज वही नपुंसक समाज उन चंद लोगों के नाम के पीछे अपना कायरतापूर्ण इतिहास छुपाकर झूठा दंभ भरता है।

यानि हम स्वाभिमानहीन लोग हैं, स्वतंत्रता मिलने पर भी हम मानसिक गुलाम ही रहें। दूसरी तरफ हमारी व्यवस्थाएं भी सड़ी हुई हैं,जिन्होंने इन सभी नाकामियों का कभी मंथन ही नहीं किया। हमारे ऊपर जब आक्रमण हो रहे थे और हम जब एक युद्धकाल से गुजर रहे थे,हमारी बहुसंख्यक जनसंख्या इस मानसिकता में थी कि "कोउ नृप हो हमें का हानि"! मतलब उनको युद्ध से, राज्य से, राजा से कोई मतलब नहीं था। ये सब बस क्षत्रिय के काम थे। उनको करना है तो करें, नहीं करना तो नहीं करें। यही कारण था कि मुस्लिम आक्रमण से राजस्थान क्षेत्र छोड़कर समस्त भारत धराशाही हो गया था,क्योंकि राजस्थान में क्षत्रिय जनसंख्या अधिक थी तो संघर्ष करने में सफल रहे। ऐसे ही कुछ क्षेत्र और थे,जो इसमें सफल हुए। आज इस्राइल बुरी तरह शत्रुओं से घिरा हुआ है,लेकिन सुरक्षित है। क्योंकि वहां के प्रत्येक व्यक्ति की देश और धर्म की सुरक्षा की जिम्मेदारी है,लेकिन हमने ये कार्य केवल क्षत्रियों पर छोड़ दिया था,जबकि फौज में भी युद्ध के समय माली, नाई, पेंटर, रसोइया आदि सभी लड़ाका बनकर तैयार रहते हैं। हमने युद्धकाल में भी परिस्थितियों को नहीं समझा और अपनी योजनाएं नहीं बनाई अपनी व्यवस्थाएं नहीं बदली।

डॉ. आंबेडकर जी का वह कथन सोचने पर मजबूर का देता है कि यदि समाज के एक बड़े वर्ग को युद्ध से दूर नहीं किया गया होता तो भारत कभी गुलाम नहीं बनता। जरा विचार करके देखिए कि मुस्लिमों एवं अंग्रेजों से जिस तरह क्षत्रिय लड़े, अगर पूरा हिन्दू समाज क्षत्रिय बनकर,लड़ा होता तो क्या हम कभी गुलाम हो सकते थे? सामान्य परिस्थिति में समाज को चलाने के लिए उसको वर्गीकृत किया ही जाता है, लेकिन विपत्तिकाल में नीतियों में परिवर्तन भी किया जाता है,लेकिन हम इसमें पूरी तरह नाकाम लोग हैं। इसलिए 1000 सालों से दुर्भाग्य हमारे पीछे पड़ा है। अटल जी एक भाषण में कहते हैं कि एक युद्ध जीतने के बाद जब 1000 अंग्रेजी सैनिकों ने विजय-जुलूस निकाला था,तो सड़क के दोनों तरफ 20000 भारतीय उनको देखने आए थे। अगर ये 20000 लोग पत्थर-डंडे से भी मारते, तो 1000 सैनिकों को भागते भी नहीं बनता,लेकिन ये 20 हजार लोग केवल युद्ध के मूक दर्शक थे।

आज भी कुछ खास नहीं बदला। मुगलों और अंग्रेजों का स्थान एक खास डाइनेस्टी ने ले लिया और वामपंथियों/सेकुलरों के रूप में खतरनाक गद्दारों की फौज भी पैदा हो गई,लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम आज भी बंटे हुए हैं। 100 करोड़ होकर भी मूक दर्शक बने हुए हैं। भले ही कुछ लोग कुछ जागृति पैदा करने में सफल हुए हों,पर बिना संपूर्ण जागृति इस देश के दुर्भाग्य का अंत नहीं होगा। सही है कि हम इतिहास से सीखने वाले नहीं हैं,चाहे खुद इतिहास बनकर रह जाएं।

ग्लोबल जेंडर इंडेक्स में फिसलता भारत

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के शब्दो में महिलाओं की स्थिति किसी राष्ट्र में सामाजिक आर्थिक और मानसिक स्थिति को दर्शाती है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम मानी जाती हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रविंद्रनाथ टैगोर के शब्दों में हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं,बल्कि इस रोशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से महिलाएं मानवता का स्रोत रही हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के शब्दों में महिलाओं की स्थिति किसी राष्ट्र में सामाजिक आर्थिक और मानसिक स्थिति को दर्शाती है। महिलाएं हर क्षेत्र में उन्नति और सफलता को प्राप्त कर रही हैं,लेकिन विश्व आर्थिक मंच द्वारा बुधवार को जारी वैश्विक लिंग अंतर सूचकांक डेटा ने भारत के लिए एक चिंताजनक स्थिति को उजागर किया, क्योंकि देश में दो स्थानों की गिरावट देखी गई। अब सूचकांक में 146 देशों में से भारत 129 वें स्थान पर है। इस गिरती स्थिति का प्रमुख कारण शिक्षा की कमी भी है। साथ ही हमारे देश की सामाजिक मान्यताएं भी एक प्रमुख कारण बनता है।

दक्षिण एशियाई क्षेत्र में,पाकिस्तान ने सबसे कमजोर प्रदर्शन किया जबकि बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और भूटान ने रैंकिंग में भारत को पीछे छोड़ दिया। एक स्पष्ट आंकड़ा सामने आया है,जो दर्शाता है कि भारतीय महिलाएं पुरुषों द्वारा अर्जित प्रत्येक 100 रुपये पर केवल 40 रुपये ही कमाती हैं, जो एक महत्वपूर्ण लिंग वेतन अंतर को दर्शाता है। सच्ची महिला स्वतंत्रता तभी प्राप्त हो सकती जब लोग महिलाओं के प्रति अपने प्रतिबंधात्मक दृष्टिकोण और मानसिकता को बदलेंगे।

दूषित पानी से बंजर हो रहे खेत, फिर भी इफ्को को नहीं दिख रहा किसानों का दर्द

प्रदीप यादव/अतीक खान, बरेली

अमृत विचार : हमारा गांव बर्बाद हो गया, खेत-खलिहान उजड़ गए और दूषित पानी से पशु मर रहे हैं। एक दिन बीमारियां हमें भी खा जाएंगी। फैक्ट्री से कोई फायदा नहीं हुआ। हमारी जमीनें भी ले लीं गईं लेकिन बदले में केमिकल युक्त दूषित पानी, घटता जलस्तर और बंजर होते खेतों का तोहफा मिला है। यह दर्द नौगवां गांव के राम दयाल सहित कई किसानों का है। किसानों का कहना है कि अगर इफ्को प्रबंधन उनकी समस्याएं समझता, तो शायद ऐसी नौबत नहीं आती।

आंवला के आलमपुर जाफराबाद में इफ्को का प्लांट है। इसके आवासीय कैंपस से सटी ऊबड़-

खाबड़ सड़क नौगंवा समेत दूसरे गांवों को जोड़ती है। इस मार्ग के किनारे कई खेत और तालाब हैं, जिनमें फर्क करना मुश्किल है कि खेत कौन सा है और तालाब कौन। किसानों का आरोप है कि यहां फैक्ट्री का पानी भरा है। ग्रामीण बलवीर कहते हैं कि अभी फिर भी गनीमत है। बारिश के मौसम में हालत बद से बदतर हो जाते हैं। गांवों में मच्छर और बीमारियां फैलती हैं। हम बस इतना ही चाहते हैं कि दूषित जल

किसान बोले फैक्ट्री से नहीं मिला कोई फायदा

संकट से छुटकारा दिलाया जाए।

जलस्तर लगातार जा रहा नीचे

इफ्को प्लांट परिक्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांव दूषित पानी, घटते जलस्तर और बीमारियों से परेशान हैं। दो गांवों के ग्राम प्रधानों ने नाम न छापने के अनुरोध पर बताया कि क्षेत्र का जो नुकसान हुआ है, वह किसी से छिपा नहीं है। जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। छोटी जोत के किसानों के पास सिंचाई के लिए नलकूप नहीं हैं। कई गांवों के लोग अरिल नदी के पानी से फसलें सींचते हैं। नदी का पानी दूषित होने के कारण कभी-कभार फसलें खराब हो जाती हैं।

किसान बोले-नहीं उगती कोई भी फसल

नौगवां के रहने वाले किसान कृष्ण का खेत प्लांट के पास है, जो 1984 से अब तक दूषित पानी बंजर बन गया है। खेत में किसी भी प्रकार की कोई भी फसल नहीं उगती है। विरोध करने पर प्लांट से पानी निकालना बंद हो जाता है। कुछ दिन बाद फिर शुरू कर देते हैं।

तीरथपुर के रहने वाले सुरेश का कहना है कि प्लांट प्रबंधन दूषित पानी को उनके खेतों में छोड़ देता है। जिसकी बजह से फसल नहीं हो पा रही है। ज्यादा रासायनिक खाद युक्त दूषित पानी के इस्तेमाल से फसल सूख जाती है।

सेंधी-सेंधा के किसान रामविलास का आरोप है कि फैक्ट्री से थोड़ी दूरी पर ही उनका खेत है। जहां पर एक नलकूप लगा है। जिसका पानी नमकीन होने लगा है। जिससे फसल में काफी नुकसान उठाना पड़ता है।

नौगवां के खुशीराम ने बताया है कि दूषित पानी से खाज-खुजली और चर्मरोग जैसी बीमारियां हो रही हैं। प्लांट के आसपास के लोग बहुत परेशान हैं। प्लांट से केमिकल युक्त पानी बहता है जो खेत में इकट्ठा हो जाता है। फिर बीमारियां फैलने लगती हैं।

2018 में ब्लॉक से मांगा गया था स्पष्टीकरण

वर्ष 2018 में आलमपुर-जाफराबाद के तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख आदेश सिंह यादव की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक में एक आदेश पारित हुआ था, जिसमें ब्लॉक ने इफ्को प्लांट को यहां के गिरते जलस्तर का जिम्मेदार मानते हुए स्पष्टीकरण तलब किया था। तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख ने मंडलायुक्त को दिए शिकायती पत्र में फैक्ट्री का दूषित पानी खेतों में जाने, उससे बीमारियां फैलने और वाटर-लेवर का मुद्दा उठाया था। इस मांग के साथ कि इफ्को को हर ग्राम पंचायत में कम से कम 10-10 इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाने चाहिए और खेतों में पानी छोड़ना बंद करना चाहिए। जून 2018 में जिला पंचायत कार्यालय ने भी एक ऐसा ही प्रस्ताव पारित करके इफ्को प्रबंधन को भेजा था। हालांकि इफ्को प्रबंधन का दावा है कि अब स्थिति वैसी नहीं है। दूषित पानी रिसाइकिल करके, बागवानी में उपयोग किया जा रहा है।

इफ्को क्षेत्र में जल प्रदूषण पर अध्ययन जरूरी

मध्यप्रदेश के डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय की कुलपति और एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्लांट साइंस की प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बरेली परिक्षेत्र में जल प्रदूषण पर काफी शोध किए हैं। वह कहती हैं कि इफ्को क्षेत्र में जल प्रदूषण पर अध्ययन बहुत जरूरी है। फर्टिलाइजर प्लांट होने के नाते यह देखना चाहिए कि यहां जमीन और पानी में केमिकल्स का प्रभाव तो नहीं है। अगर केमिकल वाला पानी खेत-तालाबों में जाता है, तो निश्चित रूप से चिंताजनक होगा।

वेस्ट वाटर रीसाइकिल करके किया जा रहा उपयोग

इफ्को प्रबंधन के पीआरओ विनीत शुक्ला का कहना है कि किसानों के आरोप झूठे हैं। वेस्ट वाटर को रीसाइकिल करके वानकी क्षेत्र में उपयोग किया जा रहा है। प्लांट से एक किलोमीटर की दूरी पर लगे 150 से 200 पेड़-पौधों में पानी लगाया जा रहा है। रीसाइकिल किए हुए पानी के इस्तेमाल से अच्छे परिणाम मिले हैं। किसानों के विरोध के बाद फैक्ट्री से किसी भी प्रकार का पानी खेतों में नहीं छोड़ा जा रहा है। किसानों की समस्या को लेकर इफ्को बेहद गंभीर है।

दूषित पानी से हो सकती हैं बीमारियां

प्रदूषित पानी का सेवन सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। इससे कैंसर, लकवा, हृदयरोग के साथ ही गुर्दा और लिवर खराब हो सकता है। खाज-खुजली और चर्मरोग जैसी बीमारियां फैलने लगती हैं। इसके नकारात्मक परिणाम कुछ ही दिन में सामने आने लगते हैं। व्यक्ति धीरे-धीरे सुस्त होने लगता है और उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है।

सेवानिवृत्ति लाभ के लंबित मामले लापरवाही का परिणाम : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मृत्यु-सह- सेवानिवृत्ति लाभों से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि इस तरह के मामलों की संवेदनशीलता को समझने का उत्तरदायित्व राज्य के पदाधिकारियों का है जो अपने कर्तव्य के निर्वहन में घोर लापरवाही बरत रहे हैं।

सेवानिवृत्ति परिलाभों से जुड़े मामलों का 9-10 वर्ष या उससे अधिक देरी तक लंबित रहना कोई आश्चर्यजनक तथ्य नहीं है। भविष्य में न्यायालय द्वारा इस संबंध में डाटा संकलन का निर्देश भी दिया जा

न्याय व्यवस्था को करना पड़ता है आलोचना का सामना

सकता है। ऐसे मामलों के लंबित रहने के कारण न्याय के वितरण में देरी को लेकर संपूर्ण न्याय व्यवस्था और उससे जुड़े अधिकारियों को आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। मामलों को सुव्यवस्थित करने के लिए मुख्य सचिव जैसे पदाधिकारियों को संज्ञान लेने का निर्देश दिया जाता है, लेकिन आमतौर पर दिन ढलने के साथ ही उनके द्वारा ऐसे निर्देश भुला दिए जाते हैं। ऐसे मामले दर्जनों या सैकड़ों की संख्या में नहीं बल्कि इनकी एक बहुत लंबी अंतहीन श्रृंखला-सी बन गई है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकलपीठ ने हितेश कुमार और एक अन्य की याचिका को स्वीकार कर जिला विद्यालय निरीक्षक, बुलंदशहर द्वारा पारित आक्षेपित आदेश को निरस्त करते हुए की, साथ ही संबंधित विभाग एवं अधिकारियों को याची की प्रार्थना के अनुसार उसके पिता के मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति लाभों की गणना को क्रमशः संशोधित और पुनर्निर्धारित करने का निर्देश दिया।

दरअसल डीआईओएस, बुलंदशहर ने याची के पिता को मार्च 2004 से जुलाई 2008 तक की अवधि के लिए राजा महेंद्र प्रताप इंटर कॉलेज, जसनावली खुर्द, बुलंदशहर के प्रधानाचार्य के पद का वेतन देने से इनकार कर दिया था, जिसके कारण याची ने विपक्षियों के लिए एक परमादेश जारी करने का अनुरोध किया, जिससे उसके पिता के कुल वेतन की गणना और वितरण किया जा सके। अंत में कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर याचियों को सभी सेवानिवृत्ति परिलाभों की देयता सुनिश्चित की।

मुख्यमंत्री की हत्या की धमकी देने वाला गिरफ्तार

कानपुर, अमृत विचार : क्राइम ब्रांच के दरोगा के नाम व फोटो लगा कर सोशल मीडिया साइट पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हत्या की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी कुंवर राजपूत ने कुंवर राजपूत@दीपकएस आईडी पर दरोगा मोहम्मद आरिफ की फोटो लगाकर पोस्ट लिखी की कानपुर ने तैनात यह दरोगा सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ की हत्या कर देगा। आनन फानन में क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम में तैनात दरोगा ने कुंवर राजपूत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया।

देश की राजधानी दिल्ली में जल संकट दिन पर दिन गहराता जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को पूर्वी दिल्ली स्थित गीता कॉलोनी इलाके की एक झुग्गी बस्ती में लोग भीषण गर्मी के बीच दिल्ली जल बोर्ड के टैंकर से पानी लेने के लिए इंतजार कर करते हुए। :एजेंसी

मणिपुर : सचिवालय के पास लगी आग

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर के इंफाल में न्यू सचिवालय परिसर के पास एक इमारत में शनिवार को आग लग गई। यह इमारत भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) कार्यालय और अन्य महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों से सटी हुई है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियां पहुंचीं।

मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कार्यालय आग लगने के स्थान से विपरीत दिशा में स्थित है। आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और नुकसान का भी अनुमान नहीं लगाया जा सका है।

इंफाल स्थित न्यू सचिवालय परिसर के पास आग की लपटों से घिरी इमारत।

निर्माण सामग्री ले जा रहे दो ट्रकों में लगाई आग

इंफाल : मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शनिवार को निर्माण सामग्री लेकर जा रहे दो ट्रकों में भीड़ ने आग लगा दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थोंगलाओबी में चार ट्रकों को स्थानीय लोगों ने रोका तथा उनमें से दो में आग लगा दी जबकि दो अन्य को राज्य एवं केंद्रीय सुरक्षाबलों ने बचा लिया। एक ट्रक के चालक का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि ये (चारों) ट्रक एक पुल के निर्माण के वास्ते निर्माण सामग्री पहुंचाने के लिए चूराचंद्रपुर जिला जा रहे थे। उन्होंने बताया कि आरएएफ कर्मियों तथा अतिरिक्त राज्य एवं केंद्रीय सुरक्षाबलों को मौके पर भेजा गया जिन्होंने स्थिति को काबू में किया।

बकरी चोरों की पिटाई से वृद्धा की मौत

अलीगढ़, एजेंसी

जिले के गभाना थाना क्षेत्र में चोरों की पिटाई से घायल एक वृद्ध महिला की शनिवार को अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले में दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि चोरों ने महिला को उस समय पीटना शुरू कर दिया, जब उसने घर के बाहर से बकरी चुराने से उनको रोकने की कोशिश की। पुलिस के मुताबिक, घटना शुक्रवार शाम को गभाना थाना क्षेत्र के लालगंज गांव में हुई। पुलिस ने

अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

बताया कि गुलशन रफीक (65) ने देखा कि लाठी- डंडों से लैस मोटरसाइकिल सवार दो लोग उसकी बकरियां चुराने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, महिला ने उनका विरोध करने की कोशिश की, लेकिन चोरों ने उस पर डंडों से हमला कर दिया और वृद्ध महिला के साथ मौजूद एक लड़के के शोर मचाने पर पीड़िता के परिवार के सदस्य उसे बचाने के लिए दौड़े। पुलिस ने बताया कि महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां शनिवार तड़के उसकी मौत हो गई।

गाजियाबाद में दो कारखानों में लगी आग

गाजियाबाद, ,एजेंसी

जिले के एक औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार को दो कारखानों में आग लग गई। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि दिल्ली के जे.सी.जैन की सन्मति पैकेजिंग नामक फैक्टरी सेक्टर ए-3 में दो भूखंडों पर स्थित है, जहां पॉलिथीन और कार्डबोर्ड कार्टन जैसी पैकेजिंग सामग्री की छपाई का काम होता है। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि चौथी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जहां प्रिंटिंग स्याही, रसायन के ड्रम रखे हुए थे, जिनमें से कुछ में आग लगने के बाद विस्फोट हो गया। इसके बाद यह आग मेवों

कारखानों में लगी आग से उठता धुंआ।

आग बुझाने के लिए दमकल की 20 गाड़ियां बुलाई गईं

का प्रसंस्करण करने वाली एक फैक्टरी में फैल गई। उन्होंने बताया कि आग लगने की इन घटनाओं में अभी तक कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि एहतियात के तौर पर आसपास के सभी कारखानों को खाली करा लिया गया है और उन्हें सामान सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का आदेश दिया गया है। बताया कि दमकल की 20 से अधिक गाड़ियों को लगाया गया है।

उत्तराखंड

बाबा नीब करौरी के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, नैनीताल/भवाली

अमृत विचार : बाबा नीब करौरी के आश्रम कैंचीधाम के 60वें स्थापना दिवस पर शनिवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भवाली ही नहीं पूरा नैनीताल जिला बाबा के जयकारों से गूंज उठा।

बाबा के दर्शन के लिए कैंचीधाम में सुबह 5 बजे से भक्तों की कतार लग गई। 5:30 बजे बाबा नीब करौरी को भोग लगाने के बाद भक्तों को दर्शन की अनुमति दी गई। इसी के साथ मेला भी शुरू हो गया। कैंचीधाम से तीन-चार किमी दूर तक भक्तों की कतार लगी थी। भक्तों को दर्शन के बाद मथुरा के कारीगरों के बनाए मालपुए का प्रसाद बांटा

भवाली स्थित कैंचीधाम के 60वें स्थापना दिवस पर बाबा नीब करौरी के दर्शन के लिए लगी भक्तों की कतार। :अमृत विचार

गया। भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर बाबा के जयकारे लगाए। मंदिर समिति के प्रबंधक प्रदीप साह ने बताया कि सुबह 5:30 बजे बाबा नीब करौरी को भोग लगाने के बाद मेला शुरू हो गया। सुबह से

60वें स्थापना दिवस पर जयकारों से गूंजा नैनीताल, दर्शन के साथ ही मेला हुआ शुरू

रात 9 बजे तक मालपुए का प्रसाद वितरित होगा। इस बार 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाने के लिए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने खुद मोर्चा संभाला है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए पुलिस टीमें तैनात की गई हैं। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए शटल सेवा संचालित है और मेडिकल कैंप, एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है।

बाबा नीब करौरी पर जल्द बनेगी फिल्म

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : बाबा नीब करौरी महाराज के व्यक्तित्व को और अधिक गहराई से देश-विदेश तक पहुंचाने के लिए जल्द ही फिल्म का निर्माण किया जाएगा। फिल्म में बाबा के जन्म स्थान से लेकर उनकी शिक्षा, वैवाहिक एवं बाबा को सिद्धि प्राप्त होने तक की कहानी दिखाई जाएगी। अनिशा इंटरनेशनल के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया जायेगा।

यह बात कैंची धाम पहुंचे फिल्म निर्देशक सिद्धार्थ ठाकुर ने एक भेंट के दौरान कही। उन्होंने बताया फिल्म कि शूटिंग नैनीताल के कैंची धाम, अयोध्या, मथुरा,

बॉलीवुड अभिनेता मनोज जोशी।

भोपाल समेत देश के उन राज्यों में की जाएगी, जिन स्थानों पर बाबा का विशेष लगाव रहा है। फिल्म की शूटिंग इस माह से प्रारंभ हो जाएगी। एक दिसंबर से जनवरी माह में बीच या बाबा नीब करौरी महाराज के जन्मदिन के मौके पर फिल्म को रिलीज किया जाएगा।

मुख्य किरदार में नजर आएंगे अभिनेता मनोज

नैनीताल : बॉलीवुड अभिनेता मनोज जोशी बाबा नीब करौरी महाराज के जीवन पर बन रही फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में नजर आएंगे। कैंची धाम पहुंचे मनोज जोशी ने बताया कि फिल्म में बाबा का अभिनय करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कई बार नैनीताल स्थित कैंची धाम आने का कार्यक्रम बनाया, लेकिन नहीं आ सके। बाबा का आशीर्वाद और बुलावा था की कैंची धाम के स्थापना दिवस पर वह दर्शन करने यहां पहुंचे हैं। बताया फिल्म निर्देशक सिद्धार्थ ठाकुर ने तीन वर्ष तक बाबा के जीवन पर अध्ययन कर स्क्रिप्ट तैयार की है।

बिना लाइफ जैकेट के नौकायन कर रहे पर्यटक

नैनीझील में बिना लाइफ जैकेट के नौकायन करते पर्यटक। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीझील में बीते कुछ दिनों पहले पाल नौका के पलटने की घटना के बाद भी नगर पालिका ने झील में नौकायन करने वालों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम नहीं उठाए हैं।

प्रतिदिन लोग बिना लाइफ जैकेट के नैनीझील में नौकायन करते देखे जा रहे हैं। पाल नौका के पटलने की घटना में पर्यटकों के बाल-बाल बचने के बाद भी लगातार पर्यटक झील में बिना लाइफ जैकेट के नौकायन कर रहे हैं। न तो नाव संचालक पर्यटकों से अपील करते दिख रहे ना ही पालिका के अधिकारी कोई कार्रवाई कर पा रहे हैं, जिससे लगता है कि पालिका को एक बड़ी दुर्घटना का इंतजार है।

पर्यटक नाव के ऊपर खड़े होकर फोटो व वीडियो बनाते भी नजर आ रहे हैं, जिससे भविष्य में बड़ा हादसा होने का भय है। वहीं समीपवर्ती सरिताताल में भी पर्यटकों को बिना लाइफ जैकेट के नौकायन कराया जा रहा है। ईओ अतुल भंडारी ने बताया कि जल्द ही अभियान चलाकर बिना लाइफ जैकेट नौकायन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

धूमधाम से मनाया नयना देवी मंदिर का स्थापना दिवस

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नयना देवी मंदिर परिसर में 9 दिनों से देवी भागवत कथा के व्याख्यान के बाद शनिवार को मां नयना देवी मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य पुजारी बसन्त बल्लभ पांडे की ओर से ब्राह्म मुहूर्त में आधुनिक मंदिर के निर्माता अमर नाथ शाह के वंशजों से कुल पूजा कराई गई।

उसके बाद श्रीमद् देवी भागवत कथा के लिए पंचदेव पूजन और देवी पूजन किया गया। उसके बाद हवन, पूर्णाहुति के साथ ही कन्या पूजन किया गया। व्यास पूजन और तत्पश्चात भंडारा लगाया लगाया।

स्थापना दिवस पर नैनीताल में स्थित मां नयना देवी मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। ● अमृत विचार

इसमें स्थानीय लोगों सहित हजारों की संख्या में सैलानियों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पर्यटकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बता दें कि मां नयना देवी मंदिर भारत के 51 शक्तिपीठों में से एक है। कहा जाता है कि देवी सती के पिता दक्ष प्रजापति ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया लेकिन उसमें भगवान शिव को आमंत्रित नहीं किया। इस बात से खिन्न होकर अगले जन्म में भी शिव की पत्नी बनने की कामना के साथ देवी

भंडारे में स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों ने लिया प्रसाद

सती ने यज्ञ कुंड में अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया। इस भयानक घटना ने स्तब्ध और दुखी होकर भगवान शिव अपने सारे कर्तव्यों से विमुख होकर देवी सती का पार्थिव शरीर अपने कंधे पर टांगे ब्रह्मांड में भटकने लगे। सृष्टि का संतुलन बिगड़ने से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। तब सृष्टि के संरक्षक भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर को खंड-खंड कर दिया और देवाधिदेव शिव को इस दुस्सह यातना से मुक्ति दी। महादेवी सती के शरीर के अंग जहां जहां गिरे, कालांतर में वहां शक्तिपीठ बन गए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

दुश्मन ताकतों को कर दिया जाएगा नाकाम : स्वैन

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक बोले-आतंकियों के आका सीमा पार से चला रहे हैं अपनी दुकानें

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आर.आर. स्वैन ने शनिवार को कहा कि राज्य में हाल की आतंकी घटनाएं सीमा पार बैठे आतकवादियों के आकाओं द्वारा कश्मीर में आतंकी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचने के बाद अपनी गतिविधियों को चालू रखने की हताशा भरी कोशिश थी। उन्होंने कहा कि दुश्मन ताकतों को नाकाम कर दिया जाएगा।

डीजीपी ने लोगों से अनुरोध किया कि वे "छलावे" में न आएं और आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में सूचना को सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा करने से पहले उसकी जांच कर लें, ताकि "हम वहीं रहें जहां हमें होना चाहिए"। आतंकवादियों ने नौ से 12 जून के बीच रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में एक तीर्थयात्री बस सहित चार स्थानों पर हमले किये, जिनमें नौ लोगों और एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गए। कठुआ में हुई मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए। प्रदेश के पुलिस प्रमुख ने कहा-जब आप किसी खतरे या चुनौती के बारे में बात करते हैं, तो आप देखते हैं कि यह कितना गंभीर या बड़ा है। चुनौती सीमा पार से आ रही है और उन्होंने (आतंकवादियों ने) यह निर्णय लिया है कि वे इसे जारी रखेंगे। उन्होंने कहा-उन्हें पता चल गया है कि (जम्मू-कश्मीर में) आतंकवाद के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं, क्योंकि कश्मीर में आतंकी ढांचे को बहुत बड़ा झटका लगा है। जिनकी रोजी-रोटी और ऐशो-आराम इसी से चलता है, वे इसे इतनी आसानी से कैसे छोड़ सकते हैं? डीजीपी ने कहा-आतंकियों के आका सीमा पार बैठे हैं और अपनी दुकानें चला रहे हैं। वे अपनी दुकानें चालू रखने के लिए वे उन्हें (विदेशी भाड़े के आतंकियों को) यहां भेजते हैं।

वह कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर के सैदा सुखल गांव के दौरे से इतर संवाददाताओं से बात कर रहे थे, जहां मंगलवार और बुधवार को 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया।

गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की करेंगे समीक्षा

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर रविवार को सुरक्षा स्थिति का जायजा लेंगे। उनके आतंकवाद रोधी अभियानों को तेज करने के लिए अधिकारियों को व्यापक दिशानिर्देश देने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह मंत्री 29 जून से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसी प्रकार की एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया था। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, अगले सेना प्रमुख के तौर पर नामित लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह, जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक आर आर स्वैन और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है।

भाजपा ने बंगाल में चुनाव बाद हिंसा की जांच के लिए गठित की समिति

नई दिल्ली/कोलकाता। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पश्चिम बंगाल में कथित राजनीतिक हिंसा की जांच के लिए शनिवार को चार सदस्यीय समिति गठित की। पार्टी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मूकदर्शक बने रहने का आरोप लगाया। इस समिति में पार्टी सांसद बिप्लब कुमार देब, रविशंकर प्रसाद, बृजलाल और कविता पाटीदार शामिल हैं। देब इस समिति के संयोजक हैं। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य शांतनु सेन ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल की जनता द्वारा खारिज किए जाने के बाद भाजपा अब बहाने ढूंढ़ रही है। वहीं भाजपा ने एक बयान में कहा-ममता बनर्जी मूकदर्शक बनी हुई हैं, उनकी पार्टी के अपराधी बेखौफ होकर विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं पर हमला करते हैं।

मां को अपशब्द कहने पर पोते ने की दादी की हत्या

सिवनी, (मप्र) एजेंसी

- मध्य प्रदेश में कुल्हाड़ी से वार कर वाददात को दिया अंजाम
- पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

मध्य प्रदेश में सिवनी के एक गांव में मां को अपशब्द कहने पर 23 साल के युवक ने 60 वर्षीय दादी की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बरघाट थाने के प्रभारी मोहनीश सिंह बैस ने बताया कि पोते द्वारा कथित रूप से दादी की हत्या करने की घटना बृहस्पतिवार रात को जिला मुख्यालय से 18 किमी दूर बालाघाट मार्ग पर स्थित बोरीकला गांव की है। उन्होंने कहा कि नागपुर में पिता के साथ मजदूरी करने गई मां के संबंध में दादी द्वारा अपशब्द कहने पर आरोपित पोते सचिन कोसरे ने अपना आपा खो दिया और घर में रखी कुल्हाड़ी से फूलवंता बाई के सिर पर वार कर दिया, जिससे वृद्ध महिला की मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि हत्या के बाद जुर्म छिपाने के लिए आरोपी ने रिश्तेदारों को फोन करके बताया कि घर में गिरने से सिर में लगी चोट के कारण दादी की मौत हो गई है, लेकिन घर पहुंचने पर रिश्तेदारों को सारी सच्चाई का पता चल गया। बाद में घटना की जानकारी बरघाट पुलिस को दी गई। मोहनीश सिंह बैस ने बताया कि हत्या के आरोप में सचिन को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि शव पोस्टमार्टम के बाद रिश्तेदारों को सौंप दिया गया है। मामले में विस्तृत जांच की जा रही है।

एक नजर

सूरत के एक घर मृत पाए गए चार लोगों में तीन बहनें शामिल

सूरत। गुजरात के सूरत शहर में एक फ्लैट में मृत पाये गए चार लागों में 58 वर्षीय महिला, उसकी दो बहनें और बहनोई शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया, गैस चालित गीजर चालू रहने के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई। लेकिन पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आर पी बरोट ने कहा कि मौत के सटीक कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सुबह करीब नौ बजे शवों के बारे में सूचना दी गई। अधिकारी ने बताया कि फ्लैट की मालकिन जसुबेन वधेल (58), उनकी बहनें शांताबेन वधेल (53) और गौरीबेन मेवाड (55) और गौरीबेन के पति हीराभाई (60) के शव मिले हैं।

भारत-पाक सीमा पर ड्रोन-हेरोइन बरामद

चंडीगढ़। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक खेत से एक ड्रोन और हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया है। अर्धसैनिक बल के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद बीएसएफ और पंजाब पुलिस के जवानों ने शुक्रवार रात तलाशी अभियान को अंजाम दिया।

केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने इंदिरा गांधी को बताया मदर ऑफ इंडिया

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

- भाजपा नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक करार दिया

केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया करार दिया वहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक बताया। भाजपा के नेता ने करुणाकरण और मार्क्सवादी नेता ई.के. नयनार को अपना राजनीतिक गुरु भी बताया।

गोपी यहां पुनकुन्नम स्थित करुणाकरण के स्मारक मुरली मंदिर जाने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। दिलचस्प बात है कि सुरेश गोपी ने करुणाकरण के बेटे एवं कांग्रेस नेता के मुरलीधरन को त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र से हराया है। मुरलीधरन 26 अप्रैल के चुनावों में त्रिकोणीय मुकाबले में तीसरे स्थान पर रहे थे। भाजपा नेता ने मीडियाकर्मियों से करुणाकरण स्मारक के उनके दौरे का कोई भी राजनीतिक मतलब नहीं निकालने का आग्रह करते हुए कहा कि वह यहां अपने गुरु को श्रद्धांजलि देने आए हैं। उन्होंने कहा कि नयनार और उनकी पत्नी शारदा टीचर की तरह उनके करुणाकरण और उनकी पत्नी कल्याणीकुट्टी अम्मा के साथ भी घनिष्ठ संबंध थे। वह 12 जून को कन्नूर में नयनार के घर भी गये थे। गोपी ने कहा कि वह इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया मानते हैं, जबकि करुणाकरण उनके लिए राज्य में कांग्रेस पार्टी के पिता थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि करुणाकरण को केरल में कांग्रेस का पिता बताना दक्षिणी राज्य की सबसे पुरानी पार्टी के संस्थापकों या सह-संस्थापकों के प्रति कोई अनादर नहीं है।

अभिनेता से नेता बने सिंह ने कांग्रेस के दिग्गज नेता की प्रशासनिक क्षमताओं की भी सराहना की और उन्हें अपनी पीढ़ी का साहसी प्रशासक करार दिया। सुरेश गोपी ने कहा कि हालांकि उन्होंने 2019 में भी मुरली मंदिर जाने की इच्छा व्यक्त की थी, लेकिन दिग्गज नेता की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल ने राजनीतिक कारणों से उन्हें हतोत्साहित किया। वेणुगोपाल हाल ही में भाजपा में शामिल हो गई हैं।

केरल मोटर वाहन विभाग ने यूट्यबर का निरस्त किया ड्राइविंग लाइसेंस

अलप्पुझा। केरल मोटर वाहन विभाग (एमवीडी) ने एक यूट्यूबर का ड्राइविंग लाइसेंस शनिवार को रद कर दिया, जिसने हाल ही में एक जोखिम भरे स्टंट करने के प्रयास के तहत एक चलती कार के अंदर अस्थायी स्विमिंग पूल बनाया था। अलप्पुझा आरटीओ (प्रवर्तन) ने संजू टीएस का लाइसेंस रद्द कर दिया, जो संजू टेकी नाम से जाना जाता है, जिसने कथित तौर पर एक लोकप्रिय मलयालम फिल्म से प्रेरित होकर तिरपाल शीट के साथ एक कार के अंदर एक अस्थायी स्विमिंग पूल बनाया था। अलप्पुझा आरटीओ आर रमणन ने कहा कि इस तरह के कई यातायात उल्लंघन पाए जाने के बाद कड़ी कार्रवाई की गई थी।

17 को सीआईडी के समक्ष पेश होंगे : येदियुरप्पा

बेंगलुरु ,एजेंसी

पॉक्सो माम ले का सामना कर रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुर प्पा शनिवार को बेंगलुरु लौट आए और कहा कि वह पूछताछ के लिए 17 जून को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के समक्ष पेश होंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा सीआईडी को पॉक्सो मा मले के संबंध में उन्हें गि रफ्तार करने से रोके जाने के एक दिन बाद लौटे। उच्च न्यायालय ने येदियुरप्पा को मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने भी का निर्देश दिया। येदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा-मैं पहले से तय कार्यक्रम के लिए दिल्ली गया था। मैंने पहले ही लिखित में सूचित कर दिया था कि मैं 17 जून को पूछताछ के लिए उपस्थित होऊंगा। उच्च न्यायालय ने सीआईडी को (गिरफ्तारी से) रोकने का आदेश दिया है। मैं सोमवार को जांच के लिए उपस्थित हो रहा हूं।

लोकसभा चुनाव में मिली जीत सिर्फ शुरुआत एमवीए विधानसभा चुनाव भी जीतेगा : उद्धव

मुंबई, एजेंसी

- ठाकरे ने दक्षिण मुंबई में एमवीए के घटक दलों के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को किया संबोधित

लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी (एमवीए) को मिली जीत से उत्साहित शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि यह सिर्फ शुरुआत है और विपक्षी गठबंधन राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव भी जीतेगा। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं।

ठाकरे दक्षिण मुंबई में एमवीए के घटक दलों के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिसमें राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने भी अपनी बात रखी। संसदीय चुनावों में एमवीए के शानदार प्रदर्शन के बाद यह पहली बार है जब संयुक्त संवाददाता सम्मेलन किया गया। चुनावों में एमवीए ने राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से 30 पर जीत हासिल की थी तीनों दलों ने इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए एक प्रारंभिक बैठक भी की।

ठाकरे ने कहा कि राज्य के लोगों ने दिखा दिया है कि भारतीय जनता पार्टी की अजेयता का मिथक कितना खोखला है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा-महा विकास आघाडी के लिए लोकसभा चुनाव की जीत अंत नहीं, बल्कि शुरुआत है। चुनाव प्रचार के दौरान मैंने अपनी रैलियों में आए लोगों को 'देशभक्त' कहकर संबोधित किया था... सभी देशभक्त लोकतंत्र को बचाने के लिए एक साथ आए। उन्होंने कहा कि लोग जाग चुके हैं और संघर्ष अभी शुरू हुआ है।

कांग्रेस नेताओं को पत्रकार रजत शर्मा के खिलाफ पोस्ट हटाने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने जारी किया निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेताओं- जयराम रमेश, पवन खेड़ा और रागिनी नायक को सोशल मीडिया पर अपने उन पोस्ट को हटाने का आदेश दिया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा ने लोकसभा चुनाव परिणाम वाले दिन अपने शो के दौरान अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। अदालत ने कहा कि यदि सोशल मीडिया मंच एक्स पर वीडियो और पोस्ट को सार्वजनिक रहने दिया गया तो वादी की प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि अदालत में दिखाये गए टेलीविजन बहस के फुटेज से प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट है कि वादी शर्मा ने "कुछ सेकंड के लिए ही हस्तक्षेप किया था और नायक के खिलाफ कोई अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं किया था। अदालत ने कहा कि नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, लेकिन घटना के प्रति सच्चाई पर रहना भी उनका कर्तव्य है।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि कॉरपोरेट अधिग्रहण स्वतंत्र हो

अडाणी समूह के अधिग्रहण के बाद जयराम रमेश का केंद्र पर कटाक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

अडाणी समूह द्वारा पेन्ना सीमेंट्स का अधिग्रहण करने के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी। इसे लेकर उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने की सरकार की जिम्मेदारी है कि कॉरपोरेट्स के बीच प्रतिस्पर्धा कम न हो। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि कॉरपोरेट अधिग्रहण स्वतंत्र और निष्पक्ष होनी चाहिए।

जयराम रमेश ने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है कि राजनीतिक सत्ता से मिलने वाले अनुचित लाभ का प्रयोग न किया जाए। उनकी यह टिप्पणी अडाणी समूह द्वारा पेन्ना सीमेंट्स का अधिग्रहण करने के बाद आई।

कांग्रेस नेता ने कहा कि आप क्रोनोलॉजी समझिए : देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी बनने के लिए सितंबर 2022 में अडाणी ने अंबुजा सीमेंट का अधिग्रहण किया था। अगस्त 2023 में अडाणी ने सांघी इंडस्ट्रीज का अधिग्रहण किया और अब दक्षिण भारत के अंतिम शेष क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी मजबूत करने के लिए पेन्ना सीमेंट्स का भी अधिग्रहण कर लिया। उन्होंने आगे कहा कि अब अडाणी आने वाले दिनों में सौराष्ट्र सीमेंट, वदराज सीमेंट और जयप्रकाश एसोसिएट्स के सीमेंट व्यवसाय के अधिग्रहण की संभावना तलाश रहे हैं। आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य का हवाल देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मशहूर वित्तीय अर्थशास्त्री ने बताया था कि अडाणी समूह समेत पांच बड़े समूह सीमेंट और 40 अन्य क्षेत्रों में एकाधिकार बना रहे हैं। कांग्रेस नेता ने आगे बताया कि यह बढ़ता एकाधिकार भारत की अस्थिर आर्थिक वृद्धि, बेरोजगारी और मुद्रास्फीति से जुड़ा है।

सुपरटेक रियलटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का आदेश

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने सुपरटेक रियलटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है। कंपनी अपने सुपरनोवा प्रोजेक्ट में एक आवासीय अपार्टमेंट, कार्यालय, खुदरा क्षेत्र और लक्जरी होटल विकसित कर रहा है। एनसीएलटी की दो सदस्यीय दिल्ली पीठ ने 168.04 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं करने के मामले में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की दिवाली याचिका को स्वीकार कर लिया।

न्यायाधिकरण ने सुपरटेक की एक सहायक कंपनी सुपरटेक रियलटर्स के बोर्ड को निलंबित करते हुए अंजू अग्रवाल को अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) नियुक्त किया। सुपरटेक भी कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) का सामना कर रही है।

केंद्र सरकार ने कच्चे तेल पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ कर में की कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- नई दरें शनिवार से लागू, घटाकर 3,250 रुपये प्रति टन किया गया

केंद्र सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को 5,200 रुपये प्रति टन से घटाकर 3,250 रुपये प्रति टन कर दिया है। अप्रत्याशित लाभ कर, विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। यह नई दरें शनिवार से लागू हो गईं हैं।

डीजल, पेट्रोल और जेट ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नयी दर 15 जून से प्रभावी हो गई है। भारत ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया। इसके साथ ही वह ऊर्जा कंपनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाने वाले देशों में शामिल हो गया। पिछले दो सप्ताहों के औसत तेल मूल्यों के आधार पर कर दरों की समीक्षा हर पखवाड़े की जाती है।

कर्नाटक सरकार ने ईंधन पर बिक्री कर बढ़ाया, पेट्रोल डीजल होगा महंगा, बेंगलुरु: कर्नाटक सरकार ने शनिवार को ईंधन पर बिक्री कर बढ़ा दिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राज्य में पेट्रोल अब तीन रुपये और डीजल 3.5 रुपये प्रति लीटर महंगा हो जाएगा। वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सरकार ने पेट्रोल पर बिक्री कर में 3.92 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 25.92 प्रतिशत से बढ़ाकर 29.84 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, डीजल पर 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 14.34 से बढ़कर 18.44 प्रतिशत हो गई है। अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी। यह फैसला लोकसभा चुनाव नतीजों के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें राजग को कर्नाटक की 28 में से 19 सीटें मिलीं, जिसमें भाजपा ने 17 और जद(एस) ने दो सीटें जीतीं। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने नौ सीटें जीती हैं। यह कदम मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा राज्य के राजस्व सृजन और राजकोषीय स्थिति की समीक्षा के बाद उठाया गया है।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	90,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,950
गिन्नी (प्रति नग)	55,100-55,300
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,450
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,300
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,500
सोना जेवरात गिन्नी	71,500
चांदी पक्की	882 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,650
चांदी आभूषण	89,000।

डेटा सुरक्षा कानून के तहत नियमों का मसौदा अंतिम चरण में : वैष्णव

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि डेटा सुरक्षा कानून के तहत नियमों का मसौदा तैयार करने का काम अंतिम चरण में है। उन्होंने आगे कहा कि उद्योग जगत से व्यापक परामर्श की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को दोगुना करने और नौकरियों के अवसर बढ़ाने की कोशिश करेगा। आईटी मंत्री ने भरोसा दिया कि विनियामक कार्य में निरंतरता देखने को मिलेगी। माइक्रोन और टाटा समूह के सेमीकंडक्टर संयंत्र भी तय समय-सीमा के अनुसार बढ़ रहे हैं।

एसबीआईईपे, ईमाइग्रेट के एकीकरण के लिए किया गया समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने दी जानकारी

विदेश मंत्रालय और एसबीआई ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत ईमाइग्रेट पोर्टल के उपयोगकर्ताओं को एक अतिरिक्त डिजिटल भुगतान सेवा दी जाएगी। ईमाइग्रेट पोर्टल में भारतीय प्रवासी श्रमिक और भर्ती एजेंट शामिल हैं।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एसबीआई अपने भुगतान गेटवे एसबीआईईपे के जरिए उन्हें उक्त सेवाएं देगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह समझौता भारतीय प्रवासी श्रमिकों के सुरक्षित और कानूनी प्रवास के दायरे को और सुविधाजनक बनाएगा। ईमाइग्रेट परियोजना की शुरुआत 2014 में हुई थी। इसके जरिए प्रवास प्रक्रिया को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया गया है। इससे प्रवासी भारतीय बीमा योजना जारी करने वाले विदेशी नियोक्ताओं, पंजीकृत भर्ती एजेंटों और बीमा कंपनियों को एक साझा मंच मिला है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर मंत्रालय की ओर से संयुक्त सचिव ब्रम्हा कुमार और एसबीआई की ओर से महाप्रबंधक नीलेश द्विवेदी ने हस्ताक्षर किए।

देश का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी में हुंडई-इंडिया

नई दिल्ली। दक्षिण कोरियाई वाहन विनिर्माता कंपनी हुंदै की भारतीय इकाई हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने आईपीओ लाने के लिए शेयर बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। अगर कंपनी के आईपीओ को सेबी की मंजूरी मिल जाती है, तो यह भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम होगा। यह दो साल पहले आए एलआईसी के 21,000 करोड़ रुपये के आईपीओ को भी पीछे छोड़ देगा। प्रस्तावित आईपीओ हुंडई मोटर कंपनी द्वारा पूरी तरह से 142,194,700 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है।

कम मांग के बाद सरिया पिघली दो हजार रुपये टन की गिरावट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निर्माण कार्य अब कम होने के चलते कम हुई कीमत

अमृत विचार : भवन निर्माण कार्यों में आ रही कमी से घटते इस्पात की मांग के बाद सरिया पिघलने लगी है। बीते दो हफ्तों में 65,000 रुपये टन पहुंच चुके सरिया के दाम गिरकर अब 62 से 63 हजार रुपये हो गए हैं। करीब दो हजार रुपये प्रति टन की गिरावट आई है।

सरिया कारोबारी विशाल अग्रवाल ने बताया कि इस्पात में दो हफ्ते पहले तेजी थी, लेकिन बरसात नजदीक देख अब नए निर्माण कार्य अब कम हो गए हैं। करीब दो हजार रुपये टन की गिरावट बाजार में दर्ज की गई है। आगे भी अभी कुछ हफ्ते सरिया के दाम बढ़ने के आसार कम ही हैं। उन्होंने बताया कि दो हफ्ते पहले सरिया के दाम 65,000 रुपये प्रति टन थे, जो अब घटकर 63,000 रुपये प्रति टन रह गए हैं। वहीं, सीमेंट व्यापार संघ के अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता के मुताबिक मौरंग का स्टॉक लगाया जा रहा है। इसके चलते मौरंग में लगातार तेजी देखी जा रही है।

स्कॉटलैंड को हल्के में नहीं लेगा ऑस्ट्रेलिया

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

लगातार तीन जीत से सुपर आठ में जगह पक्की कर चुका ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप के ग्रुप चरण में स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अंतिम मैच में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगा और जीत के साथ अगले चरण में जाना चाहेगा।

ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में अपना पहला स्थान पहले ही पक्का कर चुका है लेकिन यह मैच स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के लिए बेहद महत्वपूर्ण है जो इस ग्रुप से दूसरे स्थान पर रहने की दौड़ में हैं। ऑस्ट्रेलिया पर जीत या इस मैच के बारिश की भेंट चढ़ जाने पर स्कॉटलैंड अंतिम आठ में पहुंच जाएगा लेकिन अगर वह इस मैच में हार जाता है और इंग्लैंड एक अन्य मैच में नामीबिया को हरा देता है तो वह बाहर हो जाएगा। इंग्लैंड और नामीबिया का मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने पर भी स्कॉटलैंड सुपर 8 में पहुंच जाएगा। ऐसी स्थिति में इंग्लैंड का सफर समाप्त हो जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही है और उसके लिए चिंता का कोई

विषय नहीं है। नाथन एलिस के टीम में बने रहने की संभावना है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया सुपर 8 की कड़ी चुनौती से पहले अपने प्रमुख तीन गेंदबाजों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क में से किसी एक को विश्राम दे सकता है। स्कॉटलैंड के पास ऑस्ट्रेलिया को हराने का यह बेहतरीन मौका है और उसके खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में किसी तरह की चूक नहीं दिखाएंगे। स्कॉटलैंड की टीम इसके साथ ही बारिश की भी दुआ करेगी। स्कॉटलैंड के अभी पांच अंक हैं लेकिन इंग्लैंड का नेट रन रेट उससे बेहतर है। इस मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6:00 बजे शुरू होगा।

आयरलैंड पर जीत से सफर का अंत करने उतरेगा पाकिस्तान

लॉडरहिल (फ्लोरिडा)। सुपर आठ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी पाकिस्तान की टीम आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करके टी-20 विश्व कप में अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने की कोशिश करेगी। अमेरिका और भारत से हारने के कारण पाकिस्तान ग्रुप ए से सुपर आठ में जगह नहीं बना पाया। उसे अपने प्रदर्शन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है लेकिन इससे पहले उसे आयरलैंड की चुनौती से पार पाना होगा। आयरलैंड ने टी-20 विश्व कप से पहले द्विपक्षीय मैच में पाकिस्तान को बड़े अंतर से हराया था और ऐसे में उनके बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। आयरलैंड ग्रुप में एकमात्र ऐसी टीम है जिसने अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है। उसकी निगाह भी जीत के साथ अपने अभियान का अंत करने पर टिकी होगी, लेकिन यह तभी संभव होगा जब मौसम इसकी इजाजत देगा क्योंकि पिछले कुछ दिन से यहां लगातार बारिश हो रही है।

अमेरिका ने 2026 विश्वकप के लिए किया क्वालीफाई

फ्लोरिडा, एजेंसी

फ्लोरिडा में बारिश के कारण आयरलैंड के साथ अंतिम ग्रुप मैच रद्द होने के बाद सह-मेजबान अमेरिका पहली बार आईसीसी टी-20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता के सुपर 8 के साथ ही 2026 में होने वाले विश्वकप के लिये क्वालीफाई कर गया है।

शुक्रवार रात रद्द किए गए मैच में टीमों ने अंक बांटे, जिससे अमेरिका पाकिस्तान से तीन अंक आगे हो गया है। पाकिस्तान रविवार को फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ अपना अंतिम मुकाबला खेलेगा। कनाडा और पाकिस्तान के खिलाफ जीत अर्जित करने के बाद यूएसए की टीम सुपर 8 चरण में पहुंची है हालांकि सह मेजबान देश दुनिया की

नंबर एक टीम भारत से मामूली अंतर से हार गई। भारत ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने के साथ अगले चरण में भी पहुंच गया है। प्रतियोगिता का सुपर 8 चरण कैरेबियन द्वीप समूह में आयोजित किया जाएगा, जिसमें यूएसए 19 जून को एंटीगुआ में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। सुपर 8 चरण में पहुंचने के साथ यूएसए की टीम आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए स्वचालित रूप से क्वालीफाई हो जाएगी, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे।

रूस के 14 और बेलारूस के 11 खिलाड़ियों को दी मंजूरी

लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

- आईओसी ने पेरिस ओलंपिक में कुछ खेलों की पहली सूची में तटस्थ दर्जे के अंतर्गत दी मंजूरी
- यूक्रेन के अधिकारियों ने रूस पर प्रतिबंध का किया अनुरोध

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने शनिवार को पेरिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने के लिए रूस के 14 और बेलारूस के 11 खिलाड़ियों को कुछ खेलों की पहली सूची में तटस्थ दर्जे के अंतर्गत हिस्सा लेने को मंजूरी दी।

रूस और बेलारूस को यूक्रेन पर हमले के कारण पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धाओं से प्रतिबंधित कर दिया गया है। रूस और बेलारूस के व्यक्तिगत खिलाड़ियों को अन्य खेलों की क्वालीफाइंग स्पर्धाओं में तटस्थ दर्जे में खेलने की अनुमति दी गई है तथा उन्हें ओलंपिक में खेलने के लिए फिर आवेदन करना होगा। आईओसी ने पहले दौर में पांच खेलों साइकिलिंग, जिम्नास्टिक, ताइक्वांडो, भारोत्तोलन और कुश्ती में खिलाड़ियों पर फैसला किया। अन्य ओलंपिक खेलों के खिलाड़ियों की सूची कुछ दिन के अंदर आने की संभावना है। ताइक्वांडो में किसी भी एथलीट को मंजूरी नहीं दी गई। यूक्रेन के खिलाड़ियों और अधिकारियों ने आईओसी से रूस के सभी खिलाड़ियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया था। ट्रैक और फील्ड में ऐसा हो चुका है। इन दोनों देशों के खिलाड़ियों के तटस्थ दर्जे के अंतर्गत खेलने पर फैसला दो चरण में होगा।

खेल डायरी

पूर्व खेल संवाददाता हरपाल सिंह बेदी का निधन

नई दिल्ली। जाने-माने खेल पत्रकार एवं समाचार एजेंसी यूएनआई के पूर्व खेल संवाददाता हरपाल सिंह बेदी का शनिवार को 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके परिवार में पत्नी रेवती और पुत्री पल्लवी हैं। बेदी ने यूएनआई में तीन दशक के अपने लंबे करियर के दौरान कई ओलंपिक, कॉमन वेल्थ और एशियाई खेलों को कवर किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने हरपाल बेदी के साथ अपनी जेएनयू के दिनों की एक पुरानी तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। बेदी ने यूएनआई से सेवानिवृत्त के बाद विभिन्न टेलीविजन चैनलों पर खेल की चर्चाओं में विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया।

गौरिका ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर का खिताब जीता

मैसुरु। भारतीय गोल्फर गौरिका बिश्नोई ने शनिवार को तीसरे और अंतिम दौर के अंतिम तीन होल में बर्डी की हैट्रिक लगाकर हफ्ते के सर्वश्रेष्ठ चार अंडर 66 के कार्ड से हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्लयूपीजीटी) के सातवें चरण का खिताब जीत लिया। गौरिका दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर चल रही थीं। उन्होंने कुल एक अंडर 209 का स्कोर बनाया जबकि बीती रात शीर्ष पर रहने वाली खुशी खानिजाऊ (71) दबाव में आ गईं। खुशी ने कुल दो ओवर 212 का स्कोर बनाया जिससे वह उपविजेता रहीं। गौरिका की 2024 सत्र में यह पहली जीत है। उन्होंने पिछले साल दो जीत दर्ज की थीं।

नागल पेरूगिया चैलेंजर के फाइनल में

पेरूगिया (इटली)। भारत के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने शनिवार को यहां स्पेन के बर्नाबे जपाटा मिरालेस पर 7-6 (7-2) 1-6 6-2 की जीत से पेरूगिया चैलेंजर के फाइनल में जगह बनाई और खुद को इस साल के तीसरे खिताब की दौड़ में बनाये रखा। फाइनल में नागल की भिड़ंत इटली के लुसियानो डार्डेरी और जर्मनी के डेनियल अल्टमायर के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगी। नागल अब विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 77वें स्थान पर हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने जर्मनी में हीलब्रॉन चैलेंजर की शुरुआत के बाद से लगातार नौवीं जीत हासिल की। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में इसका खिताब जीता था।

पाकिस्तानी खिलाड़ियों के वेतन में हो सकती है कटौती

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अपनी टीम के टी-20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करके खिलाड़ियों के वेतन में कटौती कर सकता है। पाकिस्तान को विश्व कप में अमेरिका और भारत से हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह टूर्नामेंट के सुपर 8 में जगह नहीं बना पाया। बोर्ड के विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि कुछ अधिकारियों और पूर्व खिलाड़ियों ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करने की सलाह दी है। पीसीबी अध्यक्ष अगर टीम के खराब प्रदर्शन पर कड़ा रवैया अपनाते हैं तो खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा की जा सकती है और उनके वेतन में कटौती हो सकती है।

भारतीय टीम ने क्वालीफायर में हासिल की शीर्ष वरीयता

अंताल्या (तुर्की)। तरूणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजी टीम ने आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त कर 24 टीमों के साथ एलिमिनेशन दौर में प्रवेश किया। भारतीय तिकड़ी कुल 2018 अंक हासिल कर तालिका में चीनी ताइपे (2008) और जर्मनी (1998) से आगे रही। इस स्पर्धा में 46 टीमों ने प्रतिस्पर्धा की थी जिससे शीर्ष 24 ने एलिमिनेशन दौर में जगह पक्की की। एलिमिनेशन दौर अंतिम-32 ड्रॉ की तरह खेला जाएगा। शीर्ष पर रहने के कारण भारत को अंतिम-16 में बाई मिल गई, जहां उसका सामना 17वीं वरीयता प्राप्त लक्जमबर्ग से होगा। एलिमिनेशन राउंड में शीर्ष तीन रैंक वाले देशों को पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक कोटा स्थान मिलेगा। भारत अगर शीर्ष तीन में रहता है तो उसका व्यक्तिगत कोटा टीम कोटा में अपग्रेड कर दिया जाएगा। धीरज ने पहले व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में निचली रैंकिंग वाले यूक्रेन से 3-5 से हार के बाद कोटा हासिल करने में असफल रही।

तबरेज के तेवर ने छीनी नेपाल के हाथ से जीत

शम्सी ने झटके चार विकेट, महज 1 रन से मुकाबला जीता दक्षिण अफ्रीका

किंग्सटाउन, एजेंसी

टी-20 विश्वकप का एक और उलटफेर शनिवार को होते-होते बचा जब नेपाल ने पूरे मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखने के बावजूद आखिरी गेंद पर अनुभवी दक्षिण अफ्रीका के सामने हथियार डाल दिए। ऑर्नोस वेल ग्राउंड पर दक्षिण अफ्रीका ने पहले खेलते हुए सात विकेट पर 115 रन बनाए जिसके जवाब में नेपाल की टीम 20 ओवर के खेल में सात विकेट पर 114 रन ही बना सकी।

जीत के बाद एक-दूसरे को बधाई देते दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी। ● एजेंसी

तबरेज शम्सी

कुशल भुर्तेल (19 रन पर चार विकेट) और दीपेन्द्र सिंह एरी (21 रन पर तीन विकेट) की गेंदबाजी की बदौलत नेपाल ने दक्षिण अफ्रीका को महज 115 रन पर रोक दिया था और बाद में आसिफ शेख (42) और अनिल साह (24) ने लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुए 18वें ओवर में चार विकेट के नुकसान पर स्कोरबोर्ड पर 99 रन टांग कर जीत की संभावनाओं को प्रबल कर दिया था मगर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के अनुभव और तबरेज शम्सी की घूमती हुई गेदों के आगे नेपाल की टीम बुरी तरह लडखड़ा गई और उनके आखिरी के तीन ओवर में उन्होने तीन विकेट खोकर महज 15 रन का इजाफा किया और हार के साथ संतोष कर लिया। तबरेज शम्सी ने टीम की इस जीत में अहम भूमिका निभाते हुए, चार महत्वपूर्ण विकेट झटके। एक समय नेपाल को सिर्फ 18 गेंदों में 18 रनों की जरूरत थी, तब शम्सी ने अपने स्पेल की आखिरी ओवर में सिर्फ दो रन देकर दो विकेट झटके।

116 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, नेपाल की टीम का काफी सहज तरीके से बल्लेबाजी कर रही थी। पहले स्पेल में दो विकेट झटकने वाले शम्सी को बाकी के गेंदबाजों का साथ नहीं मिला लेकिन दूसरे प्रयास में वह सफल हो गए। 18वें ओवर की शुरुआत से पहले नेपाल ने सिर्फ तीन विकेट गंवाए थे और उनकी टीम 100 रन के करीब थी लेकिन शम्सी ने अपनी स्पिन लेती गेंदबाजी से बल्लेबाजों को चारो खाने चित कर दिया और सिर्फ दो रन देकर दो विकेट झटके। मैच के आखिरी ओवर में भी नेपाल के पास मैच को ड्रॉ करने का मौका था। एक गेंद में दो रनों की जरूरत थी और एक रन लेने के प्रयास में नॉन स्ट्राइकर एंड पर गुलशन झा ने बहुत बड़ी गलती कर दी। वह क्रीज में लगभग पहुंच चुके थे लेकिन अतिआश्वस्त होने के कारण वह रन आउट हो गए।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका : 115/7, 20 ओवर। रीजा हैनड्रिक्स 43, डिकॉक 10, स्टब्स 27। **विकेट :** दीपेंद्र 4, कुशल 4।

नेपाल : 114/7, 20 ओवर। कुशल भूर्तेल 13, आसिफ 42, अनिल 27, दीपेंद्र सिंह 6। **विकेट :** तबरेज शम्सी 4, मारक्रम 1।

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत (क्वा)	4	3	0	7	1.137	1
अमेरिका (क्वा)	4	2	1	5	0.127	1
कनाडा (बा)	4	1	2	3	-0.493	1
पाकिस्तान (बा)	3	1	2	2	0.191	0
आयरलैंड (बा)	3	0	2	1	-1.712	1
ग्रुप बी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	3	3	0	6	3.580	0
स्कॉटलैंड	3	2	0	5	2.164	1
इंग्लैंड	3	1	1	3	3.081	1
नामीबिया (बा)	3	1	2	2	-2.098	0
ओमान (बा)	4	0	4	0	-3.062	0
ग्रुप सी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
अफगानिस्तान (क्वा)	3	3	0	6	4.230	0
वेस्टइंडीज (क्वा)	3	3	0	6	2.596	0
न्यूजीलैंड (बा)	3	1	2	2	-0.241	0
युगांडा (बा)	4	1	3	2	-4.510	0
पापुआ न्यू गिनी (बा)	3	0	3	0	-0.886	0
ग्रुप डी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
द. अफ्रीका (क्वा)	4	4	0	8	0.470	0
बांग्लादेश	3	2	1	4	0.478	0
नीदरलैंड	3	1	2	2	0.408	0
नेपाल (बा)	3	0	2	1	-0.293	1
श्रीलंका (बा)	3	0	2	1	-0.777	1

गीली आउटफील्ड ने रद कराया भारत-कनाडा का मुकाबला

मैच रद होने के बाद एक-दूसरे का अभिवादन करते खिलाड़ी। ● एजेंसी

लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी

गीली आउटफील्ड के कारण शनिवार को यहां भारत और कनाडा के बीच टी-20 विश्व कप ग्रुप मैच एक भी गेंद खेले बिना रद्द हो गया।

भारत का यह अंतिम ग्रुप मैच था। दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। भारत तीन मैच में जीत से पहले ही ग्रुप ए से सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुका है। भारतीय टीम अब सुपर आठ में 20 जून को अफगानिस्तान से भिड़ेगी। वहीं कनाडा की टीम बाहर हो चुकी है। टॉस स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे होना था। लेकिन भारतीय समयानुसार रात के आठ बजे और दूसरी बार नौ बजे पिच का मुआयना करने के बाद अंपायरों ने मैच रद करने का फैसला किया।

ग्वालियर में माधवराव सिंधिया स्टेडियम का हुआ उद्घाटन

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को माधवराव सिंधिया अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन करते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव मदद करेगी। उनके साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह और पूर्व क्रिकेटर कपिल देव भी मौजूद थे।

यादव ने इस मौके पर एमपी क्रिकेट लीग भी लांच की। यादव ने कहा यह स्टेडियम स्वर्गीय माधवराव सिंधिया के क्रिकेट के प्रति जुनून को याद करता है। इंदौर में मौजूदा स्टेडियम के बाद यह मध्य प्रदेश का दूसरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि नए स्टेडियम में 30,000 लोगों के बैठने की क्षमता है।

द. अफ्रीका के खिलाफ भारतीय महिला टीम की कोशिश लय बरकरार रखने पर

बेंगलुरु, एजेंसी

भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीमें रविवार को यहां जब पहले एकदिवसीय के साथ तीन सप्ताह तक चलने वाली सभी प्रारूपों की शृंखला शुरू करेंगी तो उनकी कोशिश अक्टूबर में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की होगी। टी-20 विश्व कप का आयोजन बांग्लादेश में होगा। टी-20 विश्व कप के वर्ष में 50 ओवर के मैच थोड़े असंगत लग सकते हैं, लेकिन यह लय हासिल करने के दृष्टिकोण से दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर वनडे और टी-20 शृंखला हार गई थी, लेकिन

● महिला टी-20 विश्वकप की तैयारियों को पूर्ण करने उतरेंगी टीमें सभी प्रारूपों के होंगे मुकाबले

उसने जोरदार वापसी करते हुए हाल ही में बांग्लादेश को उसके घरेलू मैदान पर टी-20 शृंखला में 5-0 से शिकस्त दी। टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस लय को बरकरार रखना चहेगी। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि टीम ने अच्छी तैयारी की है और जीत के लिए जोर लगाएगी। मजूमदार ने कहा हमारी पिछले आठ हफ्तों में अच्छी तैयारी रही। हम बांग्लादेश गये और शृंखला 5-0 से जीते। हमने उसी मैदान पर अभ्यास किया जहां हम विश्व कप में खेलेंगे। इसलिये हमारी तैयारी अच्छी रही। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की सपाट पिच, छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड पूरी तरह से बल्लेबाजी के लिए माकूल होगी। खिलाड़ी कुछ बड़े स्कोर के साथ आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगे। यह मुकाबला मैच भारतीय समयानुसार दोपहर डेढ़ बजे से होगा।

जर्मनी ने स्कॉटलैंड को हराकर की शुरुआत

म्यूनिख, एजेंसी

फ्लोरियन विर्ट्ज और जमाल मुसियाला के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से जीत का मंच तैयार करने वाले मेजबान जर्मनी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे स्कॉटलैंड को 5-1 से करारी शिकस्त देकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में अभियान की शानदार शुरुआत की।

विर्ट्ज़ ने दसवें मिनट में जर्मनी के लिए पहला गोल किया जबकि मुसियाला ने 19वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। काई हैवर्ट ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर मध्यांतर तक जर्मनी को 3-0 से आगे कर दिया। जर्मनी को डिफेंडर रयान पोर्टियस की गलती के कारण यह पेनल्टी मिली थी, जिन्हें रेफरी ने लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया था। इस कारण स्कॉटलैंड को दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था। मध्यांतर के बाद सब्सटीट्यूट निकोलस फुलक्रग ने 68वें मिनट और एमरे कैन

ने इंजरी टाइम में गोल करके जर्मनी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड एंटोनियो रोडिगर के 87वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से खाता खोल पाया। जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने मैच के बाद कहा हम वास्तव में इसी तरह की शुरुआत चाहते थे। मैं मैच से पहले भी जीत के प्रति अश्वस्त था। हमें दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा था और हमने वैसा प्रदर्शन किया जैसा हम चाहते थे।

मेस्सी के दो गोल से अर्जेंटीना ने ग्वाटेमाला को हराया

लैंडओवर (अमेरिका)। लियोनेल मेस्सी ने नवंबर के बाद अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय मैच में दो गोल करने के साथ एक में सहायक की भूमिका निभाई जिससे अर्जेंटीना ने 2024 कोपा अमेरिका कप फुटबॉल के अभ्यास मैच में ग्वाटेमाला को 4-1 से हराया। मेस्सी पूरे 90 मिनट तक मैदान पर रहे। जिससे गुरुवार को ग्रुप चरण में कनाडा के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने से पहले अर्जेंटीना के हौसले बुलंद होंगे। विश्व और कोपा अमेरिका के मौजूदा चैंपियन के लिए लुटारो मार्टिनेज ने दो अन्य गोल किए। ग्वाटेमाला को मैच के चौथे मिनट में लिसेंड्रो मार्टिनेज के आत्मघाती गोल से बढ़त मिल गयी थी लेकिन इसके आठ मिनट बाद ही मेस्सी ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। उन्होंने मैच के 77वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया।

न्यूजीलैंड ने युगांडा को नौ विकेट से रौंदा

त्रिनिदाद, एजेंसी

टी-20 विश्वकप से बाहर हो चुकी न्यूजीलैंड ने युगांडा को मात्र 40 रनो पर समेट दिया और जीत के लक्ष्य को 5.2 ओवर में हासिल कर लिया।

तारोबा के ब्रायन लारा स्टेडियम पर टिम साउदी ने चार ओवर के स्पेल में मात्र चार रन खर्च कर तीन विकेट झटके जबकि ट्रेंट बोल्ट, मिचेल सेंटनर और रचिन रविन्द्र ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। युगांडा की ओर से कैनेथ वैसवा (11) दहाई अंको तक पहुंचने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। युगांडा की इस मैच में एकमात्र उपलब्धि यह रही कि उन्होने 18.4 ओवर तक कीवी गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया जबकि बाद में बल्लेबाजी करने

जीत के बाद युगांडा की टीम का अभिवादन करते न्यूजीलैंड के खिलाड़ी।

आयी न्यूजीलैंड का एक बल्लेबाज भी आउट करने में सफलता हासिल की। युगांडा ने न्यूजीलैंड की टीम को पूरे मैच में 39 गेंद फेंकी जिसमें छह वाइड बाल और एक नो बाल रहीं। इस तरह न्यूजीलैंड यह मैच 5.2 ओवर में ही जीत सका। डेविड कान्वे 22 रन बना कर नाबाद लौटे। गौरतलब है कि अफगानिस्तान की पीएनजी पर जीत के साथ न्यूजीलैंड की नॉकआउट चरण में पहुंचने की संभावनाएं समाप्त हो गई हैं।

यह मेरा आखिरी टी-20 विश्व कप : बोल्ट

तारोबा (त्रिनिदाद)। न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनका आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट होगा। बोल्ट 2011 में पदार्पण करने के बाद से न्यूजीलैंड टीम के अहम सदस्य रहे है। उन्हें टी20 विश्व कप, एकदिवसीय विश्व कप और टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने का अनुभव है। उन्होंने ने 2014 से चार टी20 विश्व कप में भाग लिया है। बोल्ट ने युगांडा पर न्यूजीलैंड की नौ विकेट की जीत के बाद कहा मैं अपनी बात करूं तो यह मेरा आखिरी टी-20 विश्व कप होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

भारत आएगा अमेरिकी कांग्रेस का शिष्टमंडल

वाशिंगटन, एजेंसी

- द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात होगी

विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल के नेतृत्व में एक द्विदलीय अमेरिकी कांग्रेस शिष्टमंडल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात करने के लिए भारत का दौरा करेगा। भारत में, शिष्टमंडल 14वें दलाई लामा, भारतीय सरकारी अधिकारियों और देश में अमेरिकी व्यवसायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा।

मैककॉल ने कहा, 'भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। उन्होंने कहा, मैं सरकारी अधिकारियों और अमेरिकी व्यापार समुदाय के साथ बैठक करने के लिए उत्सुक हूं ताकि यह जान सकूं कि हम भारत के साथ अपने संबंधों को कैसे मजबूत बना सकते हैं। मैककॉल ने कहा, मैं दलाई लामा से मिलने का अवसर पाकर सम्मानित महसूस हो रहा है। तिब्बती लोग लोकतंत्र-प्रेमी लोग हैं जो अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करना चाहते हैं। इस यात्रा से अमेरिकी कांग्रेस में तिब्बत के भविष्य के बारे में अपनी राय रखने के लिए मदद मिलेगी। अमेरिकी बयान में यात्रा की तारीखों का उल्लेख नहीं किया गया है।

आस्था

शनिवार को सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का के पास वार्षिक हज यात्रा के दौरान अराफात के मैदान पर दया के पहाड़ के रूप में जानी जाने वाली चट्टानी पहाड़ी की चोटी पर इकट्ठा होते मुस्लिम तीर्थयात्री। ● एजेंसी

रामफोसा द. अफ्रीका के राष्ट्रपति निर्वाचित

केपटाउन, एजेंसी

- रामफोसा को 283 वोट मिले जबकि प्रतिद्वंदी को महज 44 वोट

दक्षिण अफ्रीका की सत्तारुढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने अगले पांच साल के लिए शुक्रवार को दोबारा राष्ट्रपति चुन लिया है। मुख्य न्यायाधीश रेमंड जोडो ने नेशनल असेंबली की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव में रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को महज 44 वोट मिले। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले शुक्रवार को एएनसी और मुख्य विपक्षी दल डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए), राष्ट्रीय एकता की सरकार बनाने के लिए एक समझौते पर पहुंचे और समझौते के हिस्से के रूप में रामफोसा को डीए के समर्थन से फिर से चुने जाने की उम्मीद थी। गत 29 मई को हुए आम चुनावों में एएनसी ने नेशनल असेंबली की 400 सीटों में से 159 सीटें हासिल कीं। पिछले 30 साल में पहली बार संसद के निचले सदन में उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला है।

जयशंकर अगले सप्ताह श्रीलंका का कर सकते हैं दौरा

कोलंबो। विदेश मंत्री एस जयशंकर 20 जून को श्रीलंका की यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि श्रीलंका जयशंकर की यात्रा को लेकर उत्सुक है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी आगामी दिनों में द्वीपीय राष्ट्र का दौरा करने की उम्मीद है। साबरी ने कहा कि ये यात्राएं राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की पिछले सप्ताह नयी दिल्ली यात्रा का परिणाम हैं, जहां वह मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने गए थे। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

एक नजर

संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करेंगे रूस, मिस्र

मॉस्को। रूस के प्रशांत बेड़े के दो युद्धपोत मिस्र की नौसेना के साथ भूमध्य सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में भाग लेंगे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह घोषणा की। मंत्रालय के मुताबिक मिसाइल क्रूजर वैराग और फ्रिगेट मार्शल शापोशनिकोव सहित प्रशांत बेड़े के लड़ाकू जहाजों का एक समूह मिस्र की नौसेना के साथ संयुक्त अभ्यास में शामिल होने के लिए मिस्र के बंदरगाह अलेक्जेंड्रिया के लिए रवाना हो गया है।

पाकिस्तानी संयुक्त राष्ट्र मिशन पर साइबर हमला

इस्लामाबाद/संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी मिशन पर साइबर हमला किया गया, जिसमें उसके आधिकारिक ईमेल अकाउंट और यूट्यूब चैनल में सेंध लगाई गई। एक खबर में शनिवार को यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार यह साइबर हमला शुक्रवार को अमेरिकी समयानुसार शाम चार बजे हुआ। इस साइबर हमले का लक्ष्य स्थायी मिशन की सूचना शाखा द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली ईमेल आईडी थी।

पेलेग्रिनी बने स्लोवाकिया के राष्ट्रपति

ब्रातिस्लावा। पीटर पेलेग्रिनी ने शनिवार को स्लोवाकिया के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। यह शपथ ग्रहण समारोह कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित हुआ क्योंकि एक महीने पहले उनके करीबी सहयोगी एवं प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर जानलेवा हमला किया गया था। पेलेग्रिनी ने संसद के विशेष सत्र में अपने भाषण में राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया। वर्ष 1993 में चेकोस्लोवाकिया के विघटन के बाद स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से वह छठे राष्ट्रपति बन गए।

दक्षिणी गाजा में आठ इजराइली सैनिक मारे गए

यरूशलम। इजराइली सेना ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी गाजा में पिछले कई महीनों में किये गये अब तक के सबसे घातक हमले में उसके आठ सैनिकों की मौत हो गई। सेना ने बताया कि ये सैनिक विस्फोट में मारे गये। सेना ने हमले में मारे गए केवल एक सैनिक की पहचान की है। इन मौतों से संभवत: संघर्ष विराम की मांग को बढ़ावा मिलेगा और इजराइली जनता की नाराजगी बढ़ेगी। जनवरी में गाजा के फलस्तीनी आतंकवादियों के हमले में 21 इजरायली सैनिकों की मौत हो गयी थी।

आर्थिक गलियारे को लेकर जताई प्रतिबद्धता

जी7 ने कानून के शासन के आधार पर स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई

बारी (इटली), एजेंसी

- आईएमईसी को बीआरआई के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा
- पिछले वर्ष दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था

जी7 शिखर सम्मेलन के अंत में सात औद्योगिक देशों के समूह ने भारत-पश्चिम-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) जैसे ठोस बुनियादी ढांचे के प्रस्तावों को आगे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई। यह विज्ञप्ति शुक्रवार शाम को लक्जरी रिसॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में प्रथा के तौर पर पारिवारिक फोटो के बाद जारी की गई। इसके साथ जी7 ने कानून के शासन के आधार पर स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेजबान इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

विज्ञप्ति में कहा गया, हम गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और निवेश की खातिर परिवर्तनकारी आर्थिक गलियारे विकसित करने के लिए जी7 पीजीआईआई (वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिए साझेदारी) के ठोस प्रस्ताव, प्रमुख परियोजनाओं और पूरक प्रस्तावों को बढ़ावा देंगे, जैसे कि लोबिटो कॉरिडोर, लुजोन कॉरिडोर, मिडिल कॉरिडोर और भारत-पश्चिम एथिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर के लिए हमारे समन्वय तथा वित्तपोषण कार्यक्रम को मजबूत करना, इसके साथ ही ईयू ग्लोबल गेटवे, ग्रेट ग्रीन वॉल पहल और अफ्रीका के लिए इटली द्वारा शुरू की गई मैटेई योजना को तैयार करना। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को समान विचारधारा वाले देशों द्वारा चीन की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा है। बीआरआई एक विशाल संपर्क परियोजना है जो चीन को दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, रूस और यूरोप से जोड़ती है। पिछले वर्ष दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था। शुक्रवार को मोदी के संबोधन वाले कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर विषय पर आयोजित 'आउटरीच सोशन' के बारे में विज्ञप्ति में कहा गया, साझा जिम्मेदारी की भावना से हम अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, भारत, जॉर्डन, केन्या, मॉरिटानिया, ट्यूनीशिया, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं की भागीदारी का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। इसमें कहा गया, हम अधिक निश्चितता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए अपने कृत्रिम मेधा प्रचालन से जुड़े दृष्टिकोणों के बीच तालमेल को बढ़ाने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे।

जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ साझा किया वीडियो

बारी (इटली), एजेंसी। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हाल में संपन्न जी7 शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपना एक सेल्फी वीडियो साझा किया है। मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी मित्रता को जाहिर करते हुए इस वीडियो का शीर्षक नमस्ते दोस्तों, मेलोडी की ओर से दिया है। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी की दक्षिणी इटली के अपुलिया की एक दिवसीय यात्रा के अंत में मुलाकात की थी। इस दौरान मोदी ने जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के वास्ते निमंत्रण देने के लिए मेलोनी को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिये कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी। पांच सेकंड का यह वीडियो मेलोनी ने शनिवार को अपने 'एक्स' अकाउन्ट पर साझा किया था। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री मेलोनी (47) ने वीडियो में कहा, मेलोडी टीम की ओर से नमस्कार। वीडियो में 73 वर्षीय मोदी हंसते हुए नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो को फिर से साझा करते हुए लिखा, भारत-इटली की मित्रता कायम रहे! इससे पहले शनिवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में दोनों नेताओं की एक सेल्फी वायरल हुई थी।

भारत के साथ मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध : कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो

बारी (इटली)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शनिवार को कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनकी मुलाकात के बाद कुछ बहुत महत्वपूर्ण मुद्दों से निपटने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता है। मोदी ने शुक्रवार को दोनों नेताओं के हाथ मिलाने की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की, जिसमें कहा गया है, जी 7 शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की। दक्षिणी इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई यह बैठक खालिस्तान समर्थक चरमपंथ को लेकर तनावपूर्ण राजनयिक संबंधों के बीच पहली बैठक है।

भारत और इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की

बारी (इटली), एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की और भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे सहित वैश्विक मंचों तथा बहुपक्षीय प्रस्तावों में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। मोदी की दक्षिणी इटली के अपुलिया की एक दिवसीय यात्रा के अंत में शुक्रवार को दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई। इस दौरान मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए इटली की प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। विदेश मंत्रालय ने बैठक के बारे में जारी विज्ञप्ति में कहा कि नेताओं ने खुले एवं मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई तथा भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे पर भी चर्चा की। क्षेत्र में चीन की आक्रामक गतिविधियों के बीच विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों नेता मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को पूरा करने की खातिर तैयार रूपरेखा के तहत क्रियान्वित की जाने वाली संयुक्त गतिविधियों के लिए तत्पर हैं। इसने कहा कि उन्होंने महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

मोदी और किशिदा बुनियादी ढांचे एवं सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाने पर सहमत

बारी (इटली)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा से मुलाकात की और कहा कि शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत तथा जापान के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। मोदी और किशिदा दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंध आगे बढ़ाने पर भी सहमत हुए। प्रधानमंत्री मोदी तीन दिवसीय जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन 'आउटरीच सेशन' को संबोधित करने के लिए दक्षिणी इटली के अपुलिया के एक दिवसीय दौरे पर थे। उन्होंने 'कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर' पर अपने संबोधन के बाद किशिदा से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने किशिदा के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर कहा, शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए भारत तथा जापान के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। मोदी का यह बयान क्षेत्र में चीन के आक्रामक व्यवहार तथा वर्चस्व बढ़ाने की कोशिशों के बीच आया है। उन्होंने कहा, हमारे देश रक्षा, प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

जमानत मामले में समिति ने खामियां, कदाचार पाया

पुणे, एजेंसी

पुणे कार हादसा

- पांच सदस्यीय समिति ने महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त को अपनी रिपोर्ट सौंपी

पुणे पोर्श दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी को जमानत दिए जाने के संबंध में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के दो सदस्यों के आचरण की जांच के लिए गठित एक समिति ने प्रक्रियात्मक खामियां, कदाचार और मानदंडों का उल्लंघन पाया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पहचान जाहिर नहीं करने की शर्त पर अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, पांच सदस्यीय समिति ने शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त को अपनी रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट मिलने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने विभाग द्वारा नियुक्त किशोर न्याय बोर्ड के दो सदस्यों को नोटिस जारी किया है। अधिकारी ने कहा, रिपोर्ट में 19 मई को जेजेबी के एक सदस्य द्वारा जमानत आदेश जारी करने में गंभीर खामियां और गलतियां पाई गई हैं। जमानत देने का आदेश एक सदस्य द्वारा जारी किया गया था, लेकिन दूसरे सदस्य ने अगले दिन सहमति दे दी थी। दोनों सदस्यों की ओर से कदाचार और मानदंडों का उल्लंघन पाया गया है और उन्हें इसके बारे में अवगत करा दिया गया है।

पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री समेत भारतीय मूल के कई लोग समाजसेवा के लिए सम्मानित

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री गॉर्डन ब्राउन और कई भारतीय मूल के लोगों को उनकी उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान द ऑर्डर ऑफ द कम्पैनियंस ऑफ ऑनर की शुरुआत 1917 में किंग जॉर्ज पंचम ने कला, विज्ञान, चिकित्सा और सार्वजनिक सेवा में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए की थी।

इस साल शुक्रवार को 1,077 लोगों को उनकी सेवाओं के लिए यह सम्मान दिया गया, जिनमें 509 महिलाएं शामिल हैं। ब्राउन (73) को ब्रिटेन और विदेशों में समाज के प्रति उनके उत्कृष्ट कार्यों और धर्मार्थ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। वे 2007 से 2010 तक ब्रिटिश प्रधानमंत्री रहे थे। ब्राउन के अलावा पोस्ट ऑफिस कैम्पैनर एलन बेट्स और महिला कलाकार ट्रेसी एमिन भी सम्मान पाने वाले प्रसिद्ध चेहरों में शामिल हैं। बेट्स को पोस्ट ऑफिस होराइजन आईटी घोटाले को उजागर करने में उनके योगदान के लिए नाइट की उपाधि दी गई।

कैंसर का पता चलने के बाद पहली बार दिखीं केट मिडलटन

लंदन, एजेंसी। वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन शनिवार के आयोजित 'ट्रूपिंग द कलर' परेड समारोह में बकिंघम पैलेस की बालकनी पर शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ नजर आईं। यह समारोह राजा के आधिकारिक जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया जाता है। इस मौके पर लंदन में एक व्यापक सैन्य परेड आयोजित की जाती है। इस वर्ष की शुरुआत में कैंसर से पीड़ित होने के बारे में पता चलने के बाद केट पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आई हैं।

इमारतों में अवैध निर्माण पर कार्रवाई शुरू की

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

- मंगफ अग्निकांड में 46 भारतीयों सहित 50 लोगों की हुई थी मौत

कुवैत में अधिकारियों ने सात मंजिला एक इमारत में भीषण आग लगने की घटना के मद्देनजर इमारतों में अवैध निर्माण कार्य पर कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को एक अखबार में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। इस अग्निकांड में 46 भारतीयों सहित 50 लोगों की मौत हो गई।

कुवैत के अहमदी गवर्नरेट के दक्षिणी शहर मंगफ में बुधवार तड़के आग लगने पर उसमें रहने वाले ज्यादातर लोगों की मौत धुएं के कारण हुईं। घटना के वक्त इमारत में रहने वाले लोग सो रहे थे। इमारत में 196 प्रवासी श्रमिक रहते थे, जिनमें अधिकतर भारतीय थे। इस घटना के बाद मकान मालिकों और रियल एस्टेट कंपनी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी है, जो लागत कम करने के लिए कानून का उल्लंघन करते हुए बड़ी संख्या में विदेशी मजदूरों को अत्यंत असुरक्षित परिस्थितियों में रखते हैं। 'अरब टाइम्स' अखबार की खबर के अनुसार, कुवैत नगरपालिका ने इमारतों में अवैध निर्माण कार्य पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दुखद घटना ने इमारतों के अनधिकृत विस्तार के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे पर प्रकाश डाला है, तथा अधिकारियों को भविष्य में ऐसी आपदाओं को रोकने के लिए निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया है।

बॉलीवुड हलचल

एक्शन तेलुगु फिल्म कन्नप्पा का टीजर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। विष्णु मंचू, अक्षय कुमार, प्रभास, मोहनलाल जैसे सितारों से सजी तेलुगु फिल्म कन्नप्पा का टीजर रिलीज हो गया है। तेलुगु फिल्म कन्नप्पा में विष्णु मंचू की मुख्य भूमिका है। फिल्म में विष्णु मंचू के अलावा अक्षय कुमार मलयालम फिल्मों की सुपरस्टार मोहनलाल, तेलुगु फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास, प्रीति मुकुंदन, शरतकुमार, काजल अग्रवाल आदि भी नज़र आएंगे। मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बनी कन्नप्पा का टीजर रोमांच से भरपूर है। टीजर में दिखाया गया है कि कन्नप्पा इतना सक्षम है कि वह किसी की मदद के बगैर ताकतवर लोगों को मार सकता है। टीजर में एक-एक कर मोहन बाबू, सरतकुमार, काजल अग्रवाल, मोहनलाल, अक्षय कुमार और प्रभास की झलक भी दिखाई गई है। अक्षय कुमार ओएमजी के बाद एक बार फिर इस फिल्म में भगवान शिव के रोल में नज़र आएंगे, जबकि विष्णु मंचू भगवान शिव के भक्त कन्नप्पा की भूमिका में दिखाई देंगे। इस फिल्म को तेलुगु के साथ-साथ तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। टीजर भी पांचों भाषाओं में आया है। फिल्म कन्नप्पा की कहानी भगवान शिव के भक्त रहे कन्नप्पा की जिंदगी पर आधारित है।

सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 की बॉक्स ऑफिस पर होगी टक्कर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन और कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 दीवाली के अवसर पर बॉक्स ऑफिस पर टकरायेंगी। रोहित शेट्टी ने अपनी आने वाली फिल्म सिंघम अगेन की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है।अजय देवगन, दीपिका पादुकोण और करीना कपूर की मुख्य भूमिका वाली सिंघम अगेन पहले इस वर्ष 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब यह फिल्म दीवाली पर रिलीज होगी। कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 भी दीवाली के अवसर पर रिलीज हो रही है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित और विद्या बालन की मुख्य भूमिका होगी। बॉक्स ऑफिस पर सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 के होने वाले क्लैश पर निर्देशक अनीस बज्मी ने रिएक्ट किया है। अनीस बज्मी ने कहा कि फिल्मों के बीच टकराव कभी भी अच्छा नहीं होता।

प्रियंका और माही का गाना मुझपे हंसने वाले रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का सैड सांग मुझपे हंसने वाले रिलीज हो गया है। गाना मुझपे हंसने वाले को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत मुझपे हंसने वाले के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को प्रियंका सिंह और भानु प्रताप सिंह ने गाया है। वहीं इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव नजर आ रही हैं। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार विनीत सिंह हैं। वीडियो डायरेक्टर वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, कास्ट्यूम डिजाइनर बादशाह खान हैं। म्यूजिक प्रोडक्शन, डबिंग मिक्सिंग मास्टरिंग फोनिक स्टूडियो में किया गया है। कीबोर्ड एंड मेलोडी संतोष राय का है।

संबोधन वायु सेना प्रमुख ने पासिंग आउट कैडेटों को याद दिलाया कि आधुनिक युद्ध गतिशील है

बीते कल की मानसिकता से नहीं जीत सकते लड़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी ने शनिवार को कहा कि आने वाले कल के युद्धों को बीते कल की मानसिकता से नहीं लड़ा जा सकता इसलिए वायु सेना के कैडेट अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों में कौशल सीखने पर बल देना होगा।

एयर चीफ मार्शल ने हैदराबाद के डुंडीगल में वायु सेना अकादमी में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले कैडेट अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2024 को अपस्किलिंग के माध्यम से बदलाव का वर्ष घोषित किया गया है और नए कमीशन अधिकारियों को मल्टी-डोमेन लीडर बनने के लिए विभिन्न कौशल सीखने चाहिए। आधुनिक युद्धों के बारे में वायु सेना प्रमुख ने पासिंग आउट कैडेटों को याद दिलाया कि आधुनिक युद्ध गतिशील है और लगातार विकसित हो रहा है, यह जटिल डेटा नेटवर्क और उन्नत साइबर प्रौद्योगिकी से प्रभावित है। भारतीय वायुसेना के वायु सेनाकर्मी पहले, मिशन हमेशा के ध्येय वाक्स पर बोलते हुए उन्होंने नव नियुक्त अधिकारियों से पेशेवर क्षमता, शारीरिक और नैतिक साहस, चरित्र और सहानुभूति के माध्यम से अपने अधीनस्थों का सम्मान अर्जित करने का आग्रह किया।

235 फ्लाइट कैडेटों को कमीशन प्रदान किया : दीक्षांत समारोह में वायु सेना की उड़ान और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 235 फ्लाइट कैडेटों को कमीशन प्रदान किया गया। इनमें 22 महिला अधिकारी भी शामिल हैं जिन्हें वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में कमीशन मिला। समारोह में वायुसेना और सहयोगी सेवाओं के कई गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ कैडेट अधिकारियों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर नौसेना तथा भारतीय तटरक्षक बल के नौ- नौ अधिकारियों और मित्र देशों के एक अधिकारी को भी उड़ान प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर विंग्स से सम्मानित किया गया।

ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के लिए चार साल पहले राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हुए 25 कैडेटों को भी कमीशन दिया गया। इनमें से पांच अधिकारियों को वायु सेना की प्रशासन शाखा में, तीन को लॉजिस्टिक्स शाखा में और 17 को तकनीकी शाखा में कमीशन दिया गया है। समारोह में एक प्रभावशाली मार्च पास्ट हुआ। परेड के दौरान चार प्रशिक्षक विमानों द्वारा अच्छी तरह से समन्वित और शानदार फ्लाई-पास्ट किया गया, जिसमें पिलाटस पीसी-7 एमके-एलआई, हॉक, किरण और चेतक हेलीकॉप्टर शामिल थे।

फ्लाइंग ऑफिसर हैप्पी सिंह प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

परेड के समीक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट अधिकारियों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए। उड़ान शाखा के फ्लाइंग ऑफिसर हैप्पी सिंह को पायलट पाठ्यक्रम में योग्यता के समग्र क्रम में प्रथम स्थान पाने के लिए राष्ट्रपति का प्रशस्ति पत्र और वायु सेना प्रमुख की स्वोर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। फ्लाइंग ऑफिसर तौफीक रज़ा को ग्राउंड ड्यूटी ऑफिसर्स कोर्स में योग्यता के समग्र क्रम में प्रथम रहने के लिए राष्ट्रपति के प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।